राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित



11 ▶ महारानी सीजन 4 के लिए तैयारी शुरू...

# दैनिक बुलन्द संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त



दिल्ली मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का जनता... ◀ 12

गाजियाबाद, गुरुवार 06 अगस्त 2026 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 13 अंकः 150, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12

# जम्मू-श्रीनगर हाईवे बंद, अमरनाथ यात्रा रोकी

**श्रीनगर (आरएनएस)।** अनुच्छेद 370 हटाए जाने की सातवीं बरसी के मद्देनजर जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। एहतियात के तौर पर बुधवार को जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से अमरनाथ यात्रा एक दिन के लिए रोक दी गई। हालांकि प्रशासन ने यात्रा स्थगित करने की कोई आधिकारिक वजह नहीं बताई है, लेकिन सरकारी सूत्रों के अनुसार मौजूदा सुरक्षा हालात को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। अधिकारियों के मुताबिक, बुधवार सुबह जम्मू आधार शिविर से किसी भी नए श्रद्धालु जत्थे को पहलगाम (अनंतनाग) और बालटाल (गांदरबल) आधार शिविरों के लिए रवाना होने की अनुमति नहीं दी गई। इसके साथ ही जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सुरक्षा बलों के काफिलों की आवाजाही भी अस्थायी रूप से रोक दी गई। अधिकारियों का कहना है कि ऐसा कदम आमतौर पर तब उठाया जाता है, जब सुरक्षा एजेंसियां इस महत्वपूर्ण मार्ग पर आवाजाही सीमित रखना चाहती हैं। जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग कश्मीर को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने वाला प्रमुख सर्वकालिक मार्ग है।

**● आर्टिकल 370 हटने की बरसी पर कश्मीर में सुरक्षा चाक-चौबंद**

अनुच्छेद 370 हटाए जाने की सातवीं वर्षगांठ से पहले जम्मू-कश्मीर में राजनीतिक हलचल भी तेज हो गई है। पीडीपी, जम्मू एंड कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस ने 5 अगस्त को अलग-अलग विरोध कार्यक्रम आयोजित करने की घोषणा की है।

प्रशासन ने पूरे केंद्र शासित प्रदेश में कई स्तर की सुरक्षा व्यवस्था लागू कर दी है। सीमावर्ती इलाकों में भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सीआरपीएफ ने रामबन में जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर विशेष जांच अभियान चलाया, जबकि कुलगाम पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों की तलाशी और पहचान-पत्रों की जांच तेज कर दी है।




सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार, 5 अगस्त के मद्देनजर आतंकी संगठन अपनी मौजूदगी दर्ज कराने के लिए किसी वारदात को अंजाम देने की कोशिश कर सकते हैं। इसी आशंका को देखते हुए पूरे प्रदेश में सतर्कता बढ़ा दी गई है।

महबूबा मुफ्ती ने मंगलवार शाम श्रीनगर में समर्थकों के साथ मोमबत्ती मार्च निकाला और पार्टी कार्यकर्ताओं से जिला मुख्यालयों पर आयोजित विरोध कार्यक्रमों को सफल बनाने की अपील की।

गौरतलब है कि 5 अगस्त 2019 को प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 के अधिकांश प्रावधान समाप्त कर राज्य का विशेष दर्जा खत्म कर दिया था।

इसके साथ ही तत्कालीन राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों–जम्मू-कश्मीर और लद्दाख–में पुनर्गठित किया गया था।

उसी दिन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में अनुच्छेद 370 को समाप्त करने का प्रस्ताव पेश किया था। उस दौरान उन्होंने नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी और कांग्रेस सहित विपक्षी दलों पर जम्मू-कश्मीर को तीन परिवारों की राजनीति"के जरिए नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया था।

## ▶▶ न्यूज डायरी

### अयोध्या के राम दरबार में खत्म हुआ वीआईपी पास सिस्टम कतार से ही होंगे दर्शन

**अयोध्या (आरएनएस)।** राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए राम मंदिर में राम दरबार दर्शन की व्यवस्था में बड़ा बदलाव किया है। अब राम दरबार के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं को अलग से विशेष पास बनवाने की आवश्यकता नहीं होगी। नई व्यवस्था



के तहत श्रद्धालु पहले सामान्य दर्शन कतार से रामलला के दर्शन करेंगे। इसके बाद वे सीधे मंदिर की प्रथम मंजिल पर स्थित राम दरबार के दर्शन भी कर सकेंगे। इसके लिए किसी अतिरिक्त अनुमति या विशेष पास की जरूरत नहीं होगी। अब तक राम दरबार के दर्शन सीमित संख्या में जारी किए जाने वाले विशेष पास के माध्यम से कराए जाते थे। इस व्यवस्था के कारण सभी श्रद्धालुओं को दर्शन का अवसर नहीं मिल पाता था। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने विशेष पास व्यवस्था को पूरी तरह समाप्त कर दिया है। ट्रस्ट का कहना है कि नई व्यवस्था का उद्देश्य दर्शन प्रक्रिया को अधिक सरल, सुगम और सुविधाजनक बनाना है, ताकि अधिक से अधिक श्रद्धालु बिना किसी अतिरिक्त औपचारिकता के रामलला और राम दरबार के दर्शन का लाभ उठा सकें।

### विपक्षी सांसदों ने संसद में गांधी की प्रतिमा से मकर द्वार तक निकाला मार्च, गृह मंत्री से सदन में जवाब देने की मांग

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** संसद के मानसून सत्र के दौरान बुधवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे और विपक्ष के अन्य सांसदों ने 20 जुलाई को प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई, अयोध्या राम मंदिर चढ़ावे में हेराफेरी और अन्य मुद्दों को लेकर प्रेरणा स्थल पर महात्मा गांधी की प्रतिमा से मकर द्वार तक मार्च किया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने पत्रकारों से कहा कि लोकतंत्र में सार्वजनिक पद पर बैठे लोगों की जनता के प्रति जवाबदेही होती है। उन्होंने कहा कि यदि बच्चों पर गोलियां चलाई गईं, पैलेट गन का इस्तेमाल हुआ, आंसू गैस छोड़ी गई या लाठीचार्ज किया गया है, तो इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों और निर्णय लेने वालों को जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र है, किसी का शाही दरबार नहीं, इसलिए सरकार को इन घटनाओं




पर अपनी जिम्मेदारी स्वीकार करनी चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सरकार पर विपक्ष की आवाज को दबाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि संसद चर्चा का मंच है और किसी भी मुद्दे का समाधान संवाद से ही निकल सकता है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार चर्चा से बचती है तो यह संसद और लोकतांत्रिक परंपराओं का अपमान है। खड़गे ने संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू पर भी निशाना साधते हुए कहा कि सरकार विपक्ष द्वारा उठाए गए सवालों का जवाब देने के बजाय उन्हें राम विरोधी और राष्ट्र विरोधी बताने की कोशिश कर रही है।

राम मंदिर निर्माण के लिए जुटाए गए चढ़ावे संबंधी विवाद को लेकर खड़गे ने कहा कि विपक्ष भगवान राम का विरोध नहीं कर रहा बल्कि यह जानना चाहता है कि श्रद्धालुओं द्वारा दिए गए चंदे, सोने-चांदी और अन्य चढ़ावे का उपयोग किस प्रकार किया गया। उन्होंने ट्रस्ट से जुड़ी कथित भूमि अनियमितताओं का भी उल्लेख करते हुए कहा कि यदि विपक्ष भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच की मांग करता है तो उसे राष्ट्र-विरोधी करार देना उचित नहीं है। उन्होंने सरकार पर स्वतंत्र विचारों को दबाने और राजनीतिक विरोध को राष्ट्रवाद से जोड़ने का आरोप लगाया। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि विरोध मार्च की शुरूआत महात्मा गांधी की प्रतिमा से इसलिए की गई ताकि सरकार गांधी के विचारों से प्रेरणा लेकर लोकतांत्रिक मूल्यों का सम्मान करे। उन्होंने आरोप लगाया कि हाल की घटनाओं में प्रदर्शनकारियों पर अत्यधिक बल प्रयोग किया गया।

# पीएम मोदी की 37 नए सांसदों से नाश्ते पर मुलाकात, बोले- मिलकर करें काम, सदन की कार्यवाही में बढ़-चढ़कर लें हिस्सा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को अपने आवास पर भारतीय जनता पार्टी के नए 37 सांसदों के लिए नाश्ते पर एक बैठक आयोजित की। सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री ने सभी सांसदों को सदन में मौजूदगी

**तृणमूल से अलग हुए गुट यानी हाल ही में बनी नेशनलिस्ट सिटिजन्स पार्टी ऑफ इंडिया (एनसीपीआई) के सांसद भी गठबंधन की इस बैठक में शामिल हुए।**

बढ़ाने और सदन के कामकाज में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की सलाह दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को मुलाकात करने वाले सांसदों में नितिन नवीन, सुष्मिता देव, राजेंद्र गुप्ता, राहुल सिंह, स्वाति मालीवाल, राघव चड्ढा, अशोक मित्तल,



संदीप पाठक, विक्रमजीत सिंह साहनी और अन्य शामिल थे। प्रधानमंत्री मोदी ने सभी सांसदों से कहा कि वे सदन में ज्यादा वक्त गुजारें। सभी से सीखें चाहे वह पक्ष के सदस्य हों या विपक्ष के सदस्य हों। पीएम मोदी ने सलाह दी कि सभी सांसद मिल-जुलकर कम करें। इससे पहले, मंगलवार को भाजपा नीत एनडीए की संसदीय दल की बैठक हुई। संसद लाइब्रेरी बिल्डिंग के जीएमसी बालयोगी ऑडिटोरियम में हुई बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी हिस्सा लिया। इसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद रहे। भाजपा सांसद हेमंग जोशी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा, एनडीए संसदीय दल की मंगल मिलन बैठक कई नई बातों की जानकारी देने वाली रही।

वहीं, राज्यसभा सांसद माया नरोलिया ने पोस्ट किया, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद भवन में आयोजित एनडीए नेताओं के साथ मंगल मिलन कार्यक्रम में सहभागिता की। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में एनडीए राष्ट्रहित, सुशासन और जनसेवा के प्रति पूरी प्रतिबद्धता के साथ निरंतर कार्य कर रहा है। गठबंधन की पूरी एकजुटता दिखाने के मकसद से संसद सत्र के दौरान ये बैठकें पारंपरिक रूप से आयोजित की जाती हैं। पिछली बैठक 28 जुलाई को हुई थी। तृणमूल से अलग हुए गुट यानी हाल ही में बनी नेशनलिस्ट सिटिजन्स पार्टी ऑफ इंडिया (एनसीपीआई) के सांसद भी गठबंधन की इस बैठक में शामिल हुए।

# सोनम वांगचुक की अपील पर देवेंद्र महतो ने खत्म की भूख हड़ताल, लाइव बातचीत में मिला रांची आने का भरोसा

**रांची (आरएनएस)।** झारखंड की राजधानी रांची में जेपीएससी और जेएसएससी परीक्षाओं में हुई धांधली को लेकर चल रहा युवाओं का संग्राम अब एक बेहद दिलचस्प मोड़ पर पहुंच गया है। जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में न्याय की मांग को लेकर भूख हड़ताल पर बैठे जेएलकेएम नेता देवेंद्र नाथ महतो की जिद के बीच आखिरकार देश के जाने-माने शिक्षाविद् और सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को दखल देना पड़ा। वांगचुक के एक खास फोन कॉल ने रांची के इस पूरे आंदोलन की दिशा तय कर दी है, जिसके बाद अनशनकारी देवेंद्र ने एक अहम फैसला लिया है।

**सोनम वांगचुक ने फोन पर दी गांधी जी की मिसाल**

जेएलकेएम के केंद्रीय उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ महतो पिछले कई दिनों से अन्न-जल त्यागकर भूख हड़ताल पर बैठे थे। उनकी अटल जिद थी कि जब तक सोनम वांगचुक खुद रांची आकर उनसे मुलाकात नहीं करते, तब तक वह अपना अनशन नहीं तोड़ेंगे। आंदोलनकारी की बिगड़ती सेहत और गंभीरता को देखते हुए सोनम वांगचुक ने खुद देवेंद्र महतो से फोन पर सीधा संपर्क साधा। बातचीत के दौरान वांगचुक ने उन्हें राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का उदाहरण देते हुए समझाया कि अनशन का असली मकसद खुद को शारीरिक नुकसान पहुंचाना नहीं, बल्कि गहरी नींद में सोई हुई सत्ता और अंधी सरकार को जगाना होता है। उन्होंने महतो से अपनी सेहत का ध्यान रखने की अपील करते हुए तुरंत शहद और नींबू पानी लेने का आग्रह किया।

**रांची आने का मिला पक्का आश्वासन, तब जाकर पिया पानी**

फोन पर हुई इस लंबी बातचीत के दौरान देवेंद्र महतो ने सोनम वांगचुक के प्रति अपना गहरा सम्मान व्यक्त किया। उन्होंने अपनी यह दिली ख्वाहिश भी जाहिर की कि वह वांगचुक की मौजूदगी में ही अपना जल ग्रहण करना चाहते हैं। देवेंद्र के इस अटूट विश्वास को देखते हुए वांगचुक ने उन्हें पक्का आश्वासन दिया कि वे जल्द ही इस छात्र आंदोलन का खुला समर्थन करने के लिए खुद रांची पहुंचेंगे। वांगचुक ने बड़े ही प्यार से समझाया कि अगर शरीर में पानी और नमक की कमी हो गई, तो इस लंबी लड़ाई में टिक पाना असंभव हो जाएगा। उनके लगातार समझाने और रांची आने के वादे के बाद आखिरकार देवेंद्र महतो का दिल पसीज गया और उन्होंने पानी ग्रहण कर लिया।

**परीक्षाओं में गड़बड़ी के खिलाफ डटे हैं हजारों परीक्षार्थी**

आपको बता दें कि रांची के जयपाल सिंह मुंडा



**● प्रदेश भर के हजारों परीक्षार्थी अपने भविष्य को बचाने के लिए कड़ाके की धूप और बारिश के बीच लंबे समय से यहां डटे हुए हैं और सरकार से पारदर्शी जांच की गुहार लगा रहे हैं। अब इस ऐतिहासिक आंदोलन में सोनम वांगचुक का नैतिक समर्थन मिलने के बाद मैदान में डटे छात्रों का हौसला और भी ज्यादा बुलंद हो गया है**

स्टेडियम में यह पूरा धरना-प्रदर्शन जेपीएससी, जेएसएससी, सीजीएल समेत राज्य स्तरीय अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में हुई कथित बड़े पैमाने की धांधली और अनियमितताओं के विरोध में चल रहा है। प्रदेश भर के हजारों परीक्षार्थी अपने भविष्य को बचाने के लिए कड़ाके की धूप और बारिश के बीच लंबे समय से यहां डटे हुए हैं और सरकार से पारदर्शी जांच की गुहार लगा रहे हैं। अब इस ऐतिहासिक आंदोलन में सोनम वांगचुक का नैतिक समर्थन मिलने के बाद मैदान में डटे छात्रों का हौसला और भी ज्यादा बुलंद हो गया है।

# सिद्धिविनायक मंदिर दान घोटाले पर बड़ा एक्शन, 5 साल के चढ़ावे का होगा ऑडिट, 9 गिरफ्तार, 46 कर्मचारी निलंबित

**मुंबई (आरएनएस)।** मुंबई के प्रसिद्ध सिद्धिविनायक मंदिर में कथित दान घोटाले को लेकर महाराष्ट्र की सियासत गरमा गई है। महाराष्ट्र सरकार ने मामले की गंभीरता को देखते हुए मंदिर की दान पेटी में पिछले पांच वर्षों के दौरान जमा नकदी और चढ़ावे में मिले सोने-चांदी के आभूषणों का विशेष ऑडिट कराने का फैसला किया है।

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने पांच वर्षों के दान का ऑडिट कराने के निर्देश दिए हैं। माना जा रहा है कि इस जांच के बाद घोटाले में शामिल अधिकारियों और कर्मचारियों पर बड़ी कार्रवाई हो सकती है।

इस विवाद की शुरूआत तब हुई जब राज ठाकरे ने दावा किया कि सिद्धिविनायक मंदिर की दान पेटी से हर साल करीब 18 करोड़ रुपये की हेराफेरी की जा रही थी। उन्होंने कहा कि इस संबंध में उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को एक पत्र भी भेजा गया था, जिसमें मंदिर कर्मचारियों की संलिप्तता का उल्लेख था। राज ठाकरे के अनुसार, जिन कर्मचारियों पर चोरी का संदेह था, उनके पकड़े जाने के बाद मंदिर में मिलने वाले दान की औसत राशि में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग



की।वहीं सिद्धिविनायक मंदिर ट्रस्ट ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि उसने स्वयं मई महीने में कानून एवं न्याय विभाग को पत्र लिखकर पिछले पांच वर्षों के दान का विस्तृत ऑडिट कराने का अनुरोध किया था। ट्रस्ट अध्यक्ष सदा सरवणकर और ट्रस्टी राहुल लोंढे के अनुसार, दान राशि में गड़बड़ी की जानकारी मिलते ही भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के प्रमुख विश्वास नांगरे पाटिल से शिकायत की गई थी, जिसके बाद मंदिर में अतिरिक्त पुलिस सुरक्षा तैनात की गई।

मार्च में दान पेटी से नकदी गायब होने का मामला सामने आया था। सीसीटीवी फुटेज की जांच में कुछ कर्मचारी छोटी दान पेटियों से नकदी निकालते हुए दिखाई दिए। इसके बाद एसीबी की निगरानी में कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी राजन पेंडुलकर समेत 9 लोगों को गिरफ्तार किया गया।

अब तक इस मामले में 46 कर्मचारियों को निलंबित किया जा चुका है। ट्रस्ट ने पूरे मामले की सीआईडी जांच कराने की भी मांग की है।

मंदिर प्रशासन के अनुसार, दान चोरी के अलावा ऑनलाइन भुगतान लेकर वीआईपी दर्शन कराने, फूल विक्रेताओं और टैक्सी चालकों के माध्यम से अवैध दर्शन कराने वाले नेटवर्क पर भी कार्रवाई की गई है।

**बड़ा सुझाव** | मोटर वाहन अधिनियम के अनुसार, बिना वैध थर्ड-पार्टी इंश्योरेंस के वाहन चलाना या चलाने देना दंडनीय अपराध है

# बिना इंश्योरेंस गाड़ी को नहीं मिलेगा पेट्रोल! सुप्रीम कोर्ट का बड़ा सुझाव, थर्ड-पार्टी बीमा अवधि भी बढ़ाई

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** यदि आपकी गाड़ी का इंश्योरेंस नहीं है, तो आने वाले समय में पेट्रोल पंप पर ईंधन मिलना मुश्किल हो सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को बिना बीमा वाले वाहनों पर सख्ती की जरूरत बताते हुए सुझाव दिया कि जिन वाहनों का वैध बीमा नहीं है, उन्हें पेट्रोल-डीजल न दिया जाए। साथ ही ऐसे वाहनों की पहचान कर उनके मालिकों का ई-चालान भी किया जाए।

जस्टिस संजय करोल और जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने कहा कि देश की सड़कों पर चल रहे करीब 56 प्रतिशत वाहन, जिनमें अधिकांश दोपहिया हैं, बिना बीमा के हैं। यह स्थिति मोटर वाहन अधिनियम की धारा 146 के उद्देश्य को ही विफल कर देती है। इससे सड़क दुर्घटनाओं के पीड़ितों को मुआवजा पाने के लिए लंबी कानूनी प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है। देश में 30.4 करोड़ पंजीकृत वाहनों में से करीब 16.5 करोड़ वाहन बिना बीमा के हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, सड़क दुर्घटनाओं के 22 प्रतिशत मामलों में बिना बीमा वाले वाहन शामिल होते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इंश्योरेंस रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय मिलकर एक पायलट प्रोजेक्ट तैयार करें,



जिसके तहत वाहनों को ईंधन तभी मिले, जब उनका इंश्योरेंस वैध हो। यदि बीमा समाप्त हो चुका है तो संबंधित वाहन को पेट्रोल पंप पर ईंधन नहीं दिया जाए।

पीठ के अनुसार, इस व्यवस्था से बिना बीमा और बिना पंजीकरण वाले वाहनों की पहचान आसान होगी तथा वाहन मालिक समय पर बीमा कराने के लिए प्रेरित होंगे। अदालत ने यह भी कहा कि पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय को इस प्रस्ताव पर सिद्धांततः कोई आपत्ति नहीं है।

सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया कि हाईवे और प्रमुख सड़कों पर लगे कैमरों को वाहन पोर्टल और इंश्योरेंस इंफॉर्मेशन ब्यूरो के डाटा से जोड़ा जाए। इससे बिना बीमा वाले वाहनों की स्वतः पहचान कर ई-चालान जारी किया जा सकेगा। साथ ही राज्यों की ट्रैफिक पुलिस को हैंडहेल्ड डिवाइस या मोबाइल ऐप उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया गया है, ताकि मौके पर ही किसी वाहन के बीमा की स्थिति की जांच की जा सके।

मोटर वाहन अधिनियम के अनुसार, बिना वैध थर्ड-पार्टी इंश्योरेंस के वाहन चलाना या चलाने देना दंडनीय अपराध है। पहली बार अपराध करने पर तीन महीने तक की जेल या 2,000 रुपये तक का जुमार्ना, या दोनों हो सकते हैं।

दोबारा अपराध करने पर तीन महीने तक की जेल या 4,000 रुपये तक का जुमार्ना, या दोनों की सजा हो सकती है।

सुप्रीम कोर्ट ने 2018 के अपने आदेश में संशोधन करते हुए नई गाड़ियों के लिए अनिवार्य थर्ड-पार्टी इंश्योरेंस की अवधि बढ़ा दी है। नई कार खरीदने पर अब चार वर्ष का थर्ड-पार्टी इंश्योरेंस अनिवार्य होगा। नए दोपहिया वाहन के लिए छह वर्ष का थर्ड-पार्टी इंश्योरेंस लेना जरूरी होगा। अदालत ने कहा कि इस कदम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि अधिक से अधिक वाहन बीमा के दायरे में आएं और सड़क दुर्घटनाओं के पीड़ितों को समय पर उचित मुआवजा मिल सके।

# खुर्जा नगर पुलिस ने चोरी की ईको कार समेत वाहन चोर को किया गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**खुर्जा।** नगर पुलिस ने एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई एक ईको कार बरामद की है।

पुलिस के अनुसार, बुधवार को मुखबिर की सूचना पर थाना खुर्जा नगर पुलिस ने पहासू रोड स्थित झमका फ्लाईओवर के पास घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपी की पहचान सन्दीप पुत्र गजेन्द्र निवासी देवीधाम, थाना खुर्जा नगर के रूप में हुई है। गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से बिना



नंबर प्लेट की एक ईको कार बरामद हुई है, जो जनपद अलीगढ़ के रोरावर थाना क्षेत्र से चोरी की गई थी। इस संबंध में थाना रोरावर में पहले से मुकदमा दर्ज है।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना खुर्जा नगर में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, आरोपी शातिर किस्म का वाहन चोर है और उसका आपराधिक इतिहास भी सामने आया है।

इस कार्रवाई को प्रभारी निरीक्षक रामफल सिंह के नेतृत्व में उपनिरीक्षक तजेन्द्र पाल सिंह, कांस्टेबल अंकुर यादव, सुशांत कुमार और दिलीप यादव की टीम ने अंजाम दिया।

# पुलिस ने चार शातिर चोरों को दबोचा, सात लाख के आभूषण बरामद

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**सिकंद्राबाद।** थाना पुलिस ने मकानों में चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले चार शातिर चोरों को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब सात लाख रुपये कीमत के चोरी किए गए सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए हैं।




गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शाहे आलम उर्फ बब्लू, फैजान, इरशाद और अनस के रूप में हुई है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर मुकंदगढ़ी मार्ग से चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया। वहीं, गिरोह के तीन अन्य सदस्य अभी फरार हैं, जिनकी तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है। पुलिस के अनुसार बरामद सामान में मंगलसूत्र, सोने की चेन, टॉप्स, बालियां, कुंडल, पाजेब और बिछुए शामिल हैं। बरामद आभूषणों की अनुमानित कीमत करीब सात लाख रुपये बताई जा रही है। जांच के दौरान सामने आया कि आरोपियों ने सिकंद्राबाद क्षेत्र की राधाकुंज कॉलोनी, सिद्धार्थनगर खत्रीवाड़ा और शिवाजी नगर में हुई कई चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया था। इन सभी मामलों में पहले से मुकदमे दर्ज हैं और पुलिस लंबे समय से आरोपियों की तलाश कर रही थी।

पुलिस जांच में यह भी पता चला है कि गिरफ्तार आरोपियों का आपराधिक इतिहास रहा है। इनके खिलाफ बुलंदशहर और अलीगढ़ के विभिन्न थानों में कई मुकदमे दर्ज हैं। फिलहाल सिकंद्राबाद पुलिस ने चारों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है, जबकि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

# साइबर ठगी के शिकार अधिवक्ता के एक लाख रुपये बुलंदशहर पुलिस ने कराए वापस

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** थाना कोतवाली नगर पुलिस ने साइबर ठगी के शिकार हुए एक अधिवक्ता के एक लाख रुपये वापस कराकर बड़ी सफलता हासिल की है। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक अपराध नरेश कुमार के पर्यवेक्षण में की गई।

जानकारी के अनुसार, 29 जुलाई 2026 को प्रेमराज सिंह एडवोकेट निवासी बुलंदशहर ने थाना कोतवाली नगर में एक लाख रुपये की साइबर धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत मिलने के बाद थाना कोतवाली नगर की साइबर




हेल्प डेस्क ने अथक प्रयास करते हुए पूरी धनराशि पीड़ित के बैंक खाते में वापस करा दी। राशि वापस मिलने पर अधिवक्ता प्रेमराज सिंह ने बुलंदशहर पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए पुलिस टीम की सराहना की।

इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक सुजीत कुमार उपाध्याय, उपनिरीक्षक हर्षित गर्ग, कांस्टेबल राहुल साव और कांस्टेबल ऋषभ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ अपना खाता नंबर, पिन, ओटीपी और सीवीवी नंबर साझा न करें। यदि साइबर धोखाधड़ी होती है तो तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं।

# डीएम व एसएसपी ने बुलंदशहर-गुलावठी कांवड़ मार्ग का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गुलावठी।** सावन माह में कांवड़ यात्रा को सकुशल एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी कुमार हर्ष एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने बुधवार को बुलंदशहर से गुलावठी तक कांवड़ मार्ग का स्थलीय निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने मार्ग पर स्थापित कांवड़ शिविरों का निरीक्षण किया तथा हरिद्वार से गंगाजल लेकर अपने गंतव्य की ओर जा रहे कांवड़ियों से संवाद कर उनकी यात्रा, गंतव्य स्थल एवं मार्ग में उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। अधिकारियों ने कांवड़ियों का कुशलक्षेम भी जाना और उन्हें सुरक्षित



एवं सुगम यात्रा का भरोसा दिलाया।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं शिविर संचालकों को निर्देश दिए कि कांवड़ शिविरों पर साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। कांवड़ियों को शुद्ध पेयजल, गुणवत्तायुक्त भोजन, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, शौचालय तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कांवड़ मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखें, संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरती जाए तथा कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए निरंतर गश्त की जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या की सूचना मिलने पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

जिलाधिकारी एवं एसएसपी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि कांवड़ यात्रा की अवधि में सभी व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी की जाए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

# जुलाई माह में बुलन्दशहर पुलिस की बड़ी कामयाबी,146 गुम मोबाइल बरामद

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलन्दशहर।** जनपदीय पुलिस ने जुलाई माह में





बड़ी सफलता हासिल करते हुए गुम और खोए हुए 146 मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिया। बरामद मोबाइल फोनों की अनुमानित कीमत करीब 37 लाख रुपये बताई जा रही है।

भारत सरकार के सीईआईआर (सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर) पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के आधार पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन में जनपदभर में विशेष अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक अपराध नरेश कुमार के पर्यवेक्षण में संचालित इस अभियान के दौरान विभिन्न राज्यों और जनपदों से मोबाइल फोन बरामद किए गए।

मोबाइल वापस मिलने पर लोगों ने बुलन्दशहर पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए पुलिस के प्रयासों की सराहना की। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आधुनिक तकनीक और सीईआईआर पोर्टल की मदद से गुम और चोरी हुए मोबाइल फोनों की तलाश लगातार की जा रही है।

गौरतलब है कि वर्ष 2026 में अब तक बुलन्दशहर पुलिस सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से कुल 979 गुमशुदा और चोरी हुए मोबाइल फोन बरामद कर चुकी है। इन मोबाइल फोनों की कुल अनुमानित कीमत करीब 2 करोड़ 43 लाख रुपये बताई गई है।

पुलिस का कहना है कि आम नागरिकों की खोई हुई संपत्ति वापस दिलाने के लिए यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# महाविद्यालय में एचपीवी वैक्सीन व सर्वाइकल कैंसर जागरूकता पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर।** चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ के निदेर्शानुसार "आनंदी माँ-एक जीवन बचाओ एवं कैंसर मुक्त भारत" अभियान के अंतर्गत बुधवार को श्यामलाल सरस्वती महाविद्यालय, शिकारपुर में एचपीवी वैक्सीन एवं सर्वाइकल कैंसर जागरूकता विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की उपप्राचार्य एवं अभियान की नोडल अधिकारी डॉ. पूर्णिमा सिंह के निर्देशन में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में महिला स्वास्थ्य, सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम तथा एचपीवी वैक्सीन के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। प्रतियोगिता में बीसीए एवं





बायोटेक विभाग के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतिभागियों में खुशबू, क्षमा कुमारी, श्वेता शर्मा, मनीष सैनी, छवि चौधरी, भूमिका जैन, विजय कुमार, चेतना, राखी चौधरी, प्रतिभा एवं शिवानी सहित कई छात्र-छात्राओं ने अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ललित कुमार गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान अर्जित करना नहीं, बल्कि समाज के प्रति जागरूक एवं उत्तरदायी नागरिक तैयार करना भी है। उन्होंने कहा कि एचपीवी वैक्सीन और सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर स्वास्थ्य चुनौतियों पर इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने के साथ-साथ समाज में स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने का प्रभावी माध्यम हैं।

कार्यक्रम के समापन पर डॉ. पूर्णिमा सिंह ने सभी प्रतिभागियों एवं सहयोगी शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महाविद्यालय भविष्य में भी समाजोपयोगी एवं जनजागरूकता से जुड़े ऐसे कार्यक्रमों का नियमित आयोजन करता रहेगा।

# बुलंदशहर में महिला थाना स्थानांतरण की मांग तेज, लोगों ने उठाई आवाज

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** शहर के गुमशाम क्षेत्र में संचालित महिला थाने को किसी अन्य सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित करने की मांग अब जोर पकड़ने लगी है। स्थानीय लोगों







का कहना है कि वर्तमान स्थान पर महिला थाना होने से न केवल पीड़ित महिलाओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, बल्कि वहां तैनात पुलिसकर्मी भी खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

लोगों का आरोप है कि महिला थाने तक पहुंचने के लिए पीड़ित महिलाओं को कई तरह की समस्याओं से गुजरना पड़ता है। हल्की बारिश होने पर ही सड़कें जलमग्न हो जाती हैं, जिससे आने-जाने में भारी दिक्कत होती है और दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है।

स्थानीय नागरिकों के अनुसार, महिला थाने का सही पता और मार्ग स्पष्ट नहीं होने के कारण दूर-दराज से आने वाली कई पीड़ित महिलाएं भटक जाती हैं और कई बार बिना अपनी शिकायत दर्ज कराए ही वापस लौटने को मजबूर हो जाती हैं।


नागरिकों ने मांग की है कि महिला थाने को किसी ऐसे सुरक्षित और सुगम स्थान पर स्थानांतरित किया जाए, जहां पीड़ित महिलाओं को आसानी से न्याय मिल सके और महिला पुलिसकर्मियों को भी बेहतर कार्य वातावरण उपलब्ध हो।

# आहार थाना क्षेत्र के चांसी गांव में तेंदुए की दस्तक से दहशत, ग्रामीणों ने की सर्च अभियान की मांग

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** जनपद के आहार थाना क्षेत्र स्थित चांसी गांव में उस समय दहशत फैल गई, जब ग्रामीणों ने एक नलकूप की छत पर तेंदुआ दिखाई देने का दावा किया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पूरे इलाके में भय का माहौल बना हुआ है।

ग्रामीणों के अनुसार, गांव के बाहरी क्षेत्र में स्थित नलकूप की छत पर तेंदुआ दिखाई दिया, जिसके बाद आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। कांवड़ यात्रा को देखते हुए ग्रामीणों ने वन विभाग से तत्काल सर्च अभियान चलाने, तेंदुए को पकड़ने तथा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि तेंदुए की मौजूदगी से श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों की सुरक्षा को खतरा हो सकता है। फिलहाल वन विभाग और प्रशासन की ओर



से मामले की जांच की जा रही है। अधिकारियों ने लोगों से सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत प्रशासन को देने की अपील की है

# अहमदगढ़ थाना अध्यक्ष वरुण शर्मा ने सम्भाला कार्यभार अपराधियों और खनन माफिया को दी सख्त चेतावनी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर।** अहमदगढ़ थाने में नए थाना अध्यक्ष के रूप में वरुण शर्मा, ने पदभार ग्रहण कर लिया है कार्यभार सम्भालते ही उन्होंने क्षेत्र में कानून व्यवस्था कायम रखने और अपराध पर लगाम लगाने के लिए अपनी मंशा साफ कर



दी है पदभार ग्रहण करने के तुरन्त बाद थानाध्यक्ष वरुण शर्मा, ने थाने के समस्त अधीनस्थ दरोगाओं, सिपाहियों, और होमगार्डों, के साथ बैठक की बैठक में उन्होंने पुलिसकर्मियों को पूरी ईमानदारी और निष्पक्षता से ड्यूटी करने के निर्देश दिए उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि यदि थाने का कोई भी अधिकारी या कर्मचारी किसी भी तरह की अवैध या गलत गतिविधि में सम्लिप्त पाया गया तो उसके खिलाफ बिना किसी ढिलाई के कड़ी से कड़ी विभागीय कार्यवाही की जाएगी इसके अलावा क्षेत्र में चल रहे अवैध मिट्टी खनन पर कड़ा रुख अपनाते हुए थानाध्यक्ष ने स्पष्ट चेतावनी जारी की है उन्होंने कहा कि अवैध मिट्टी खनन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा खनन का कार्य करने वाले केवल शासन-प्रशासन से विधिवत अनुमति (परमिशन) लेकर ही काम करें नियम तोड़ने वाले खनन माफियाओं के खिलाफ पुलिस अभियान चला कर सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई करेगी थानाध्यक्ष ने आम जनता को आश्वस्त किया कि क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था बनाए रखना और नागरिकों की सुरक्षा उनकी पहली प्राथमिकता है।

**मुठभेड़** — जवाबी कार्रवाई में दोनों बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गए, जिन्हें गिरफ्तार कर अस्पताल में भर्ती कराया

# हत्या के आरोपियों से चोला पुलिस की मुठभेड़, जवाबी फायरिंग में दो बदमाश घायल गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** थाना चोला क्षेत्र में हुई हत्या के मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों के साथ बुधवार को पुलिस की मुठभेड़ हो गई। जवाबी कार्रवाई में दोनों बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गए, जिन्हें गिरफ्तार कर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो अवैध तमंचे, दो खोखा और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार, तीन अगस्त को थाना चोला क्षेत्र में एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में दर्ज मुकदमे की जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी अनिल सोलंकी और जितेश को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में दोनों







आरोपियों ने बताया कि घटना में इस्तेमाल किए गए तमंचों को फतेहपुर जादौन रेलवे पुल के नीचे छिपाकर रखा गया है।

बुधवार को थाना चोला की दो पुलिस टीमें दोनों आरोपियों को साथ लेकर हथियारों की बरामदगी के लिए मौके पर पहुंचीं। इसी दौरान दोनों आरोपियों ने पुलिस हिरासत से भागने का प्रयास किया और झाड़ियों में छिपाकर रखे तमंचों से पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी।

पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें दोनों आरोपी पैर में गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस ने मौके से दोनों को गिरफ्तार कर इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया।

गिरफ्तार आरोपी अनिल सोलंकी निवासी दाऊदपुर के खिलाफ पहले से चार आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं, जबकि जितेश निवासी दाऊदपुर के खिलाफ भी कई मामले दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। दोनों आरोपियों को उपचार के बाद न्यायालय में पेश किया जाएगा। इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक बलराम सिंह, उपनिरीक्षक शीशपाल सिंह, अरविंद जुरैल, राम सिंह समेत थाना चोला की पुलिस टीम शामिल रही

# युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप, परिवार ने एसएसपी से लगाई न्याय की गुहार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर ।** मोहल्ला फैसलाबाद निवासी एक महिला ने अपनी बेटी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से शिकायत की पीड़ित परिवार का कहना है कि उनकी बेटी को हरियाणा निवासी एक युवक अपने साथ ले गया है।

शिकायतकर्ता शमशाद बेगम के अनुसार, उनका परिवार मजदूरी कर जीवनयापन करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि हरियाणा के छाछरेड़ा निवासी राकेश पुत्र राजेश पिछले कुछ समय से उनके घर आता-जाता था परिवार का आरोप है कि 2 अगस्त 2026 की रात करीब 10 बजे राकेश उनकी पुत्री अलीशा को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। पीड़िता की मां ने बताया कि मामले की शिकायत 3 अगस्त को कोतवाली नगर पुलिस से की गई थी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है

शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि आरोपी पक्ष परिवार पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहा है।

परिजनों ने युवती की सुरक्षा को लेकर चिंता जताते हुए पुलिस प्रशासन से जल्द कार्रवाई और बेटी की बरामदगी की मांग की

पीड़ित परिवार ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

# रोटरी क्लब ऑफ स्मार्ट सिटी एवं अन्य सहयोगी क्लबों द्वारा "मातृत्व पोषण आहार"कार्यक्रम का सफल आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रो.3012 अमित गुप्ता एवं रो. स्वाति गुप्ता की प्रेरणा से गाजियाबाद के रोटरी क्लबों द्वारा मातृत्व पोषण आहार का वितरण समारोह आज संयुक्त जिला चिकित्सालय , संजय नगर, गाजियाबाद में आयोजित किया गया। रोटरी डिस्ट्रिक्ट द्वारा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य (मेटरनल & चाइल्ड हेल्थ) को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से एक विशेष सेवा अभियान के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं एवं छोटे बच्चों के लिए पोषण किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद स्मार्ट सिटी एवं अन्य सहयोगी क्लबों द्वारा किया गया।इस पहल का



मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों में कुपोषण की समस्या को कम करना, उन्हें आवश्यक पोषण उपलब्ध कराना तथा स्वस्थ एवं सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों को पौष्टिक खाद्य सामग्री से युक्त पोषण किट प्रदान की गई तथा संतुलित आहार, नियमित स्वास्थ्य जांच एवं स्वच्छता के महत्व के बारे में भी जागरूक किया गया।

# आगरा में आयोजित लिटिल रनवे स्टार्स रैंप वॉक की विजेता बनीं गाजियाबाद की स्मार्टी पंडित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद।** आगरा के फतेहाबाद रोड स्थित आईटीसी मुगल होटल में किस्से आगरा से संस्था द्वारा आयोजित लिटिल रनवे स्टार्स कार्यक्रम में गाजियाबाद की प्रतिभाशाली बाल प्रतिभागी स्मार्टी पंडित ने अपनी शानदार प्रस्तुति से सभी का ध्यान आकर्षित करते हुए रैंप वॉक एवं कैटवॉक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से आए 45 बच्चों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर अशोक ग्रुप की प्रमुख व जानी-मानी उद्योगपति डॉ रंजना बंसल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने विजेताओं को सम्मानित करते हुए बच्चों की प्रतिभा की सराहना की और ऐसे आयोजनों को बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम की संस्थापिका सुरुचि शर्मा तथा संस्था से जुड़े रोहन शर्मा ने कार्यक्रम की







सफलता में सहयोग देने वाले सभी अतिथियों, प्रतिभागियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता में जीत दर्ज करने के बाद स्मार्टी पंडित ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं शुभचिंतकों को दिया। वहीं उनके परिजनों ने इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें अपनी बेटी की इस सफलता पर गर्व है और वे उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। कार्यक्रम में निधि सिंह, स्पर्श बंसल, वैशाली भदौरिया, रिचा बंसल, रजनी मिश्रा, कौशल मिश्रा, अंजलि गोयल, शीना जैन, प्रतिभा भार्गव सहित सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# नि:शुल्क कावड़ सेवा, चिकित्सालय एवं विशाल भंडारा शिविर का शुभारंभ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी) ।** सावन माह के पवित्र अवसर पर श्रद्धालुओं की सेवा के लिए रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद स्मार्ट सिटी और राष्ट्रीय समाज एवं धर्मार्थ सेवा संस्थान के द्वारा संयुक्त रूप से निशुल्क कावड़ सेवा, चिकित्सालय एवं विशाल भंडारा शिविर का शुभारंभ आज 05 अगस्त 2026 को पिलर संख्या 705 ,706 एवं 707, खसरा नंबर १२७६, मनन धाम मंदिर के सामने, मोरटा, मेरठ रोड , गाजियाबाद में किया गया। यह सेवा शिविर 12 अगस्त 2026 तक प्रतिदिन संचालित रहेगा।इस शिविर की प्रमुख सेवाएं निशुल्क कावड़ सेवा, कावड़ियों के लिए पैर धोने, आराम, जूता



स्टैंड, पेयजल एवं प्राथमिक उपचार की व्यवस्था। निशुल्क चिकित्सालय 24x7 डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ, दवाएं आदि सेवा उपलब्ध हैं और विशाल भंडारे में प्रतिदिन सात्विक भोजन, फल, छाछ एवं शरबत का वितरण इत्यादि हैं ।

इस अवसर पर पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रो. डॉ0 सुभाष जैन ने कहा ने कहा, "सेवा ही हमारी पहचान है। कावड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए हमारा क्लब पिछले वर्षों से यह सेवा कर रहा है। जिसमें एक लाख से अधिक लोगों ने इस शिविर सेवा का लाभ लिया। इस वर्ष हमारा लक्ष्य एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं तक पहुंचना है।"क्लब अध्यक्ष रो. डॉ0 अरुणा सिंघल ने शिविर की सराहना करते हुए कहा कि "रोटरी का मूल मंत्र 'सेवा भाव' इस शिविर में साकार हो रहा है। मैं सभी रोटेरियन और स्वयंसेवकों के समर्पण को नमन करती हूं।"

# आर्य युवा संस्कार अभियान का शुभारंभ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वावधान में श्रावणी पर्व के उपलक्ष में युवा संस्कार कार्यक्रम आर्य समाज

**माता,पिता व गुरुओं का करें सम्मान: अनिल आर्य**

महावीर नगर,तिलक नगर में आयोजित किया गया।यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य माया राम शास्त्री ने यज्ञ संपन्न करवाया जिसमें 80 बच्चों ने यज्ञोपवीत धारण किया कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व पार्षद यशपाल आर्य ने की एवं संचालन दिनेश आर्य ने किया।

मुख्य अतिथि केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने



स्वास्थ्य जांच शिविर का भी उद्घाटन किया उन्होंने कहा कि बच्चों को अपने माता-पिता व गुरुओं का सम्मान करना चाहिए। साथ ही ईश्वर विश्वासी देश भक्त होना चाहिए।समाज के अंदर पाखंड अन्धविश्वास बढ़ रहा है जिसके लिए आर्य जनों को जनजागरण करने की आवश्यकता है। आज आर्य समाज की पहले से अधिक आवश्यकता हो गई है युवाओं के संस्कारित होने से ही राष्ट्र स्वतः उन्नत होगा। समाजसेवी अमित कोहली, रामकृष्ण, मोहनी देवी आर्या एवं नरेंद्र आर्य आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। मीडिया प्रभारी प्रवीण आर्य ने बताया कि युवा संस्कार अभियान 16 अगस्त को सम्पन्न होगा जिसके अंतर्गत 5000 युवाओं को यज्ञोपवीत धारण करवाये जाएंगे ।

# अगस्त क्रांति पर भ्रष्टाचार के खिलाफ 7 अगस्त से करेंगे आंदोलन की शुरूआत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा।** गौतम बुद्ध नगर के विभिन्न विभागों में बढ़ते हुए भ्रष्टाचार के खिलाफ करप्शन फ्री इंडिया संगठन ने ग्रेटर नोएडा प्रेस क्लब एव ग्रेटर नोएडा जर्नलिस्ट प्रेस क्लब में प्रेस वार्ता कर अगस्त महीने में अगस्त क्रांति के अवसर पर होने वाले गौतम बुद्ध नगर के विभिन्न विभागों में बढ़ते हुए भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन की जानकारी दी।

करप्शन फ्री इंडिया संगठन के संस्थापक चौधरी प्रवीण भारतीय व आलोक नागर ने बताया कि गौतम बुध नगर के भूजल विभाग खाद्य विभाग शिक्षा व चिकित्सा विभाग परिवहन विभाग तीनों प्राधिकरण एवं तीनों तहसीलों में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है जिस कारण फरियादी अपनी समस्या के समाधान के लिए कई महीनो तक चक्कर काटते रहते हैं उसके बावजूद भी उनकी समस्या का समाधान नहीं होता। चौधरी प्रवीण भारतीय ने




बताया कि वही इन सभी संबंधित विभागों के कर्मचारी समस्याओं के समाधान हेतु किसान,मजदूर एवं आम आदमी से सुविधा शुल्क के नाम पर पैसा लेकर भ्रष्टाचार एवं मानसिक प्रताड़ित किया जाता है। मास्टर दिनेश नागर ने बताया कि जिस तरह देश को आजाद कराने के लिए 8 अगस्त 1942 को महात्मा गांधी जी ने मुंबई से नारा दिया अंग्रेजों भारत छोड़ो उसी तर्ज पर आजादी के 80 वर्ष बाद करप्शन फ्री इंडिया संगठन ने 7 अगस्त 2026 से आंदोलन की शुरूआत करते हुए भ्रष्ट अधिकारी व कर्मचारियों को संबोधित करते हुए भ्रष्टाचारियों जिला मुख्यालय छोड़ो के नारे के साथ आंदोलन की शुरूआत करेंगे। इन सभी समस्याओं के समाधान हेतु करप्शन फ्री इंडिया संगठन 7 अगस्त 2026 से अगस्त क्रांति के रूप में प्रथम आंदोलन जिला मुख्यालय सूरजपुर के प्रांगण में किया जाएगा। इस दौरान- चौधरी प्रवीण भारतीय आलोक नागर डॉ शीतल प्रसाद (मुख्य संरक्षण) मास्टर दिनेश नागर बलराज हूंण मुकेश कसाना चौधरी प्रेमराज भाटी शिव कुमार कसाना ब्रह्मपाल सिंह कपसिया गौरव भाटी आदि लोग मौजूद रहे।

# दुग्धशाला विकास विभाग के स्वर्ण जयंती वर्ष पर किसानों को योजनाओं की दी जानकारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गौतमबुद्धनगर।** उत्तर प्रदेश दुग्धशाला विकास विभाग के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बुधवार को विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में दुग्धशाला विकास विभाग

**मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में चयनित लाभार्थियों को वितरित किए गए अनुमति एवं चयन पत्र**

एवं पशुपालन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में किसानों, पशुपालकों और स्वयं सहायता समूहों को विभागीय योजनाओं, आधुनिक डेयरी प्रबंधन, चारा प्रबंधन, पशु रोग नियंत्रण तथा टीकाकरण की जानकारी दी गई।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ-संवर्धन योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 की ई-लॉटरी में चयनित लाभार्थियों को मुख्य विकास अधिकारी द्वारा



चयन पत्र एवं अनुमति पत्र वितरित किए गए।

कार्यक्रम में लखनऊ से दुग्ध आयुक्त धन लक्ष्मी ने वर्चुअल माध्यम से प्रतिभागियों को संबोधित किया। साथ ही जूम के माध्यम से उत्तर प्रदेश दुग्धशाला विकास विभाग की 50 वर्षों की विकास यात्रा तथा पशु रोग नियंत्रण एवं टीकाकरण संबंधी लघु फिल्मों का प्रदर्शन किया गया। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. अरुण कुमार सचान, प्रभारी कृषि विज्ञान केंद्र के डॉ. विपिन कुमार तथा वैज्ञानिक डॉ. कुमार घनश्याम ने पशुओं के वैज्ञानिक पालन-पोषण, संतुलित चारा प्रबंधन, पशु रोगों की रोकथाम और समय पर टीकाकरण के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। नाबार्ड की जिला विकास अधिकारी अलका तथा एलडीएम ने किसानों को कृषि ऋण और किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) की सुविधाओं से अवगत कराया। वहीं वरिष्ठ दुग्ध निरीक्षक अनिल कुमार शर्मा ने दुग्ध विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए उनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। मुख्य विकास अधिकारी ने किसानों और पशुपालकों से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने का आह्वान किया तथा संबंधित अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी एवं पारदर्शी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ दुग्ध निरीक्षक अनिल कुमार शर्मा ने किया। अंत में उन्होंने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन पर प्रसन्नता जताई।

# युग परिवर्तन सेवा समिति द्वारा घुकना मोड मेरठ रोड पर आयोजित 11 वें कांवड़ शिविर का उदघाटन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** भाजपा नेत्री एवं युग परिवर्तन सेवा समिति की संरक्षक अर्चना सिंह एवं समिति के अध्यक्ष सुनील त्यागी संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। शिविर में शिवभक्तों के लिए सभी सुविधाओं का प्रबंध किया गया है। अर्चना सिंह ने कहा कि सनातन धर्म में कावड़ यात्रा का बहुत अधिक धार्मि महत्व है। इस यात्रा से भगवान भोलेनाथ तो प्रसन्न होते ही हैं, साथ ही सामाजिक एकता भाईचारा भी मजबूत होती है। अध्यक्ष सुनील त्यागी ने कहा कि शिवभक्तों की सेवा करना भगवान की पूजा करने के समान है और युग परिवर्तन सेवा समिति इस पुनीत कार्य को कर सेवा की मिसाल कायम कर रही है। शिव पार्वती राधा-कृष्ण व हनुमान जी की सुंदर झांकी आकर्षण का केंद्र रही। शिविर में शिवभक्तों के लिए 24 घंटे भोजन प्रसाद का वितरण किया जाएगा। शिविर में संस्था द्वारा अतिथियों को सम्मानित किया गया। साथ ही सुंदर कावड़ लाने वाले भक्तों को समिति के अध्यक्ष सुनील त्यागी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मांगेराम त्यागी, कोषाध्यक्ष प्रदीप चौधरी व महामंत्री छोटेलाल कनौजिया, रजनी पंचाल समेत सभी भी सम्मानित किया गया। युग परिवर्तन सेवा पदाधिकारियों ने सभी का स्वागत किया। उद्घाटन के अवसर र दैनिक एकता ज्योति समाचार पत्र के समाचार संपादक राजकुमार राणा, एवं वरिष्ठ समाजसेवी व पत्रकार बीके अग्रवाल के व डॉ बीके शर्मा हनुमान राष्ट्रीय कवि विनोद पांडे गायक अतुल शर्मा अलावा निगम पार्षद श्रीमती पूनम सिंह पार्षद संतोष राणा पार्षद ओमप्रकाश ओड़ पार्षद देवनारायण शर्मा महेंद्र संदीप शर्मा आलोक शुक्ला उपेंद्र चौहान अमित चौहान वंदना लखनपाल चंचल जैन श्रीनिवास रविंद्र चौधरी अंजलि गोयलरीता सिंह कविता कौशिक








अशोक त्यागी डीसी बंसल राहुल कंसल अशोक त्यागी हर्षवर्धन प्रिंस हितेश अन्य लोगों का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया। संस्था के सभी पदाधिकारियों मांगेराम त्यागी प्रदीप चौधरी जितेंद्र शर्मा करतार सिंह प्रमोद चौहान साबिर खान अनुज कुमार सतीश पांचाल योगेश शर्मा शुभम गुप्ता गिरधारी यादव अशोक गोयल योगेंद्र त्यागीमुकेश राणा ने शिविर में आए शिवभक्तों का पुष्प वर्षा कर और फल वितरित कर स्वागत किया।

# बढ़े हुए हाउस टैक्स के विरोध में व्यापारियों का बिगुल, 6 अगस्त से नवयुग मार्केट में अनिश्चितकालीन धरना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद।** नगर निगम द्वारा बढ़ाए गए हाउस टैक्स के विरोध में शहर के व्यापारियों ने आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है। बुधवार को आयोजित व्यापारियों

**बढ़ा हुआ हाउस टैक्स पूरे शहर का मुद्दा है, व्यापारियों की इस लड़ाई में आरडब्ल्यूए फेडरेशन उनके साथ मजबूती से खड़ा है**

की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 6 अगस्त से नवयुग मार्केट में शांतिपूर्ण अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू किया जाएगा। धरना प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किया जाएगा। बैठक में व्यापारियों ने कहा कि नगर निगम द्वारा बढ़ाया गया हाउस टैक्स पूरी तरह अव्यावहारिक है, जिससे



व्यापारियों के साथ-साथ आम नागरिकों पर भी अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ा है। उन्होंने मांग की कि नगर निगम हाउस टैक्स वृद्धि को तत्काल वापस लिया जाए तथा कर निर्धारण प्रक्रिया की पुनः समीक्षा कर व्यापारियों और नागरिकों को राहत प्रदान की जाए। व्यापारियों ने स्पष्ट किया कि जब तक उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। बैठक में आरडब्ल्यूए फेडरेशन गाजियाबाद के चेयरमैन आर.के. गर्ग अपनी टीम के साथ मौजूद रहे। उन्होंने व्यापारियों के आंदोलन को पूर्ण समर्थन देते हुए कहा, बढ़ा हुआ हाउस टैक्स पूरे शहर का मुद्दा है। इसका असर केवल व्यापारियों पर नहीं, बल्कि हर नागरिक पर पड़ रहा है। आरडब्ल्यूए फेडरेशन इस जनहित की लड़ाई में व्यापारियों के साथ मजबूती से खड़ा है और उनकी जायज मांगों के समर्थन में हरसंभव सहयोग करेगा शीघ्र ही हम व्यापारियों के प्रतिनिधिमंडल के साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी मुलाकात करेंगे और बढ़े हुए हाउस टैक्स सहित शहर की अन्य जनसमस्याओं को उनके समक्ष प्रमुखता से उठाकर समाधान की मांग करेंगे।

बैठक के संयोजक एवं सराफा एसोसिएशन के संरक्षक राज किशोर गुप्ता ने बताया कि 6 अगस्त से नवयुग मार्केट में शांतिपूर्ण अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब तक नगर निगम बढ़े हुए हाउस टैक्स को वापस नहीं लेता अथवा इस संबंध में सकारात्मक निर्णय नहीं करता, तब तक धरना निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने शहर के सभी व्यापारी संगठनों एवं नागरिकों से आंदोलन में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की।

इस अवसर पर गाजियाबाद फ्हअ फेडरेशन के चेयरमैन आर के गर्ग ,कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सतीश शर्मा, समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता अभिषेक गर्ग, प्रीतम लाल, सुभाष गुप्ता, सुभाष छावड़ा, मनवीर नागर, रजनीश बंसल, मुनेन्द्र आर्य, हरवीर गांधी, आर.के. आर्या, राज किशोर गुप्ता, गौरव बंसल, सुनील चाचा, राजू छावड़ा सहित सैकड़ों व्यापारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में बढ़े हुए हाउस टैक्स का विरोध करते हुए कहा कि यह केवल व्यापारियों का नहीं, बल्कि पूरे शहर के नागरिकों का मुद्दा है और जब तक हाउस टैक्स वृद्धि वापस नहीं ली जाती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

**अपील** जनप्रतिनिधि के लिए जातिसूचक अथवा अपमानजनक भाषा का प्रयोग लोकतांत्रिक मूल्यों और सामाजिक सौहार्द के विपरीत है: दिनेश गुर्जर

# अशोभनीय बयानों की गुर्जर समाज ने की निंदा, संगठनों से संयमित राजनीति की अपील

बुलन्द संदेश ब्यूरो


**बुलंदशहर।** अखिल भारतीय गुर्जर महासभा उत्तर प्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष दिनेश गुर्जर ने पूर्व

**दिनेश गुर्जर ने पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी की हालिया टिप्पणियों पर जताई कड़ी आपत्ति**

सांसद रमेश बिधूड़ी की हालिया टिप्पणियों पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति, समुदाय या जनप्रतिनिधि के लिए जातिसूचक अथवा अपमानजनक भाषा का प्रयोग लोकतांत्रिक मूल्यों और सामाजिक सौहार्द के विपरीत है।

उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों के नेताओं द्वारा अपनी पार्टी की नीतियों और उपलब्धियों का प्रचार करना स्वाभाविक है, लेकिन किसी व्यक्ति विशेष पर अशोभनीय या जातिसूचक टिप्पणी करना किसी भी सभ्य समाज में स्वीकार्य नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि संसद के दौरान पूर्व में भी रमेश बिधूड़ी द्वारा की गई विवादित टिप्पणियों से गुर्जर समाज की छवि प्रभावित हुई थी और हाल ही में जंतर-मंतर पर हुए आंदोलन को लेकर की गई उनकी टिप्पणी भी समाज को शर्मसार करने वाली है।

दिनेश गुर्जर ने कहा कि ऐसे बयान न केवल सामाजिक सौहार्द को नुकसान पहुंचाते हैं, बल्कि संबंधित राजनीतिक दल की छवि पर भी प्रतिकूल प्रभाव डाल सकते हैं। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दल अक्सर विवादित बयानों को व्यक्तिगत राय बताकर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं, लेकिन समाज के जिम्मेदार लोगों को इस प्रकार की भाषा से बचना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि अतीत में कई बड़े आंदोलनों के दौरान कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा युवाओं को भड़काने और




हिंसात्मक गतिविधियों में शामिल करने के प्रयास हुए, जिससे पूरे समाज की छवि धूमिल हुई। ऐसे मामलों से सभी को सबक लेने की आवश्यकता है।

प्रांतीय अध्यक्ष ने गुर्जर समाज के विभिन्न सामाजिक संगठनों और वरिष्ठ नेताओं से अपील की कि वे सार्वजनिक जीवन में मर्यादित भाषा और जिम्मेदार आचरण को बढ़ावा दें तथा अशोभनीय बयानों की खुलकर भर्त्सना करें। उन्होंने कहा कि गुर्जर समाज में अनेक वरिष्ठ और सम्मानित नेता हैं, जिन्होंने हमेशा शालीन भाषा और सकारात्मक राजनीति का उदाहरण प्रस्तुत किया है। समाज को ऐसे ही नेतृत्व का अनुसरण करना चाहिए।

दिनेश गुर्जर ने कहा कि समाज की पहचान किसी एक व्यक्ति के बयान से नहीं, बल्कि उसके सामूहिक संस्कार, सामाजिक योगदान और जिम्मेदार नेतृत्व से बनती है। इसलिए सभी जनप्रतिनिधियों और समाज के लोगों को ऐसी भाषा और व्यवहार से बचना चाहिए, जिससे समाज की गरिमा और आपसी भाईचारे को ठेस पहुंचे।

# अलीगढ़ मे एंटी करप्शन यूनिट ने चलाया भ्रष्टाचार विरोधी जागरूकता अभियान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** एंटी करप्शन अलीगढ़ यूनिट के





प्रभारी श्री देवेंद्र सिंह के निर्देशन में आज एंटी करप्शन टीम ने जनपद अलीगढ़ के विभिन्न सरकारी कार्यालयों में पहुंचकर भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया।

इस दौरान टीम ने आमजन को भ्रष्टाचार के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि यदि कोई सरकारी लोक सेवक अथवा संविदाकर्मी किसी कार्य को करने के बदले रिश्वत की मांग करता है, तो उसकी शिकायत तत्काल एंटी करप्शन यूनिट अलीगढ़ के हेल्पलाइन नंबर 9454402485 पर करें। टीम ने लोगों से अपील की कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध आवाज उठाएं और बिना किसी भय के रिश्वत मांगने वालों की सूचना एंटी करप्शन यूनिट को दें, ताकि दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा सके। साथ ही लोगों को भ्रष्टाचार मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय सहयोग देने का भी आह्वान किया गया।

# विश्व के प्रथम त्रि-आयामी गीत-महाग्रंथ मैं भूख हूँ का पोस्टर एवं आधिकारिक वीडियो ट्रेलर लोकार्पित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ।** समकालीन हिन्दी साहित्य ने आज एक ऐतिहासिक साहित्यिक उपलब्धि का साक्ष्य प्राप्त किया, जब प्रख्यात गीतकार, साहित्यकार एवं शिक्षाविद् डॉ. अवनीश राही की बहुप्रतीक्षित युग-काव्य-संहिता मैं भूख हूँ (रोटी से राष्ट्र तक की वेदना) का आधिकारिक पोस्टर एवं वीडियो ट्रेलर एक गरिमामय प्रेस कॉन्फ्रेंस में लोकार्पित किया गया।

पत्रकारों को संबांधित करते हुए डॉ. अवनीश राही ने ग्रंथ की वैचारिक पृष्ठभूमि, उसकी सृजन यात्रा तथा उसके अभिनव त्रि-आयामी स्वरूप पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि यह कृति केवल कविताओं या गीतों का संग्रह नहीं, बल्कि मनुष्य, समाज और राष्ट्र के अंतःसंबंधों पर केंद्रित एक व्यापक साहित्यिक संवाद है। इस युग-काव्य-संहिता में भूख को केवल अन्न के अभाव के रूप में नहीं, बल्कि मनुष्य की गरिमा, श्रम, संवेदना और राष्ट्र की नैतिक चेतना के केंद्रीय प्रश्न के रूप में प्रतिष्ठित किया गया है। उन्होने बताया कि लगभग 300 पृष्ठों में विस्तृत यह युग-काव्य-संहिता 71 काव्यों की एक अखंड वैचारिक यात्रा है। इसकी रचना-संरचना में 71 युग-शिलालेख, 71 भूख-संवादिनी सूत्र तथा 71 कवि-कथन समाहित हैं, जो इसे पारंपरिक काव्य संग्रह से अलग एक समग्र साहित्यिक संरचना प्रदान करते हैं। इस महाग्रंथ की सबसे विशिष्ट विशेषता इसका त्रि-आयामी स्वरूप है। प्रत्येक रचना के साथ एक विशेष फत ब्वकम दिया गया है, जिसके माध्यम से पाठक उसी काव्य को स्वयं कवि के स्वर में सुनने के साथ-साथ उसके दृश्यात्मक प्रस्तुतीकरण का भी अनुभव कर सकता है। इस प्रकार यह कृति




पठनीय, श्रवणीय और दर्शनीय-तीनों रूपों में साहित्य का एक समन्वित अनुभव प्रस्तुत करती है। इसी अभिनव साहित्यिक संरचना के कारण मैं भूख हूँ को विश्व के प्रथम त्रि-आयामी गीत-महाग्रंथ के रूप में गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्रदान की गई है।

इस मौके पर मौजूद पूर्व विधायक विवेक बंसल ने मैं भूख हूँ का आधिकारिक पोस्टर एवं वीडियो ट्रेलर सह-जिला विद्यालय निरीक्षक राजकिशोर गौतम, महाकवि अमर सिंह राही, माइंड ट्रेनर रोहिताश कुमार विक्की, शिक्षाविद् विशाल कुमार तथा गीत-महाग्रंथ के रचयिता डॉ. अवनीश राही द्वारा संयुक्त रूप से लोकार्पित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने इस कृति को हिन्दी साहित्य में नवाचार, तकनीक और मानवीय संवेदना के अद्वितीय समन्वय का महत्वपूर्ण उदाहरण बताते हुए समकालीन हिन्दी साहित्य की उल्लेखनीय उपलब्धि माना। इस अवसर पर रोहिताश कुमार विक्की देवराज सिंह, एडवोकेट, गायक कलाकार विनय कुमार, और शिव कुमार का सहयोग सराहनीय रहा।

# विश्व स्तनपान सप्ताह पर राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय में क्विज, पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिताओं का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** विश्व स्तनपान सप्ताह-2026 के अवसर पर राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़ के गृहविज्ञान विभाग द्वारा 4 एवं 5 अगस्त को स्तनपान के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से क्विज प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण तथा स्लोगन लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए स्तनपान के महत्व, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य तथा पोषण संबंधी संदेशों को आकर्षक पोस्टरों और प्रभावशाली स्लोगनों के माध्यम से प्रस्तुत किया। पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिताओं का



मूल्यांकन शिक्षा विभाग की डॉ. अमरजीत कौर तथा रसायन विज्ञान विभाग की डॉ. प्रीति चौधरी द्वारा किया गया। क्विज प्रतियोगिता में बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा आयुषी शर्मा ने प्रथम तथा खुशी शर्मा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अन्य वर्गों में चित्रा ने प्रथम, आयुषी व लकी ने द्वितीय तथा बबली एवं रागिनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एक अन्य श्रेणी में भावना एवं मुस्कान ने संयुक्त रूप से प्रथम, अवनी ने द्वितीय तथा रेनू कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में साक्षी एवं आयुषी शर्मा ने प्रथम, भावना एवं रेनू शर्मा ने द्वितीय तथा चित्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में मुस्कान ने प्रथम, संध्या भारद्वाज ने द्वितीय तथा शिवानी शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम का संचालन गृहविज्ञान विभाग की शिखा सिंह एवं भारती शर्मा ने किया।

# राष्ट्रीय डिजिटल पशुधन मिशन से हर गौवंश की बनेगी डिजिटल पहचान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़ ।** जिले में पशुधन प्रबंधन को आधुनिक, पारदर्शी एवं तकनीक आधारित बनाने की दिशा में राष्ट्रीय डिजिटल पशुधन मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन की तैयारियां तेज कर दी गई हैं। मुख्य विकास अधिकारी योगेंद्र कुमार की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में आयोजित जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में मिशन की प्रगति की विस्तार से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए। बैठक का संचालन करते हुए मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. दिवाकर त्रिपाठी ने बताया कि अब तक पशुओं का कोई समेकित डिजिटल रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं होने से पशुधन संबंधी सूचनाओं के संधारण, योजनाओं के प्रभावी संचालन



और निगरानी में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। राष्ट्रीय डिजिटल पशुधन मिशन के अंतर्गत अब प्रत्येक पशु का डिजिटल प्रोफाइल तैयार किया जा रहा है, जिसमें उसकी यूनिक पहचान, नस्ल, स्वास्थ्य, टीकाकरण, स्वामित्व सहित अन्य आवश्यक विवरण ऑनलाइन उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने बताया कि पशुपालकों के आधार नंबर को पशुओं की यूनिक आईडी से जोड़ा जा रहा है, जिससे सरकारी योजनाओं का लाभ वास्तविक एवं पात्र लाभार्थियों तक पूर्ण पारदर्शिता के साथ पहुंच सकेगा। डिजिटल रिकॉर्ड तैयार होने से पशुधन संबंधी योजनाओं की मॉनीटरिंग अधिक प्रभावी होगी तथा सेवा वितरण व्यवस्था भी सुदृढ़ बनेगी।


बैठक में बताया गया कि राष्ट्रीय डिजिटल पशुधन मिशन के माध्यम से निराश्रित एवं खुले में छोड़े जाने वाले गौवंश की समस्या के समाधान में भी महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी। प्रत्येक पशु की डिजिटल पहचान और उसके स्वामी का विवरण दर्ज होने से परित्यक्त अथवा सड़कों पर छोड़े गए गौवंश की जिम्मेदारी निर्धारित करना आसान होगा। इससे पशुपालकों की जवाबदेही बढ़ेगी तथा गौवंश संरक्षण को भी मजबूती मिलेगी। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ0 त्रिपाठी ने बताया कि जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति के अध्यक्ष जिलाधिकारी हैं, जबकि मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सदस्य सचिव के रूप में मिशन के संचालन की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। समिति की नियमित मासिक बैठकें आयोजित कर प्रगति की समीक्षा की जा रही है। मुख्य विकास अधिकारी योगेंद्र कुमार ने निर्देश दिए कि ब्लॉक स्तर पर भी नियमित समीक्षा बैठकें आयोजित की जाएं और पंचायत सचिवों की आधार आधारित आईडी एवं पासवर्ड निर्माण के लिए आवश्यक विवरण शीघ्र उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी एवं सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए।

# अलीगढ़ जिले का नाम हरिगढ़ करने के लिए मांगी रिपोर्ट

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** अलीगढ़ जिले का नाम बदलकर हरिगढ़ किए जाने की सुगबुगाहट एक बार फिर तेज हो गई है। शासन ने इस मामले में जिला प्रशासन से एक विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। राजस्व परिषद के आयुक्त एवं सचिव सूरज कुमार यादव की ओर से जिला प्रशासन को भेजे गए पत्र में स्पष्ट किया गया है कि जिला पंचायत अध्यक्ष विजय सिंह ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर अलीगढ़ का नाम हरिगढ़ करने का औपचारिक अनुरोध किया था।

इसके मद्देनजर परिषद ने कमिश्नर के माध्यम से इस प्रकरण पर पूरी औचित्यपूर्ण आख्या जल्द से जल्द भेजने के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि इससे पहले भी जिला पंचायत अध्यक्ष विजय सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर अलीगढ़ का नाम बदलकर हरिगढ़ रखने का प्रस्ताव सौंपा था। वर्ष 2021 में जिला पंचायत




की पहली बैठक के दौरान भी सभी स्थानीय विधायकों और सांसदों ने सर्वसम्मति से अलीगढ़ का नाम हरिगढ़ करने का प्रस्ताव पारित कर शासन को भेजा गया था, जिस पर अब नए सिरे से प्रशासनिक प्रक्रिया शुरू हो गई है।

दस्तावेजों के अनुसार अलीगढ़ का नाम बदलने का यह कोई पहला प्रयास नहीं है। पिछले 600 वर्षों के लंबे इतिहास में इस शहर का नाम अलग-अलग समय पर पांच बार बदला जा चुका है। शहर का सबसे पहला प्राचीन नाम कोल था। समय के साथ राजनीतिक और प्रशासनिक बदलावों के बीच इस क्षेत्र के नाम में कई बार संशोधन किए गए हैं।

जिला पंचायत अध्यक्ष विजय सिंह ने हमने बोर्ड बैठक में प्रस्ताव लाकर शासन को भेजा था। यह अच्छा संकेत है कि राजस्व परिषद ने इस पर रिपोर्ट मांगी है।

# विद्या भारती ब्रज प्रदेश ने सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, अतरौली की प्रतिभाओं एवं आचार्यों को किया सम्मानित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अतरौली, अलीगढ़।** भारतीय शिक्षा समिति, ब्रज प्रदेश द्वारा 31 जुलाई को सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, एटा में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, अतरौली का गौरवपूर्ण प्रतिनिधित्व रहा। समारोह में हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में जनपद में तृतीय स्थान तथा विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र भैया बुधेन चौधरी को प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया। साथ ही एस.जी.एफ.आई. (SGFI) प्रतियोगिता में स्थान बनाने वाले खिलाड़ी भैया देवेश दीक्षित एवं बहिन गुंजन को उनकी उत्कृष्ट खेल उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया।

विद्यालय के उत्कृष्ट शैक्षिक योगदान एवं बोर्ड परीक्षा में श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम देने वाले हिंदी प्रवक्ता श्री अश्वनी कुमार शर्मा, अंग्रेजी प्रवक्ता




श्री राकेश मौर्य, सामाजिक विज्ञान आचार्य श्री अशोक कुमार तथा चित्रकला आचार्य श्री विनय कुमार को भी सम्मानित किया गया। शनिवार को विद्यालय की प्रातःकालीन वंदना सभा में सम्मानित छात्र-छात्राओं एवं आचार्यों का भव्य अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री घनश्याम सिंह ने सभी सम्मानित प्रतिभाओं को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह सम्मान पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की शैक्षिक एवं खेल उपलब्धियाँ तथा आचार्यों का समर्पित प्रयास विद्यालय की उत्कृष्ट परंपरा को निरंतर आगे बढ़ा रहा है।

कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त आचार्यगण एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। सभी ने सम्मानित प्रतिभाओं का जोरदार स्वागत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएँ व्यक्त कीं।

# नशा मुक्त युवा-विकसित भारत संकल्प अभियान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** आज आई.टी.एम. कॉलेज ऑफ एजुकेशन करसुआ, अलीगढ़ के प्रांगण में






"नशा मुक्त युवा-विकसित भारत संकल्प अभियान"का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कॉलेज के सभी छात्र-छात्राओं के द्वारा शपथ ग्रहण कार्यक्रम किया गया। इसमें विद्यार्थियों को नशे के शारीरिक,मानसिक व सामाजिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई तथा विद्यार्थियों को नशा नहीं करने और नशा मुक्ति का संदेश प्रसारित करने की शपथ ली। अभियान से संबंधित विभिन्न तरह के कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के दौरान निदेशक महोदय, सहा. निदेशक तथा शिक्षा विभाग की प्राचार्या डॉ. किरन शर्मा ने तथा डॉ. बालकृष्ण वर्मा , डॉ. रेखा सिंह श्रीमती सीमा पांडे एवं धनेश गोयल ने छात्र-छात्राओं को "नशा मुक्त युवा-विकसित भारत संकल्प अभियान" के महत्व को समझाया।

# महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं देश की महान विभूति थे मोहन लाल गौतम : चौधरी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़ ।** महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मोहनलाल गौतम देश की महान विभूति थे। उक्त उद्गार जिला कृषि अधिकारी धीरेन्द्र सिंह चौधरी ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मोहनलाल गौतम की 129 वीं जयंती पर क्वार्सी कृषि फार्म में आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि गौतम जी 24 नंवबर 1925 को काकोरी ट्रेन कांड में लाहौर से गिरफ्तार हुए थे। वह संविधान सभा के सदस्य और अलीगढ़ के क्वार्सी कृषि फार्म के जनक भी थे।




इस मौके पर प्रधान सहायक रतन सिंह चौहान, वरिष्ठ सहायक निधीश सक्सेना, अमित सैनी, हरीश कुमार ने स्वतंत्रता सेनानी परिवार के धर्मवीर सिंह, देवेन्द्र प्रताप गौतम, बसंत बंसल आदि ने मोहनलाल गौतम के चित्र पर माल्यार्पण किया। अंत में आजादी का अमृत महोत्सव के जिला समन्वयक सुरेन्द्र शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया। इससे पूर्व मोहनलाल गौतम जिला महिला चिकित्सालय और सारसौल चौराहे पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया गया।

# भारतीय किसान यूनियन मोहनलाल की अध्यक्षता में संचालन श्री परमसुख ने पंचायत छर्रा ब्लाक में हुई

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़ ।** भारतीय किसान यूनियन की पंचायत छर्रा ब्लाक के टिनशेड में श्री मोहनलाल की अध्यक्षता में हुई संचालन श्री परमसुख ने किया जिसमें किसानों व मजदूरों से अपने भले को संगठित होने का आह्वान किया और भारत सरकार द्वारा अमेरिकी सरकार से व्यापारिक डील से कृषि क्षेत्र को बाहर करने को लेकर चलाए जा रहे आन्दोलन को जारी रखने का सभी से आह्वान किया अंत में प्रभारी खंड विकास अधिकारी श्री देवराज सिंह को समस्या पत्र दिया।

जिसमें कहा गया भारत सरकार अमेरिकी सरकार से व्यापारिक डील से कृषि क्षेत्र को बाहर रखे और अनावश्यक कृषि उत्पादों का आयात नहीं किया जाय देश के सभी किसानों मजदूरों के सभी बैंकों के सभी कृषि ऋण माफ किए जायें दिल्ली की सीमाओं पर तेरह माह चले किसान आंदोलन के अंत में किए गए लिखित सहमति पत्र को शीघ्र ही लागू किया जाए।

डा. एम.एस. स्वामीनाथन के अनुसार सभी कृषि उत्पादनों को न्यूनतम समर्थन मूल्य के अंतर्गत लाया जाय और न्यूनतम समर्थन मूल्य गारंटी कानून शीघ्र ही बनाया जाय दूध उत्पादन को भी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर क्रय किया जाय जिसका भाव आज कम-से-कम 125 रुपए प्रति लीटर निर्धारित किया जाय गाय का एक-सौ रुपए प्रति लीटर बकरी का अस्सी रुपए प्रति लीटर निर्धारित कर शीघ्र ही खरीद शुरू की जाय और अंत में




सभापति महोदय ने समापन में कहा किसी भी दल के राजनेता किसान मजदूर का भला नहीं कर सकते हैं, इन्हें मात्र कुर्सी की ही चिंता रहती है सभी से भारतीय किसान यूनियन के टिकैत बन्धुओं के नेतृत्व में संगठित होने का आह्वान किया पंचायत मेंचौ नवाब सिंह पूर्व जिला महासचिव भाकियू सूरजपाल सिंह राजवीर सिंह लखमी सिंह बाबूसिंह लक्ष्मन सिंह मुरारीलाल ओमप्रकाश सिंह अमरसिंह अखिलेश शर्मा सुरेंद्र सिंह राजकुमार फौजी रियाजुदीन शिवाजीत सिंह रिंकू सिंह सीताराम सिंह शिशुपालसिंह आदि मौजूद थे ।

**सुरक्षा संहिता लागू** — धारा 163 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 26 सितम्बर तक रहेगी लागू

# एडीएम सिटी ने महानगर मे धारा 163 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता लागू की

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़ ।** अलीगढ महानगर में 28 अगस्त तक चलने वाले श्रावण मास, 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस, 26 अगस्त को ईद-ए-बारावफात, 28 अगस्त को रक्षाबंधन, 04 सितम्बर को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, 17 सितम्बर को विश्वकर्मा पूजा, 25 नवंबर को अनन्त चतुर्दशी का पर्व एवं विभिन्न मा० आयोग द्वारा समय-समय पर आयोजित विभिन्न परीक्षाओं के दृष्टिगत व अन्य संवेदनशील कारणों से आपातिक स्थिति है। स्थानीय अभिसूचना एवं अन्य माध्यमों से यह ज्ञात हुआ है कि इस अवसर पर कतिपय असामाजिक तत्व अलीगढ़ जनपद की शान्ति-व्यवस्था भंग करने की कुचेष्टा कर सकते हैं, जिससे अलीगढ़ महानगर की शान्ति एवं कानून-व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की सम्भावना से इन्कार नहीं किया जा सकता है। ऐसी परिस्थिति में महानगर में शान्ति एवं कानून-व्यवस्था एवं साम्प्रदायिक सौहार्द बनाये रखने के लिये धारा-163 (4) भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता लागू किया जाना आवश्यक है। यद्यपि अलीगढ़ महानगर में कानून एवं शांति व्यवस्था की स्थिति वर्तमान में पूर्ण नियन्त्रण में है, फिर भी इस दिशा में विशेष सावधानी बरतने, सुरक्षा के सुमचित प्रबन्ध किये जाने की आवश्यकता है।

उपरोक्त परिस्थितियों के दृष्टिगत महानगर में शान्ति-व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से एवं अवांछनीय तत्वों की गतिविधियों एवं कुप्रयासों पर तत्काल रोक लगाने के लिए अपर जिला मजिस्ट्रेट, नगर किंशुक श्रीवास्तव ने महानगर में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 (2) के अन्तर्गत अधिकारों का प्रयोग करते हुये निम्नलिखित आदेश पारित किये हैं।



1- बैंक्यूट हाल, मैंरिज होम स्वामी पार्टी, शादी के दौरान लाइसेंसी शस्त्रों का उपयोग नहीं करने देंगे और यदि उनकी बात नहीं मानी जाती है तो वह 112 नम्बर डायल कर पुलिस को सूचित करेंगे। 2- कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार की अफवाह नहीं फैलाएगा और झूठी खबरों को प्रकाशित नहीं करेगा और ना करायेगा और ना ही इसके प्रसारण में सहायक होगा, जिससे आम जनता, विभिन्न वर्गों, सम्प्रदायों के मध्य घृणा व द्वेष की भावना उत्पन्न हो अथवा शांति व्यवस्था भंग होने की सम्भावना हो।

3- कोई भी व्यक्ति ऐसी तस्वीर, कार्टून, हैण्डबिल, दीवार लेखन, बैनर, पोस्टर नहीं लिखेगा और न ही प्रकाशित करेगा और न करायेगा, जिससे शान्ति-व्यवस्था भंग होने की सम्भावना हो। 4- कोई व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह सार्वजनिक स्थलों, धार्मिक स्थलों यथा मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा, चर्च आदि से ऐसी कोई बात का प्रसारण या चर्चा नहीं करेगा, जिससे समाज में भय, आतंक, सामुदायिक वैमनस्यता एवं अव्यवस्था उत्पन्न हो।

5- कोई भी व्यक्ति अधवा संगठन किसी भी व्यक्ति व समुदाय के प्रति अपमानजनक भाषा या गाली का प्रयोग नहीं करेगा तथा न ही किसी के पुतला दहन आदि कर व्यक्ति की मयार्दा को भंग करेगा और न ही उत्तेजनात्मक, साम्प्रदायिक नारे लगायेगा, जिससे किसी की भावनाओं को ठेस पहुँचे या शान्ति-व्यवस्था भंग होने की सम्भावना हो।

6- कोई भी व्यक्ति किसी सार्वजनिक स्थान पर तथा घरों ध्‌ दुकानों आदि भवनों की छतों पर ईंट, पत्थर, रोडे, कांच की बोतलें, लोहे की सरिया, फेंककर मारे जाने वाली वस्तुएं और ज्वलनशील पदार्थ एकत्रित नहीं करेगा और ना ही करायेगा।

7-कोई भी व्यक्ति परीक्षा केन्द्रों परीक्षा स्थल और किसी भी सार्वजनिक स्थान पर बल्लम, चाकू तलवार, भाला अथवा आग्नेयास्त्र जैसे बन्दूक, पिस्टल आदि तथा ज्वलनशील एवं विस्फोटक पदार्थ जैसे तेजाब आदि लेकर नहीं जायेगा और ना ही अपने पास रखेगा।

# नशा मुक्त युवा अभियान में आरएसके इंटर कॉलेज के छात्रों ने जीते पुरस्कार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गढ़मुक्तेश्वर (गुफरान अली)।** नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत (NMYVB) अभियान के तहत 3 अगस्त को जे.एम.एस. ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, हापुड़ में आयोजित जनपद स्तरीय प्रतियोगिताओं में आर.एस.के. इंटर कॉलेज, सिम्भावली के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कैलाश भारती, अमित कुमार एवं नीतू मैडम के नेतृत्व में प्रतियोगिता में शामिल हुए छात्रों में कक्षा 2-डी के छात्र वंश ने चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा 12-डी की छात्रा पायल ने वाद-विवाद प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान हासिल किया। विद्यालय की टीम ने सामूहिक नृत्य और नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिताओं में भी द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य राजीव कुमार गोहित ने विजेता छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा सभी विद्यार्थियों को ऐसी प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।



# डिजिटल प्लेटफॉर्म का सुरक्षित उपयोग करने और सतर्क रहने का दिया संदेश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा।** डिजिटल तकनीक के बढ़ते उपयोग के साथ साइबर अपराधों में हो रही वृद्धि को देखते हुए जीएस मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में फार्मेसी, बीएससी नर्सिंग एवं जीएनएम के छात्र-छात्राओं के लिए साइबर सुरक्षा एवं डिजिटल जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के व्यावहारिक उपाय बताते हुए डिजिटल माध्यमों का जिम्मेदारी से उपयोग करने का आह्वान किया।

साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ दीपक ने कहा कि फिशिंग लिंक, फर्जी कॉल, सोशल मीडिया फ्रॉड, यूपीआई धोखाधड़ी, डिजिटल अरेस्ट, ओटीपी शेयरिंग, फर्जी जॉब ऑफर और ऑनलाइन निवेश के नाम पर ठगी के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। उन्होंने विद्यार्थियों को किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करने, व्यक्तिगत बैंकिंग जानकारी साझा न करने तथा सतर्क रहने की सलाह दी। शालिनी यादव ने कहा कि सभी डिजिटल खातों में मजबूत पासवर्ड और टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन (2ऋक्ष) का उपयोग करना चाहिए। उन्होंने बताया कि यदि कोई व्यक्ति साइबर ठगी का शिकार हो जाए तो तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 या निकटतम साइबर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज करानी चाहिए।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने साइबर सुरक्षा से जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों ने व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से समाधान किया।

इस अवसर पर डॉ. मंजुल प्रताप, हिम्रादी कलिता, रविकांत शर्मा, शिवम, आकाश, रवि सहित जीएनएम एवं बीएससी नर्सिंग विभाग के शिक्षक, कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।





# पहले आओ,पहले पाओ योजना: एचपीडीए ने 570 खाली फ्लैटों की बिक्री शुरू की: अमित कादियान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** हापुड़-पिलखुवा विकास प्राधिकरण ने अल्प आय वर्ग,मध्य आर्य वर्ग व दुर्बल आय वर्ग के लोगों के लिए अपनी तीन आवासीय योजनाओं में 570 खाली फ्लैटों की बिक्री शुरू करने के लिए एक अगस्त से पहले आओ पहले पाओ योजना शुरू की है। जो आगामी 31 अक्टूबर माह तक चलेगी। फ्लैट खरीदने के लिए 4 दिन में 36 लोगों ने आवेदन किया है।

- 36 लोगों ने ईडब्लूएस, एलआईजी, एमआईजी फ्लैट खरीदने को किये आवेदन
- आगामी 31 अक्टूबर तक चलेगी तक पहले आओ,पहले पाओ योजना







हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण के प्रभारी सचिव अमित कादियान ने बताया कि प्राधिकरण की आनंद विहार आवासीय योजना में अलकनंदा/कालिंदी अपार्टमेंट व प्रीत विहार द्वितीय योजना में ईडब्लूएस,एलआईजी व एमआईजी श्रेणी के 3,4 व 6 मंजिला फ्लैट यथा स्थिति में बेचे जाएंगे। उन्होंने कहा कि आवेदन 1 अगस्त से 31 अक्टूबर तक जनहित पोर्टल पर किए जा सकेंगे। सामान्य वर्ग को सम्पत्ति मूल्य का 10 प्रतिशत व आरक्षित वर्ग को 5 प्रतिशत रजिस्ट्रेशन राशि ऑनलाइन जमा करनी होगी।

प्रभारी सचिव ने बताया कि आवंटन के एक माह के अंदर सामान्य को 20 प्रतिशत व आरक्षित को 25 प्रतिशत राशि जमा करनी होगी। ईडब्लूएस को शेष राशि 120 मासिक किस्तों में 7 प्रतिशत ब्याज पर और एलआईजी व एमआईजी को 8 त्रैमासिक किस्तों में 9.70 प्रतिशत ब्याज पर देनी होगी। 45 दिन में पूरा भुगतान करने पर 6 प्रतिशत की छूट मिलेगी। फ्री होल्ड के लिए 12 प्रतिशत व कॉर्नर के लिए 10 प्रतिशत शुल्क अतिरिक्त देय होगा।

उन्होंने बताया कि पहले आओ,पहले पाओ योजना में फ्लैट खरीदने के लिए लोगों ने आवेदन करने शुरू कर दिये है। उन्होंने लोगों से योजना का लाभ उठाने की अपील की है। चार दिनों में 36 लोगों ने फ्लैट खरीदने के लिए आवेदन किया है।

# खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने 200 किग्रा.पनीर कराया नष्ट: चन्द्रशेखर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** जिलाधिकारी कविता मीना के निर्देश व सहायक खादय आयुक्त द्वितीय के नेतृत्व में चलाये जा रहे अभियान में बुधवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने गाड़ी से 200 किलोग्राम मिलावटी पनीर पकड़ा। अधिकारियों से पनीर के दो नमूने भरकर प्रयोगशाला भेजे,साथ ही पनीर को नष्टद कराया गया।

- पनीर के दो नमूने संग्रहित कर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे गये
- जिले में मिलावट खोरों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा

सहायक खाद्य आयुक्त द्वितीय चन्द्र शेखर मिश्र ने बताया कि काँवड यात्रा के दृष्टिगत भ्रमण एव जाँच करते हुए बुधवार की सुबह 8 बजे टोडलपुर सिम्भावली की तरफ से आ रही पनीर से लदी गाडी को पकड़ कर पनीर के दो नमूने संग्रहित किये गये। उन्होंने बताया कि ड्रमो रखा पनीर अस्वास्थ्यकर परिस्थितियो में भण्डारित था जोकि प्रथमदृष्टया मिलावटी प्रतीत हो रहा था। उपरोक्त पनीर टोडलपुर निवासी जमील का है। जिसकी मात्रा लगभग 200 किग्रा थी,जिसको जे.सी.बी.से गड्ढा खुदवाकर नष्ट करा दिया गया। नष्ट किये गये पनीर की कीमत लगभग 44000 रुपए है। उन्होंने बताया कि पनीर के भरे गये नमूनों को जाँच खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला प्रेषित किया जा रहा है। जाँच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात अग्रिम विधिक कार्यवाही की जायेगी। कार्यवाही के दौरान पंकज कुमार मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी,सोवेन्द्र सिंह पंघाल,सहरिश सादात खाद्य सुरक्षा अधिकारी सम्मिलित रहे।

सहायक खाद्य आयुक्त द्वितीय चन्द्र शेखर मिश्र ने बताया कि जनपद में मिलावट खोरों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। जिले में मिलावटी खाद्य व पेय पदार्थ किसी भी कीमत पर विक्रय नहीं होने दिया जायेगा।





# भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष ने हरी झंडी दिखाकर दवाईयों से भरी गाड़ी को रवाना किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** बुधवार को भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष,जिला प्रभारी व जिला पंचायत चेयरमैन ने शिव भक्तों के लिए दवाईयों से भरी गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर हरिद्वार के लिए रवाना की।





माँ मंशा देवी मंदिर समिति के तत्वावधान में जिला उपाध्यक्ष पुनीत गोयल एवं समिति द्वारा पवित्र श्रावण मास में शिवभक्त कांवडियों की सेवा एवं स्वास्थ्य सुरक्षा के उद्देश्य से दवाइयों से भरी गाड़ी का प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी सत्यपाल सैनी व जिला पंचायत चेयरमैन रेखा नागर ने विधिवत पूजन-अर्चन कर नारियल फोड़कर तथा हरी झंडी दिखाकर हरिद्वार के लिए रवाना किया।

भाजपा जिला प्रभारी सत्यपाल सैनी ने कहा कि श्रद्धालुओं की सेवा,स्वास्थ्य और सुविधा के लिए किया गया यह सेवाभाव एवं जनकल्याण का कार्य अत्यंत प्रेरणादायी और सराहनीय है। पुनीत एवं मानव सेवा के कार्य के लिए जिला उपाध्यक्ष पुनीत गोयल एवं माँ मंशा देवी मंदिर समिति का हार्दिक अभिनंदन करते है।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष कविता माधरे जी, नगर पालिका अध्यक्ष पिलखुवा विभु बंसल सहित पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


# 5 से 11 अगस्त तक सनातन पर्व सप्ताह घोषित करने की मांग उठाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** उत्तर प्रदेश राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य,वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज बाल्मीकि ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर उत्तर प्रदेश में 5 अगस्त से आगामी 11 अगस्त तक सनातन पर्व सप्ताह घोषित करने की मांग की है। जिसके घोषित होने से भारतीय संस्कृति के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ेगी। सीएम योगी को भेजे गये पत्र में भाजपा नेता मनोज वाल्मीकि ने कहा कि उत्तर प्रदेश भगवान शिव, श्रीराम,श्रीकृष्ण और संत-ऋषियों की तपोभूमि है। यहां वर्ष भर धार्मिक पर्व मनाए जाते हैं,लेकिन सनातन परंपरा के नाम पर कोई समेकित सप्ताह नहीं है। उन्होंने ने बताया कि 5 से 11 अगस्त की अवधि श्रावण मास और श्रावण शिवरात्रि के कारण चुनी गई है। इस दौरान प्रदेश के शिवालयों में लाखों श्रद्धालु पूजा-अर्चना और जलाभिषेक करते हैं। उन्होंने पत्र में सुझाव दिया गया कि इस सप्ताह के दौरान प्रदेश के प्रमुख मंदिरों में स्वच्छता अभियान, शिवालयों में सांस्कृतिक-आध्यात्मिक कार्यक्रम, वेद-योग-उपनिषद पर संगोष्ठियां,स्कूल-कॉलेजों में निबंध-भाषण प्रतियोगिताएं और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा दिया जाए।

- सीएम योगी को यूपी राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य ने भेजा पत्र
- सनातन पर्व सप्ताह घोषित होने से भारतीय संस्कृति के प्रति जागरूकता बढ़ेगी:मनोज





भाजपा नेता ने बताया कि सनातन किसी एक समुदाय तक सीमित नहीं है। यह भारतीय जीवन-दर्शन और आध्यात्मिक चेतना की अवधारणा है। इसका उद्देश्य भारतीय संस्कृति के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

मनोज बाल्मीकि ने सीएम से जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए इस प्रस्ताव पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने का अनुरोध किया है।

**रास्ता साफ** वार्ड मे जलनिकासी की समस्या थी पहली प्राथमिकता: सुनीता सिरोही

# रेलवे से मिली स्वीकृति, छिद्दापुरी में जलनिकासी का रास्ता साफ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा।** छिद्दापुरी, आदर्श नगर और मुंशी नगर के लोगों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। लंबे समय से जलभराव की समस्या से जूझ रहे इन क्षेत्रों में अब नाला निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। रेलवे विभाग से स्वीकृति मिलने के बाद नगर पालिका परिषद में जनप्रतिनिधियों ने खुशी जताते हुए पालिकाध्यक्ष विभू बंसल का सम्मान किया और इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में बड़ी उपलब्धि बताया। वार्ड-16 की सभासद सुनीता सिरोही ने कहा कि बरसात के दौरान जलभराव के कारण लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। समस्या के स्थायी समाधान के लिए लगातार प्रयास किए गए, जिनका परिणाम अब सामने आया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद नाला निर्माण का कार्य जल्द शुरू होगा।

**वर्षों पुरानी समस्या के समाधान की ओर बढ़ा कदम, मौहल्लेवासियों में खुशी की लहर**

सभासद पति प्रेम सिरोही ने बताया कि चुनाव के बाद से ही जलनिकासी की समस्या को प्राथमिकता में रखा गया था। रेलवे विभाग से अनुमति मिलने में समय लगा, लेकिन पालिकाध्यक्ष विभू बंसल, नगर पालिका प्रशासन और अन्य जनप्रतिनिधियों के सहयोग से अब वर्षों पुराना सपना साकार होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि नाले के निर्माण से हजारों लोगों को जलभराव से राहत मिलेगी और क्षेत्र का समुचित विकास सुनिश्चित होगा।





इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी इंद्रपाल सिंह, सभासद नरेश भारती, विकास तोमर, वरुण शर्मा, मुकुल मित्तल तथा अवर अभियंता तानिया हंसवाल सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# हर घर तिरंगा अभियान तैयारी: भाजपा जिला कार्यालय पर अभियान सफल बनाने को कार्यशाला का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** बुधवार को भाजपा जिला कार्यालय पर हर घर तिरंगा अभियान सफल बनाने के लिए पदाधिकारियों व कार्यकताओं के साथ बैठक कर हर घर तिरंगा अभियान को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया।

कार्यशाला में मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सतपाल सैनी ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान पर विस्तृत चर्चा करते हुए बताया कि अभियान आगामी 10 अगस्त से शुरू होकर 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस तक चलेगा। जिला अध्यक्ष कविता माधरे ने कहा कि हर घर तिरंगा घर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाना है और मंडल स्तर तक योजना बनाकर अभियान को सफल बनाना है।

इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर,पिलखुवा नगर पालिका चेयरमैन विभु बंसल,जिला महामंत्री राहुल उपाध्याय,कपिल एसएम, श्यामेन्द्र त्यागी ,हितेश मोदी,सन्नी तोमर, पुनीत गोयल, जयभगवान शर्मा ,सतपाल यादव, जगदीश कर्दम,अमित टांक,अमित शर्मा, अंशुल मित्तल, हेमंत त्यागी, तेजवीर तोमर,अमित शिवाल आदि मौजूद रहे।

**भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष ने अभियान ने विस्तृत जानकारी दी**



Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश


## सम्पादकीय

# डोपिंग का घुन



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

वाडा और एआईयू जैसी संस्थाओं की रिपोर्टों से भारत में इस समस्या के लगातार गहराने की पुष्टि हुई है, लेकिन खेल संस्थाओं या सरकार ने इस दिशा में कोई सख्त एवं प्रभावी पहल नहीं की है। स्कॉटलैंड के ग्लासगो में चल रहे कॉमनवेल्थ गेम्स के पहले ही दिन जुडो खिलाड़ी अरुण कुमार को डोप टेस्ट में पॉजिटिव पाए जाने के कारण इस आयोजन से बाहर कर दिया गया। इसके पहले कई अन्य भारतीय खिलाड़ियों को भी इसी टेस्ट में फेल होने के कारण इन खेलों में भाग लेने से रोक दिया गया था। खेलों की दुनिया में भारत के लिए यह नई शर्मनाक स्थिति है। हालिया वर्षों से विश्व एंटी-डोपिंग एजेंसी- वाडा- की रिपोर्ट में भारत दुनिया में डोपिंग उल्लंघन करने वाले देशों की सूची में लगातार शीर्ष पर बना हुआ है। एथलेटिक्स, वेटलिफ्टिंग, और कुश्ती में इसके सबसे ज्यादा मामले सामने आए हैं। दरअसल, कई एथलीटों के डोप टेस्ट में विफल होने के कारण ग्लासगो गेम्स में भारत के वेटलिफ्टिंग कोटा में कटौती कर दी गई। हाल में डोपिंग के मामले क्रिकेट, फुटबॉल और बॉक्सिंग जैसे खेलों में भी सामने आए हैं। नतीजतन, एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) ने भारत को उच्च-जोखिम वाली श्रेणी में डाल दिया है। एआईयू के इस निर्णय से खेल जगत में भारत की साख कमजोर हुई है। इसका नतीजा यह होगा कि अब अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में भारतीय एथलीटों को अधिक सख्त और अतिरिक्त परीक्षणों से गुजरना होगा। बड़े खेल आयोजनों से पहले भारतीय खिलाड़ी डोप टेस्ट में फेल होते रहे, तो अंतरराष्ट्रीय खेल संघ भारत के कोटा (प्रतिनिधित्व के लिए खिलाड़ियों की संख्या) में कटौती कर सकते हैं। यह आशंका भी है कि अन्य देश और प्रायोजक भारतीय एथलीटों की उपलब्धियों को संदेह की नजर से देखने लगें। मगर इन अंदेशों से भारतीय खेल प्रशासक बेपरवाह नजर आते हैं। वाडा और एआईयू जैसी संस्थाओं की रिपोर्टों से देश में इस समस्या के लगातार गहराने की पुष्टि होती रही है, लेकिन खेल संस्थाओं या भारत सरकार ने इस दिशा में कोई सख्त एवं प्रभावी पहल नहीं की है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिस समय भारत सरकार ने ओलिंपिक में अधिक मेडल जीतने की कथित योजनाओं और 2036 ओलंपिक की मेजबानी हासिल करने जैसी महत्त्वाकांक्षी बातों में देशवासियों को उलझाए रखा है, उसी समय खेल की जड़ों को डोपिंग का घुन कुतरता जा रहा है।




# राजा और उसके नवरत्न ?



जुनैद मलिक अत्तारी

एक सुदूर देश में एक राजा था। अब राजा ऐसा ही था जैसे राजा होते हैं। दिन भर चापलूसों से घिरे रहना, हर समय हम हम करना और दिन में कम से कम चार बार कपड़े बदलना। राजा का यही काम था। इसी काम में वह दिन के अठारह बीस घंटे बिता देता था। मतलब सबकुछ मिला कर वह पूरा दिन आराम से बिता देता था।राजा जब कभी अपने देश में बोर होता तो किसी और देश में घूम आता। उस देश में भी खूब मौज मस्ती होती। शाही सत्कार, राजकीय सम्मान, नाच गाना, खाना पीना, मतलब सब कुछ होता। हाँ, वहाँ से कोई मैडल वैडल भी ले आता। तो राजा के दिन इस तरह आराम से गुजर रहे थे।

इन सब कामों से समय मिलता तो राजा राजकाज की भी सोचता था। जब राजकाज सूझता था तो राजदरबार सजता था। राजदरबार होता तो राजा का था पर उसमें वह आता कम ही था। उसके नवरत्न ही कामकाज सम्हालते थे। वह जब भी आता था तो या तो हंसी ठिठोली में ही लगा रहता था या फिर पुराने राजाओं की बुराई में। तो इस तरह से राजा के दिन बड़े अच्छे गुजर रहे थे।भरी दोपहर का समय था। तारीख थी 20 जुलाई, 2026। विश्वगुरु देश के राजा जी अपने महल हांफते हांफते पहुँचे। जब राजा जी अपने राज्य के राजा जी बने तो उन्होंने अपने महल के मार्ग का नाम लोक कल्याण मार्ग रख लिया। अब वे लोक कल्याण के मार्ग चलें, न चलें, लोक कल्याण मार्ग पर ही चलते हैं। लोक कल्याण मार्ग से ही जाते हैं और लोक कल्याण मार्ग से ही वापिस आते हैं। राजा जी का हर रोज लोक कल्याण करते रहने का यह अनोखा तरीका है।राजा जी के घर पहुंचते ही उनका प्रिय सेवक एक ट्रे में एक गिलास पानी और एक प्लेट में काजू किशमिश ले कर पहुंचा। एक दूसरा सेवक अपने दोनों हाथों में दो दो, मतलब कुल चार बिल्कुल नई जैकेट ले कर पहुंच गया। उसे पता था कि महाराज जी घर आए हैं तो कपड़े तो बदलेंगे ही। कई बार तो घर के बाहर भी कपड़े बदल लेते हैं। क्या पता अब राजा जी बदल कर कौन सी जैकेट पहन लें।जब राजा जी घर पहुँचे तो थर थर कांप रहे थे। इतनी जोर से कांप रहे थे कि जब उनके हाथ में पानी का गिलास पकड़ाया गया तो आधे से अधिक पानी गिलास से छलक ही गया। अगर सेवक थाम न लेता तो शायद गिलास जमीन पर ही गिर जाता।राजा जी अभी - अभी अपने नये राजमहल के पिछले दरवाजे से बाहर निकल कर आए थे। शायद पुराने राजमहल भवन में इमरजेंसी के समय भागने के लिए पिछला दरवाजा नहीं था। यदि रहा भी होगा तो जाम हो ही गया होगा क्योंकि जबसे पुराना वाला राजमहल बना था किसी ने भी उसका इस्तेमाल ही नहीं किया था। इसीलिए राजा जी ने नया राजमहल बनवाया था। वैसे राजा जी इमरजेंसी शब्द से बहुत घृणा करते हैं पर इमरजेंसी के वक़्त बैक डोर से निकलने में भी माहिर हैं।

महल के सेवकों को लगा, राजा जी बहुत गुस्से में हैं। पर नहीं, राजा साहब गुस्से में नहीं थे, राजा साहब बहुत डरे हुए थे। बहुत डरे हुए। इतने डरे हुए कि उन्हें, अपने पांच सात लेयर की सुरक्षा वाले घर में पहुंच भी डर से कांप रहे थे। इस डर की वजह से ही वे नये राष्ट्रीय राजमहल से भाग कर अपने महल पहुँचे थे। यह पहली बार नहीं था कि राजा जी डरे थे। वे इसी राष्ट्रीय राजमहल में एक बार पहले भी डरे थे। डरे थे जब कुछ प्रजा की महिलाओं ने उन्हें उनके राज सिंहासन पर घेर लिया था। उन्हें डर था कि ये महिलाएं उनका मुँह ना नोच लें, उन्हें काट ना खाएं, अपनी हेयर पिनों से उन पर आक्रमण न कर दें। उस दिन भी आदरणीय लोकसभा अध्यक्ष जी अर्थात उनके वजीर ने उन्हें उन महिलाओं से बचा कर उनके महल पहुंचा दिया था। उस समय राजा जी ने चाहा था कि वे कानून बना दें कि कोई भी महिला बढ़े हुए नाखून नहीं रखेगी, दाँत घिसवा कर ही राजमहल आएगी और बालों में हेयर पिन का इस्तेमाल नहीं करेगी पर उनकी ही सेवक कुछ महिलाओं ने इसके लिए मना कर दिया।किस्सा तो यह भी है कि एक बार, जब वे देश के नहीं, अपने प्रदेश के राजा जी होते थे तो उनके राजनिवास के समीप एक ट्रक का टायर फट गया था। रात का समय था और राजा जी अपने शयन कक्ष में सो रहे थे। टायर फटा तो राजा जी को लगा बम फटा है। तो वे भाग कर बाथरूम में छिप गए थे। जब उनके सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें बताया कि महाराज , वह बम विस्फोट नहीं था, ट्रक का टायर फटा था, तब जा कर राजा जी अपने बिस्तर पर लौटे और सो पाए।इस बार डर की वजह थे वे निहत्थे नौजवान, वे कॉकरोच, वे छात्र जो पिछले बीस से अधिक दिनों से जंतर मंतर पर धरना दिये बैठे हुए थे, अनशन पर थे, भूख हड़ताल पर थे और 20 जुलाई के दिन राष्ट्रीय राजमहल की ओर मार्च कर रहे थे। राजा जी को डर यह नहीं था कि ये छात्र, ये बच्चे राजमहल तक पहुंच कर उन्हें घेर लेंगे। उनके ग्रह मंत्री जी की पुलिस मुस्तैद थी। उन्हें आदेश था कि इन्हें आगे नहीं बढ़ने देना है। बेरीकेड की रोक है, लाठी की मार है, पानी की धार है, और आगे बढ़े तो अश्रु गैस के गोले हैं, पेलट गन के छर्रे हैं। फिर भी नहीं रुके तो रक्षा मंत्री जी की सेना भी तैयार है। डर उन्हें यह था कि इन बच्चों ने, छात्र छात्राओं ने, जनता ने डरना छोड़ दिया है। और तानाशाह को सबसे बड़ा डर यही होता है कि जनता उससे डरना छोड़ दे। जनता अपनी आवाज उठाने लगे। जनता अपना हक मांगने लगे। जनता जवाबदेही फिक्स करने लगे।प्रिय पाठकों एक बार उन्हीं महाराजा के राज में अकाल पड़ा। हुआ यह कि जिस देश से अन्न आता था, वहाँ युद्ध छिड़ गया। आने जाने के रास्ते बंद हो गए। जिन गाड़ियों से अन्न आता था, वे जहाँ थीं, वहीं रुक गईं। राज्य में अनाज का




संकट पड़ गया। ऐसे में राजा ने अपने राजदरबार की बैठक बुलाई। बैठक वैसे ही शुरू हुई, जैसे शुरू होनी चाहिए थी। सारे राजदरबारी आ गए, नवरत्न भी पधार गए। उसके बाद परम्परा का निर्वाह करते हुए, दरबारी ने हुंकार लगाई- अफगानिस्तान
इंडोनेशिया - मलेशिया रत्न, कैमरून सेशेल्सश्री,
पापुआ न्यू गिनी ज्योति, फिजी- गुयाना विभूषण,स्लोवाकिया - भूटान चंदन,रुस- सऊदी अरब - बहरीन - ओमान- यूएई-अमरीकी पाबंद गॉब्लेट ऑफ फायर, ऑर्डर ऑफ फीनिक्स,गार्डियन ऑफ गैलेक्सी, पाइरेट ऑफ कैरेबियन, ब्रदर फ्रॉम अदर मदर,जुमलेसुभानी, तमससृष्टा, असत्य वक्ता,...गौतमी मित्र, पठानपुत्र, चौकीदार श्री, श्री 1008, नॉन बायोलॉजिकल, श्री सरेंडरनाथ जी महाराज, मास्टर इन इंटायर पोलिटिकल साइंस, पधार रहे हैं !!!

आत्म प्रसंशा और पुराने राजाओं की फजीहत के बाद राजदरबार का काम शुरू हुआ। अनाज के वजीर ने उठ कर कहा, हे राजाओं के राजा, पूरे विश्व के गुरु, समस्या यह है कि देश में अनाज की कमी हो रही है। जिस रास्ते से हमारे यहाँ अनाज आता है, उस रास्ते पर युद्ध के कारण आवागमन बंद है । तो अनाज की, गेहूं, चावल और दालों की कीमत बढ़ा दो, राजा को हर समस्या का उपाय कीमत बढ़ाना लगता था। और राज्य की धर्मभीरू प्रजा भी धार्मिक राजा के हर जुल्म को सहने के लिए तैयार बैठी थी।पर महाराज, उससे अन्न की कमी तो पूरी नहीं होगी। प्रजा खायेगी क्या? अनाज मंत्री ने डरते डरते कहा।राजा कहना चाहता था, मशरूम खा लेगी, बादाम, काजू और अखरोट खा लेगी पर कुछ पुरानी बात सोच कर चुप रहा।एक दूसरे मंत्री ने, जिसका अनाज मंत्रालय से दूर-दूर का कोई संबंध नहीं था और जिसके बेटों ने पत्थर काटने की मशीन लगाई हुई थी, बोला, महाराज की जय हो। महाराज, मेरे मन में एक विचार आया है। क्यों ना हम अनाज में पत्थर मिला दें। पत्थर सस्ता भी होता है और अनाज में मिलाया भी जाता है। मेरे बेटों की पत्थर की फैक्ट्री है। वे ऐसे पत्थर बनाएंगे कि प्रजा को अनाज में पत्थर का पता भी नहीं चलेगा।

विचार तो अच्छा है पर जरा देखना पत्थर ऐसे हों कि अनाज में ऐसे घुल मिल जाएं जैसे दूध में पानी मिल जाता है। पेट्रोल में एथेनॉल मिल जाती है। किसी को पता भी नहीं चलता है और नुकसान भी भरपूर होता है।,राजा जी ने कहा। वैसे भी हम यह काम प्रजा को बता कर ही करेंगे। प्रजा को ठगने में मजा तभी है जब उसको बता कर ठगा जाए।

राजन, हम सबकुछ प्रजा को बता कर ही करेंगे। इसे मिलावट नहीं, सम्मिश्रण का नाम देंगे। सम्मिश्रण मतलब सरकारी मिलावट। जब व्यापारी करे तो मिलावट है, देश का राजा करे तो सम्मिश्रण है। साथ ही प्रजा को समझा भी देंगे कि इससे हानि कम, लाभ ज्यादा है।और उस दिन के बाद प्रजा को पत्थर

अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।
bulandsandesh@ gmail.Com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# मानव के विलासीपन से तपती धरती, जलते जंगल और सजा भुगतते वन्यप्राणी



अरविन्द रावल


धरती आज तप रही है, जंगल धधक रहे हैं और निरीह वन्यजीव मौन चीखों के साथ आग में समा रहे हैं। यह किसी प्राकृतिक त्रासदी का अकेला दृश्य नहीं, बल्कि मानव की असीमित महत्वाकांक्षाओं, उपभोगवादी सोच और विलासितापूर्ण जीवन शैली का प्रत्यक्ष परिणाम है। प्रकृति कभी प्रतिशोध नहीं लेती, वह केवल संतुलन स्थापित करती है, और मानव जब भी अपने स्वार्थ की पूर्ति के लिए प्रकृति के साथ छेड़छाड़ करता है, उसके स्वरूप को बदलने या मिटाने का प्रयास करता है, तो उसकी सजा केवल उसी तक सीमित नहीं रहती। इसका दुष्परिणाम संपूर्ण मानव जाति के साथ साथ निस्वार्थ वृक्षों, वनस्पतियों और निरीह जीव जंतुओं को भी भुगतना पड़ता है। आधुनिकता और विलासिता की अंधी दौड़ में दुनिया भर में बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई हुई है। पहाड़ों को काटा गया, नदियों और तालाबों का अस्तित्व मिटाया गया तथा प्राकृतिक संसाधनों का दोहन कर कंक्रीट के जंगल खड़े कर दिए गए। आज यही विकास मानव के लिए संकट का कारण बनता दिखाई दे रहा है। अत्याधुनिक तकनीक और सुविधाओं से भरपूर जीवन जीने के बावजूद इंसान भीषण गर्मी से स्वयं को बचाने में असमर्थ दिखाई दे रहा है। जिन देशों में कभी तापमान 15 से 20 डिग्री सेल्सियस के बीच रहता था, वहां आज 40 डिग्री से अधिक तापमान दर्ज किया जा रहा है। इसका असर केवल मनुष्यों पर ही नहीं, बल्कि पेड़ पौधों और वन्यजीवों पर भी पड़ रहा है। वर्तमान में यूरोप के कई देशों में भीषण गर्मी के कारण जंगलों में विनाशकारी आग लगी हुई है। आग की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि दुनिया की महाशक्ति अमेरिका तक के कई वन क्षेत्रों में आग की ऊंची ऊंची लपटों ने प्रशासन को चुनौती दे दी है। फ्रांस, स्पेन और ग्रीस जैसे देशों में लाखों हेक्टेयर जंगल जल चुके हैं तथा बड़ी संख्या में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाना पड़ा है। लेकिन इन जंगलों में रहने वाले असंख्य वन्यजीवों और पक्षियों की मौत का न तो कोई सटीक आंकड़ा है और न ही उन्हें बचाने का कोई प्रभावी तंत्र। लाखों पेड़ पौधे, पक्षी और वन्यप्राणी आग की भेंट चढ़ चुके हैं, लेकिन उनकी पीड़ा पर चर्चा करने का समय शायद मानव समाज के पास नहीं है।

# महावीर दर्शन में संवाद की संस्कृति,समाधान की दिशाएं



स्वामी देवेंद्र ब्रह्मचारी

आज मानव सभ्यता अभूतपूर्व वैज्ञानिक प्रगति के शिखर पर खड़ी है, लेकिन विडंबना यह है कि जितनी तेजी से तकनीक ने दुनिया को जोड़ा है, उतनी ही तेजी से मनुष्य एक-दूसरे से दूर भी होता गया है। संचार के साधन बढ़े हैं, पर संवाद घटा है। सूचना का विस्फोट हुआ है, लेकिन समझ का विस्तार नहीं हो पाया। परिणामस्वरूप व्यक्ति तनावग्रस्त है, परिवार बिखर रहे हैं, समाज विभाजित हो रहा है, राष्ट्र वैचारिक संघर्षों में उलझे हैं और विश्व युद्ध, आतंकवाद, हिंसा तथा अविश्वास के संकट से जूझ रहा है। यदि इन सभी समस्याओं की जड़ खोजी जाए तो एक ही कारण स्पष्ट दिखाई देता है-संवाद का अभाव। यही कारण है कि आज ह्यसंवाद से समाधान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गया है। महावीरायतन फाउंडेशन द्वारा आरंभ की गई यह राष्ट्रीय पहल अत्यंत दूरदर्शी और युगानुकूल है। देश के विभिन्न राज्यों में राज्यपालों, नीति-निमार्ताओं, धमार्चार्यों, शिक्षाविदों, समाजसेवियों और विचारकों को एक मंच पर लाकर संवाद की संस्कृति को पुनर्जीवित करने का यह प्रयास वास्तव में भारतीय चिंतन की आत्मा को पुनः प्रतिष्ठित करने का अभियान है। इसी श्रृंखला में अगस्त 2026 को उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में राज्यपाल श्री गुरमीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित होने वाला ह्यसंवाद से समाधान कार्यक्रम केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, राष्ट्रीय एकता और वैश्विक शांति का घोष है। भगवान महावीर का समूचा दर्शन संवाद की भावना पर आधारित है। उन्होंने किसी पर अपने विचार आरोपित नहीं किए। उन्होंने सत्य को अनेक दृष्टियों से देखने की प्रेरणा दी। उनका अनेकांतवाद हमें सिखाता है कि सत्य किसी एक व्यक्ति, एक विचारधारा या एक पक्ष का बंधक नहीं होता। प्रत्येक व्यक्ति अपने अनुभव और दृष्टिकोण के अनुसार सत्य का एक अंश देखता है। जब हम दूसरे के विचार को सुनते हैं, उसका सम्मान करते हैं और उसे समझने का प्रयास करते हैं, तभी वास्तविक संवाद प्रारंभ होता है। यही अनेकांत का व्यावहारिक स्वरूप है। आज संसार का सबसे बड़ा संकट यह है कि लोग बोलना चाहते हैं, सुनना नहीं चाहते। हर व्यक्ति अपने विचारों को अंतिम सत्य मान बैठा है। परिणामस्वरूप मतभेद मनभेद बन जाते हैं और मनभेद संघर्ष




का रूप ले लेते हैं। भगवान महावीर ने चेताया था कि अहंकार सत्य का सबसे बड़ा शत्रु है। जहां अहंकार होगा, वहां संवाद नहीं होगा; और जहां संवाद नहीं होगा, वहां समाधान भी संभव नहीं होगा।

परिवार इसका सबसे सहज उदाहरण है। पिता और पुत्र के बीच पीढ़ियों का अंतर तब तक समस्या नहीं बनता, जब तक दोनों संवाद करते रहते हैं। पति-पत्नी के बीच अधिकांश विवाद विचारों के मतभेद से नहीं, संवादहीनता से उत्पन्न होते हैं। भाई-भाई, माता-पिता और संतानों, दादा-पोते-हर संबंध की मजबूती का आधार प्रेम के साथ संवाद है। जब लोग एक-दूसरे से बात करना बंद कर देते हैं, तब गलतफहमियां अपने आप बढ़ने लगती हैं। मौन कई बार शांति नहीं, बल्कि संबंधों की मृत्यु का संकेत बन जाता है। समाज में भी यही स्थिति दिखाई देती है। जाति, वर्ग, भाषा, क्षेत्र और विचारधारा के नाम पर बढ़ते तनाव का मूल कारण संवाद का अभाव है। यदि विभिन्न समुदाय नियमित रूप से बैठें, एक-दूसरे की पीड़ा सुनें और साझा समाधान खोजें, तो अधिकांश सामाजिक तनाव समाप्त हो सकते हैं। समाज को कानून से अधिक संवाद की आवश्यकता है, क्योंकि कानून व्यवस्था बना सकता है, लेकिन विश्वास केवल संवाद ही बना सकता है।

राजनीति में भी संवाद का स्थान सर्वोपरि है। लोकतंत्र की आत्मा चुनाव नहीं, संवाद है। संसद, विधानसभाएं और जनमंच इसलिए बने कि विचारों का स्वस्थ आदान-प्रदान हो। जब राजनीतिक दल एक-दूसरे को शत्रु मानने लगते हैं और संवाद के स्थान पर आरोप-प्रत्यारोप का वातावरण बन जाता है, तब लोकतंत्र कमजोर होने लगता है। स्वस्थ लोकतंत्र वही है जहां तीखे मतभेद हों, लेकिन संवाद के द्वार कभी बंद न हों। विश्व राजनीति में भी यही सत्य लागू होता है। इतिहास साक्षी है कि लंबे से लंबे युद्ध अंततः संवाद की मेज पर ही समाप्त हुए हैं। चाहे दो राष्ट्रों के बीच सीमाओं का विवाद हो, आर्थिक संघर्ष हो या सामरिक तनाव-अंततः समाधान हथियारों से नहीं, बातचीत से ही निकलता है। युद्ध केवल विनाश देता है, जबकि संवाद भविष्य का निर्माण करता है। बम और मिसाइलें सीमाओं को बदल सकती हैं, लेकिन दिलों को नहीं जोड़ सकतीं। दिलों को जोड़ने का सामर्थ्य केवल संवाद में है। विश्व के अनेक महान चिंतकों ने संवाद की इसी शक्ति को स्वीकार किया है। महात्मा गांधी का पूरा जीवन संवाद, सत्य और अहिंसा की साधना था। उन्होंने विरोधियों से भी संवाद का मार्ग नहीं छोड़ा। नेल्सन मंडेला ने वर्षों के अन्याय के बाद भी प्रतिशोध के स्थान पर संवाद को चुना और दक्षिण अफ्रीका को गृहयुद्ध से बचा लिया। संयुक्त राष्ट्र भी अंततः देशों के बीच संवाद का ही वैश्विक मंच है। यह सिद्ध करता है कि मानव सभ्यता की सबसे बड़ी उपलब्धियां संघर्ष से नहीं, संवाद से जन्मी हैं। भगवान महावीर ने केवल बाहरी संवाद की बात नहीं की, उन्होंने आत्मसंवाद का भी संदेश दिया। जो व्यक्ति स्वयं से संवाद नहीं करता, वह दूसरों से भी सार्थक संवाद नहीं कर सकता। आत्मचिंतन, आत्मावलोकन और आत्मशुद्धि महावीर के दर्शन के मूल तत्व हैं। जब व्यक्ति अपने भीतर के क्रोध, अहंकार, लोभ और द्वेष को पहचान लेता है, तब उसका व्यवहार स्वतः मधुर हो जाता है। ऐसा व्यक्ति समाज में संघर्ष नहीं, समन्वय का वातावरण बनाता है। आज सोशल मीडिया के युग में संवाद का स्थान अक्सर वाद-विवाद और आरोपों ने ले लिया है।

# गुरुवार का राशिफल

**मेष** – छोटे भाई बहनो का सरकारी फार्म भरवाना,कोचिंग जॉइन कराना, परीक्षा दिलवाने जा सकते हैं, फिजियोथेरेपी, दंत, कम्प्यूटर, प्रिंटिंग कार्य चलेगा,ज्यादा सोचेंगे,बहस से बचें। भाग्य प्रतिशत-61

**वृषभ** – कोई एग्रीमेंट ना तोड़े मुशकि ल होगी, किसी कोर्स में फीस जमा करने पर वापिस लेना चाहेंगे, बैंक की तरफ से समस्या सम्भव हैं, दांतों को निकलवा सकते हैं थेरेपी ले सकते हैं। भाग्य प्रतिशत-52

**मिथुन** – किसी केस का समन मिल सकता है,ब्रोकर शिप कार्य एवं भाई संग सम्पत्ति विवाद में लेनदेन पर विवाद बढ़ेगा, नया कोई तकनीकी कोर्स जॉइन कर सकते हैं। भाग्य प्रतिशत-54

**कर्क** – अपने काम को मन लगाकर करेंगे, करियर, शिक्षा के लिए अपना शहर छोड़ने का योग है, किसी को ऐसा कुछ ना कहे जिससे उससे संबंध टूट जाए। भाग्य प्रतिशत-57

**सिंह** – ऑफिस में कुछ चुनौतियां अचानक आयेगी, खनन, पेट्रोल, कोयला, सीमेंट जैसे व्यवसाय में मुशकि ल आयेगी, दवा बढ़ेगी या नशे की अधिकता कर सकते हैं। भाग्य प्रतिशत-50

**कन्या** – बुद्धिमानी,हिम्मत दोनों का समावेश रहेगा, नया फोन खरीद सकते हैं, इंटेलिजंस, बीमा, सॉफ्टवेयर इंजीनियर,पुलिस कन्ट्रोल रूम वालो के लिए उत्तम समय हैं,कमजोरी सम्भव हैं। भाग्य प्रतिशत-63

**तुला** – वैवाहिक जीवन का मनमुटाव शांत होगा, विदेश में रहते हैं तो परेशानी आ सकती है, बेवजह की चीजे खरीद कर खर्चे ना बढ़ाए, नौकरी छूट गई थी दोबारा बुला सकते हैं। भाग्य प्रतिशत-55

**वृश्चिक** – वाणी प्रभावशाली रहेगी, क्रोध घटेगा, अपने विरोधियों को पछाड़ देंगे, गर्भाश्य में परेशानी सम्भव हैं, शिक्षा पर फोकस करें। भाग्य प्रतिशत-61

**धनु** – अच्छे फैसले लेंगे, पैसे किसी योजना में लगा सकते हैं, जीवन साथी को स्वास्थ्य परेशानी, व्यवसाय में बाधा का पता चलेगा, पुत्री संतान प्राप्ति सम्भव हैं। भाग्य प्रतिशत-63

**मकर** – सफलता में अचानक विघ्न पड़ेगा, घर के लिए लोन लेना चाहेंगे, किसी मित्र से नौकरी लगाने के लिए कह सकते हैं, मन शांत नहीं रहेगा। भाग्य प्रतिशत-51

**कुंभ** – मकान बनाने के लिए और पैसे बैंक से निकाल सकते हैं, मित्रों की सलाह काम आयेगी, गैस कब्ज, एसिडिटी, खानपान में अनियमितता सम्भव हैं। भाग्य प्रतिशत-56


**मीन** – अच्छे समबन्ध बनाए लाभ होगा, ब्याज पर पैसे सोच समझकर ले और दे, शरीर को स्वस्थ करने के लिए खानपान बदलना दवाई ले सकते हैं, हाथों कंधों का ध्यान रखें। भाग्य प्रतिशत-56



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# तीन दिन से लापता मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति की तलाश तेज

बुलन्द संदेश ब्यूरो


लापता व्यक्ति श्रीओम

**मोदीनगर ( अनवर खान )।** थाना क्षेत्र अंतर्गत आदर्श नगर कॉलोनी निवासी मानसिक रूप से अस्वस्थ 50 वर्षीय श्रीओम पिछले तीन दिनों से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हैं। परिजनों ने काफी तलाश के बाद भी उनका कोई सुराग नहीं मिलने पर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच के साथ उनकी तलाश में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार श्रीओम बिना किसी को बताए घर से निकल गए थे और उसके बाद से वापस नहीं लौटे। परिजनों ने रिश्तेदारों और संभावित स्थानों पर उनकी तलाश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। लगातार संपर्क न होने से परिजनों की चिंता बढ़ गई और उन्होंने किसी अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस से मदद की गुहार लगाई। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर आसपास के क्षेत्रों में तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि व्यक्ति का पता लगाने के लिए उपलब्ध सभी माध्यमों का उपयोग किया जा रहा है। वहीं परिजनों ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी को श्रीओम के संबंध में कोई जानकारी मिले तो तत्काल थाना मोदीनगर पुलिस अथवा उनके परिजनों को सूचित करें।

# महिलाओं से मारपीट मामले में किया प्रदर्शन, शीघ्र गिरफ्तारी की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर ( अनवर खान )।** थानाक्षेत्र के सीकरी कलां में हाईवे पर महिलाओं के साथ मारपीट के मामले में बुधवार को कांग्रेस, सपा व किसान नेताओं एवं कश्यप समाज तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने थाने पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी, दर्ज मुकदमे में गंभीर धाराएं बढ़ाने, घटना के वीडियो में दिखाई दे रहे अन्य आरोपियों को नामजद करने तथा कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की।

प्रदर्शन का नेतृत्व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य सुनील शर्मा ने किया। सुनील शर्मा, सपा नेता गिरीश मथुरिया सैन, किसान नेता डॉ बबली गुर्जर व कश्यप उत्थान सेवा समिति के अध्यक्ष पंकज महेश्वरी कश्यप ने संयुक्त रूप से कहा कि किसी भी व्यक्ति को कानून अपने हाथ में लेने का अधिकार नहीं है। यदि इस प्रकार की घटनाओं पर समय रहते कठोर कार्रवाई नहीं की गई तो इससे कानून व्यवस्था और सामाजिक सौहार्द प्रभावित होगा। उन्होंने मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध प्रभावी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। ज्ञापन में कहा गया कि घटना के संबंध में पुलिस जांच में जिन तथ्यों की पुष्टि हो चुकी है उनके आधार पर मुकदमे में उपयुक्त धाराएं बढ़ाई जाएं तथा वीडियो में दिखाई देने वाले अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच कर उन्हें मुकदमे में नामजद किया जाए।



प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को व्यापक रूप दिया जाएगा। प्रदर्शन के बाद प्रतिनिधिमंडल ने थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा।

इस अवसर पर बृजेश कुमार सेन, चांदवीर चौधरी, राकेश सोनी, सुरेंद्र त्यागी, वरिष्ठ समाजवादी नेता गिरीश मथुरिया सैन, किसान नेता डॉ बबली गुर्जर, बिजेंदर कसाना, दीपक शर्मा, अमर कश्यप, जयवीर कश्यप, राजन कश्यप, रवि कश्यप, प्रदीप कश्यप, लकी कश्यप, कपिल कश्यप, सतीश कश्यप, सुनील कश्यप, प्रमोद कश्यप, गोपाल कश्यप, आशीष कश्यप, हरिदत्त कसाना, कल्पना सिंह, बबीता चौधरी, दिग्विजय कश्यप, रामकिशन शर्मा, संदीप त्यागी, आरिफ रिजवी, अनस सैफी, जहूर खान, भिखारी लाल कश्यप, महेश दत्त शर्मा, लक्की कश्यप, प्रमोद कश्यप, विनोद गुप्ता सहित दर्जनों प्रदर्शनकारी मौजूद थे।

**यह है मामला**

नंदनगरी क्षेत्र की दीपा कश्यप एवं उनके साथ मौजूद महिलाओं के साथ मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला चर्चा में आया था। पुलिस जांच में गौ-तस्करी के आरोप निराधार पाए जाने के बाद सपना अग्रवाल सहित अन्य के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। अब पीड़ित पक्ष आरोपियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई और मुकदमे में गंभीर धाराएं बढ़ाने की मांग कर रहा है।

# सरिया व ट्रक के साथ चार वांछित चोर गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रबूपुरा।** बुधवार को कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र अंतर्गत दो दिन पूर्व सरिया लदे हुए ट्रक को चोरी करने वाले चार वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से ट्रक और चोरी का सरिया व घटना में प्रयोग दो बाइक बरामद की। गिरफ्तार अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया है।



दो दिन पूर्व कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गांव चचुरा के समीप रात के समय ट्रक ड्राइवर खाना खाने के लिए पास के होटल में गए थे। जब वह खाना खाकर वापस लौटे तो ट्रक गायब था। ट्रक ड्राइवर ने घटना की सूचना कोतवाली पुलिस में दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर ट्रक की तलाश शुरू की। बुधवार रात्रि में पुलिस टीम क्षेत्र अंतर्गत चचुरा गांव के समीप गश्त कर रही थी। तभी सड़क किनारे एक ट्रक दिखाई दिया। करीब जाकर देखा तो। ट्रक में बाइक चोरी का सरिया व पास में दो बाइकों पर सवार चार लोग दिखाई दिए। पुलिस टीम द्वारा पूछताछ करने पर चारों ने ट्रक चोरी करने की घटना स्वीकार की।

गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान मुरसलीम पुत्र चांदु कोतवाली दनकौर, गुलजार पुत्र अलीमुद्दीन निवासी सिकन्दराबाद, अमर पुत्र जहुल निवासी निवासी धो लाना, चुनमुन पुत्र मिथलेश निवासी जारचा के रूप में हुई। कोतवाली प्रभारी श्यामबाबू शुक्ला ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया है।

# पूर्व विधायक सुदेश शर्मा ने किया शिव कांवड़ सेवा शिविर का शुभारंभ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर ( अनवर खान )।** शिव कांवड़ सेवा संघ द्वारा तेल मिल गेट पर आयोजित कांवड़ सेवा शिविर का बुधवार को विधिवत शुभारंभ पूर्व विधायक पंडित सुदेश शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार एवं भगवान शिव के पूजन-अर्चन के साथ किया। इस अवसर पर शिवभक्तों की सुविधा के लिए लगाए गए सेवा शिविर में जलपान, विश्राम तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का भी शुभारंभ कराया गया।



इस मौके पर पं सुदेश शर्मा ने कहा कि श्रावण मास में कांवड़ यात्रा आस्था, सेवा और सनातन संस्कृति का अनुपम संगम है। शिवभक्तों की सेवा करना भगवान भोलेनाथ की आराधना के समान है। ऐसे सेवा शिविर समाज में सहयोग, समर्पण और धार्मिक सद्भाव की भावना को मजबूत करते हैं तथा युवाओं को भी सेवा कार्यों के लिए प्रेरित करते हैं। शिव कांवड़ सेवा संघ के पदाधिकारी ठाकुर बलदेव सिंह एवं नवीन गर्ग लाला जी ने संयुक्त रूप से कहा कि संघ पिछले कई वर्षों से निस्वार्थ भाव से शिवभक्तों की सेवा करता आ रहा है। प्रत्येक वर्ष श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शिविर का विस्तार किया जाता है, ताकि कांवड़ियों को यात्रा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि सेवा ही संघ का प्रमुख उद्देश्य है और भविष्य में भी यह परंपरा निरंतर जारी रहेगी।

शिविर के शुभारंभ के अवसर पर नवीन गर्ग लाला जी, ठाकुर बलदेव सिंह, अनिल सेन, प्रवीण मित्तल, मुकेश गुप्ता बालाजी, बिट्टू दयाल, मुकेश अग्रवाल, संजय गुप्ता (सोना साबुन वाले), व्यापारी नेता संजय गुप्ता सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अस्पताल में युवक की मौत, परिजनों ने लगाया जहर देकर हत्या का आरोप

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**चंदौसी।** बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव मझावली निवासी 32 वर्षीय गिर्राज पुरी की बुधवार को एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने गांव के कुछ लोगों पर पुरानी रंजिश के चलते जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

परिजनों के मुताबिक गिर्राज मंगलवार सुबह खेत जाने की बात कहकर घर से निकला था। काफी देर तक वापस न आने पर उसकी तलाश शुरू की गई। दोपहर करीब 1:30 बजे वह चंदौसी-अलीगढ़ रेलवे लाइन के पास राधा स्वामी सत्संग भवन के पीछे अचेत अवस्था में पड़ा मिला। आनन-फानन में उसे सीता रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान बुधवार को उसकी मौत हो गई।

मृतक के पिता नन्नू पुरी का आरोप है कि गांव के कुछ लोगों ने पुरानी रंजिश के चलते उनके बेटे को जहरीला पदार्थ देकर उसकी हत्या की है। मामले की सूचना मिलते ही बनियाठेर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थानाध्यक्ष बोविंद कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के वास्तविक कारणों का पता चलेगा। रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# प्रशांत यादव ने आईजीसी टीएससी थल सेना कैंप-2026 में रचा इतिहास

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**लखनऊ (सज्जाद बाकर)।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय (KMCLU) के बी.टेक द्वितीय वर्ष के छात्र और एनसीसी कैडेट एलसीपीएल प्रशांत यादव ने आईजीसी टीएससी थल सेना कैंप-2026 में शानदार प्रदर्शन कर उत्तर प्रदेश एनसीसी निदेशालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि के बदौलत लखनऊ ग्रुप ने 30 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद ओवरऑल ट्रॉफी-2026 अपने नाम की है।

इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के 11 एनसीसी ग्रुपों के 720 से अधिक कैडेटों ने भाग लिया था। प्रशांत के उत्कृष्ट प्रदर्शन, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता की बदौलत लखनऊ ग्रुप को यह सफलता मिली। विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. अजय तनेजा, रजिस्ट्रार श्री विकास और एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. बुशरा अलवेरा ने प्रशांत यादव को बधाई दी।

# चेकिंग के दौरान पुलिस ने दो वाहन चोर दबोच

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना ( संजीव वशिष्ठ )।** अपराध एवं वाहन चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना धौलाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान रावली नहर पुल के पास से दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से थाना क्षेत्र से चोरी की गई एक मोटरसाइकिल बरामद की है। धौलाना थानेदार अवनीश शर्मा के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों की पहचान फैसल पुत्र मोहम्मद निशार एवं अमीन पुत्र शाहिद निवासी कस्बा कटघर, जनपद मुरादाबाद के रूप में हुई है। आरोपियों के कब्जे से बरामद मोटरसाइकिल का पंजीकरण संख्या DL5SAR2543 है, जो थाना धौलाना में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 247/2026 से संबंधित है। इस संबंध में आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 303(2) एवं 317(2) के अंतर्गत वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई को थाना धौलाना की पुलिस टीम ने अंजाम दिया, जिसमें उपनिरीक्षक आकाश कुमार, हेड कांस्टेबल अनुज कुमार तथा कांस्टेबल दिलीप बलियान और सोनू शामिल रहे। धौलाना थानेदार अवनीश शर्मा ने बताया कि अपराध एवं वाहन चोरी की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के लिए थाना क्षेत्र में लगातार सघन चेकिंग और विशेष अभियान चलाया जा रहा है। यदि कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि में संलिप्त पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध कानून के अनुसार कठोर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है ।



# 20 पैरासिटामोल की गोलियां खाने से महिला की हालत गंभीर, मेरठ रेफर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गढ़मुक्तेश्वर (गुफरान अली)।** सिंभावली थाना क्षेत्र के गांव रझैटी निवासी 45 वर्षीय पूनम देवी की अधिक मात्रा में पैरासिटामोल की गोलियां खाने से अचानक तबीयत बिगड़ गई। हालत गंभीर होने पर परिजन उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सिखेड़ा लेकर पहुंचे। सीएचसी में चिकित्सकों ने महिला का प्राथमिक उपचार किया, लेकिन हालत में अपेक्षित सुधार न होने और गंभीर स्थिति को देखते हुए मेरठ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। अस्पताल प्रशासन ने घटना की सूचना सिंभावली थाना पुलिस को दी है।

परिजनों के अनुसार महिला ने करीब 20 पैरासिटामोल की गोलियां खा ली थीं। हालांकि यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि उन्होंने इतनी अधिक मात्रा में दवा किन परिस्थितियों में और किस उद्देश्य से ली। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



चिकित्सकों का कहना है कि किसी भी दवा का अधिक मात्रा में सेवन स्वास्थ्य के लिए गंभीर और जानलेवा साबित हो सकता है। बिना चिकित्सकीय सलाह के दवाइयों का सेवन नहीं करना चाहिए।

# पूजा-अर्चना के साथ शुरू हुआ 16वां विशाल कांवड़ सेवा शिविर एवं भंडारा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर ( अनवर खान )।** श्री बालाजी सेवा समिति आदर्श नगर के तत्वावधान में दिल्ली-मेरठ मुख्य मार्ग स्थित मोदी इंटर कॉलेज परिसर में बुधवार को 16वें विशाल कांवड़ सेवा शिविर एवं भंडारे का विधिवत पूजा-अर्चना के साथ शुभारंभ किया गया। शुभारंभ अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी हरेंद्र शर्मा ने कहा कि श्रावण मास में शिवभक्तों की सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। सेवा, समर्पण और सहयोग की भावना से संचालित यह शिविर वर्षों से कांवड़ यात्रियों की निस्वार्थ सेवा करता आ रहा है। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक सक्षम व्यक्ति को ऐसे धार्मिक एवं सेवा कार्यों में अपनी भागीदारी निभानी चाहिए। समिति से जुड़े शुभंकर गुप्ता ने बताया कि सभी सहयोगियों के सामूहिक प्रयास से विगत 16 वर्षों से कांवड़ सेवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में कांवड़ियों के लिए भोजन, जलपान, प्राथमिक चिकित्सा, विश्राम तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि सेवा ही समिति का मूल उद्देश्य है और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए स्वयंसेवक पूरे समर्पण के साथ कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर हरेंद्र शर्मा, कन्हैया लाल, विनय गर्ग, शुभंकर गुप्ता, सुनील गोयल, गोपाल गुप्ता, जगमोहन बंसल, सुरेंद्र गुप्ता, डॉ अनुपम गर्ग, राजीव सिंघल, देवी शरण गर्ग, अनुज मित्तल, पूर्व चेयरमैन राम आश्रय शर्मा, चेयरमैन विनोद वैशाली, सभासद अरुण खन्ना, शिवोम शर्मा सहित समिति के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



# राष्ट्रीय मानव अधिकार फाउंडेशन भारत ने विशाल कांवड़ सेवा शिविर का किया शुभारंभ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** राष्ट्रीय मानव अधिकार फाउंडेशन भारत द्वारा ओएफएम गेट के समीप विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर विशाल कांवड़ सेवा शिविर का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर शहर के गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों एवं संस्था के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने भगवान शिव का पूजन कर कांवड़ियों की सेवा का संकल्प लिया। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि कांवड़ यात्रा के दौरान प्रतिदिन हजारों शिवभक्त इस रोड से होकर गुजरते हैं। उनकी सुविधा को ध्यान में रखते हुए सेवा शिविर में भोजन, पेयजल एवं अन्य आवश्यक सेवाओं की व्यवस्था की गई है, ताकि श्रद्धालुओं को यात्रा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

इस दौरान भाजपा नेता नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष विकास तेवतिया, मुरादनगर थाना प्रभारी कृष्ण कुमार मौर्य, शहर के प्रमुख समाजसेवी विनोद जिंदल, सपा नेता जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि विकास यादव, भाजपा नेता विवेक गर्ग सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**मांग** आरोपी रोहित सक्सेना और उसके साथियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग

# नितिन मित्तल के समर्थन में वैश्य समाज और व्यापारियों ने किया प्रदर्शन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर ( अनवर खान )।** कस्बा रोड पर तीन दिन पूर्व भाजपा से जुड़े दो पक्षों के बीच हुई मारपीट के मामले में बुधवार को विभिन्न व्यापारी संगठनों, वैश्य समाज तथा भाजपा के कई पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने थाना मोदीनगर पहुंचकर इस मामले में घायल नितिन मित्तल के पक्ष में प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने घायल नितिन मित्तल के साथ मारपीट करने वाले आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी, मामूली धाराओं को संगीत धाराओं में तब्दील करने तथा आरोपियों के विरुद्ध गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की मांग की। इसके अलावा आरोपी की कॉल डिटेल्स के आधार पर इस तमाम प्रकरण के मास्टरमाइंड का पता लगाने की मांग भी की गई।




प्रदर्शन का नेतृत्व भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं व्यापारी नेता दिनेश सिंघल, व्यापारी नेता अमित गोयल तथा वैश्य समाज के प्रतिनिधियों ने किया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि मामले में निष्पक्ष, त्वरित और प्रभावी कार्रवाई होनी चाहिए। दिनेश सिंघल ने कहा कि व्यापारी नितिन मित्तल के साथ हुई मारपीट अत्यंत निंदनीय है। व्यापारी समाज अपने किसी भी व्यापारी के साथ इस प्रकार का अत्याचार और उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं करेगा। दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई और शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जानी चाहिए। वहीं अमित गोयल ने कहा कि व्यापारी समाज कानून पर पूरा विश्वास रखता है। अमित गोयल ने पूरजोर लहजे में कहा कि जैसा कि योगी सरकार में अपराधियों के साथ हो रहा है, उसी तर्ज पर दबंगता दिखाने वालों का पुलिस सरेराह पीटते हुए जुलूस निकाले ताकि अन्य को सबक मिल सके और व्यापारियों में सुरक्षा का विश्वास कायम हो। दिनेश सिंघल ने बताया कि थाना प्रभारी निरीक्षक आनंद प्रकाश मिश्रा अस्पताल पहुंचकर उपचाराधीन नितिन मित्तल से मिले हैं। उन्होंने चिकित्सीय रिपोर्ट के आधार पर मुकदमे में उपयुक्त धाराएं बढ़ाने तथा नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

इस अवसर पर व्यापारी नेता मुन्नू अग्रवाल, बृजभूषण बंसल, डॉ मुकेश गर्ग, महेश तायल, अजय गुप्ता, नीरज महेश्वरी, सतीश अग्रवाल, अरविंद अग्रवाल, सत्येंद्र गुप्ता, देवराज मित्तल, पीयूष गुप्ता, अंकुर गुप्ता, नवीन जायसवाल, ललित मित्तल सभासद, डॉ बबली गुर्जर, विनय मित्तल, देवेंद्र चौधरी, पिंकी चौधरी, प्रमोद सिंघल सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# आरडब्ल्यूए फेडरेशन के पदाधिकारियों ने कर्नल मुकेश त्यागी के निवास पहुंचकर स्वर्गीय क्रांति त्यागी को पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद।** आरडब्ल्यूए फेडरेशन, गाजियाबाद के चेयरमैन आर.के. गर्ग, महासचिव (प्रशासन) प्रीतम लाल एवं मीडिया प्रभारी गौरव बंसल ने वसुंधरा स्थित कर्नल मुकेश त्यागी के निवास पर पहुंचकर उनकी पूज्य माताजी स्वर्गीय श्रीमती क्रांति त्यागी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए तथा हाथ जोड़कर श्रद्धांजलि अर्पित की। फेडरेशन के पदाधिकारियों ने शोकाकुल परिवार से भेंट कर गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं और ईश्वर से प्रार्थना की कि वे दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोक संतप्त परिवार को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। इस अवसर पर आर.के. गर्ग ने कहा कि माता-पिता का स्नेह और आशीर्वाद जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। उनका निधन परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। आरडब्ल्यूए फेडरेशन इस दुःख की घड़ी में कर्नल मुकेश त्यागी एवं उनके समस्त परिवार के साथ खड़ा है।



# नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बरेली।** देवरनिया क्षेत्र से नाबालिग किशोरी को अगवा कर दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता की बरामदगी, बयान और मेडिकल रिपोर्ट के बाद पुलिस ने मामले को और गंभीर मानते हुए पॉक्सो एक्ट समेत दुष्कर्म की धाराएं बढ़ा दीं। बुधवार सुबह आरोपी को सेमीखेड़ा फाटक के पास से दबोच लिया गया।

31 जुलाई को पीड़िता के पिता ने देवरनिया थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उनकी नाबालिग बेटी को रोहित पुत्र सूरजपाल निवासी ग्राम रटा, थाना तिलहर (शाहजहांपुर) बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। विरोध करने पर आरोपी और उसके साथियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। शिकायत के आधार पर रोहित के अलावा शानू और शिब्बा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था।



गिरफ्तार

**सेमीखेड़ा फाटक पर घेराबंदी, आरोपी गिरफ्तार**

अन्य आरोपियों की भूमिका भी जांच के दायरे में

सकुशल मिली किशोरी, खुली वारदात की परतें

विवेचना के दौरान पुलिस ने एक अगस्त को किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया। इसके बाद न्यायालय में दर्ज कराए गए बयान और चिकित्सीय परीक्षण की रिपोर्ट सामने आने पर जांच की दिशा बदल गई। साक्ष्यों के आधार पर मुकदमे में दुष्कर्म से संबंधित धारा बढ़ाई गईं।

**सेमीखेड़ा फाटक पर घेराबंदी, आरोपी गिरफ्तार**

मामले में लगातार दबिश दे रही देवरनिया पुलिस ने बुधवार सुबह करीब 10:50 बजे सेमीखेड़ा फाटक के पास घेराबंदी कर मुख्य आरोपी रोहित को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उससे पूछताछ की और आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पूरी कर उसे न्यायालय में पेश कर दिया।

**अन्य आरोपियों की भूमिका भी जांच के दायरे में**

पुलिस का कहना है कि मुकदमे में नामजद अन्य आरोपियों की भूमिका की भी गहनता से जांच की जा रही है। विवेचना में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मामले की विवेचना जारी है।


# बारिश में बीएसए कार्यालय और प्रांगण में मौजूद स्कूल बना तालाब,बच्चे तैरते हुए दिखाई दिए

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बहजोई ( दिनेश सक्सेना )।** बारिश का मौसम चल रहा है जो एक तरफ ठंडक और चिलचिलाती गर्मी से राहत लेकर आया है वही दूसरी ओर यही मौसम खराब सड़कों पर जलभराव और प्रशासन की उदासीनता के कारण आमजन के लिए परेशानी और दुर्घटनाओं का कारण बनता है । सड़कों पर पानी से भरे अनदेखे गड्ढे पैदल राहगीर और वाहन चालकों के लिए दुर्घटना का सबब बनते हैं । ऐसे में कई लोग जान से हाथ धो बैठते हैं या कोई शारीरिक विकलांगता लिए कष्टदायक जीवन व्यतीत करने के लिए मजबूर हो जाते हैं । दूसरी ओर तालाब बनी सड़कें या प्रांगण बच्चों के लिए स्विमिंग पूल बन जाते हैं जिसमें अक्सर देखा जाता है कि पानी से भरे गड्ढों के कारण कई बार बच्चे जान से हाथ तक धो बैठते हैं ।

ऐसा ही नजारा बहजोई स्थित बी एस ए कार्यालय में बुधवार को हुई बारिश में देखने को मिला ।








**क्या है पूरा मामला**

बी एस ए कार्यालय में जूनियर हाईस्कूल के साथ साथ कस्तूरबा गांधी विद्यालय का संचालन भी होता है और अन्य शिक्षा विभाग के अधिकारियों के कार्यालय भी हैं । तो उसका नजारा कुछ इस तरह रहा कि जो सड़के कार्यालयों को एक दूसरे से जोड़ती हैं वो पानी में डूब गई और कई कार्यालयों और स्कूल कक्षाओं को जोड़ने के लिए तो सड़क तक नहीं है। जगह जगह कूड़े और मलबे के ढेर लगे हुए हैं । पूरे प्रांगण में हुए जलभराव का फायदा उठाने के लिए छोटे छोटे स्कूली बच्चों ने उसे स्विमिंग पूल समझते हुए उसमें नहाना और खेलना शुरू कर दिया जबकि प्रांगण में जगह जगह बहुत सारे गड्ढे भी हैं जिसकी जानकारी उन मासूम बच्चों को नहीं थी जिससे कोई भी आकस्मिक दुर्घटना हो सकती थी । अब इसे शिक्षकों या जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता नहीं कहा जाए तो क्या कहा जाए

**कितना संवेदनशील है मामला**

भारी बारिश से गड्ढे और जानवरों के बिल जलमग्न हो जाते हैं, उछलते कूदते बच्चों को नहीं पता कि गड्ढा कहाँ है तो ऐसे में पैर पड़ने या फिसलने से बच्चा गंभीर रूप से घायल या उसके साथ कोई भी दुर्घटना हो सकती है । दूसरा यह कि बिलों में पानी भरने से जहरीले सांप या कीड़े मकोड़े सुरक्षित स्थान की तलाश में अपने बिलों से बाहर निकल जाते हैं तो ऐसे में कोई जहरीला कीड़ा किसी नौनिहाल को काट भी सकता था ।

**ज़िम्मेदार कौन**

स्कूल में बच्चों के घुसने से लेकर निकलने तक की सुरक्षा और देखभाल की जिम्मेदारी शिक्षकों और संबंधित अधिकारियों की होती है, बी एस ए कार्यालय और अन्य कार्यालयों और अधिकारियों की उपस्थिति में यह छोटे बच्चे खुले आसमान के नीचे असुरक्षित माहौल में खेलकूद कर रहे थे तब क्या सबकी आँखें बंद थीं? आसमानी बिजली का वज्रपात और जहरीले कीड़ों के काटने का खतरा बच्चों के सिर पर मंडरा रहा था तब क्यों किसी जिम्मेदार का ध्यान बच्चों पर नहीं गया ? क्या यह संबंधित लोगों का प्रशासनिक और नैतिक दायित्व नहीं है कि बच्चों की सुरक्षा और देखभाल का उचित ध्यान रखा जाए। ऐसे में अगर किसी नौनिहाल के साथ कोई दुर्घटना हो जाती तो जिम्मेदार कौन होता यह सवाल निरंतर अनुत्तरित है ।

# स्वदेशी व्यापारी कुंभ को लेकर चंदौसी में चला व्यापारी संपर्क अभियान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के स्थापना दिवस पर 3 सितंबर को लखनऊ में आयोजित होने वाले स्वदेशी व्यापारी कुंभ को सफल बनाने के लिए चंदौसी में व्यापारी संपर्क एवं सदस्यता अभियान चलाया गया। युवा प्रदेश मंत्री शाह आलम मंसूरी और युवा जिला अध्यक्ष सागर गुप्ता के नेतृत्व में जराई गेट, लक्ष्मणगंज समेत विभिन्न क्षेत्रों में व्यापारियों से संपर्क किया गया।



सागर गुप्ता ने कहा कि ई-कॉमर्स और ऑनलाइन कंपनियों के बढ़ते प्रभाव के बीच व्यापारियों का संगठित होना समय की आवश्यकता है। वहीं शाह आलम मंसूरी ने बताया कि राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर प्रदेशभर में यह अभियान चलाया जा रहा है। चंदौसी में यह अभियान 3 सितंबर तक जारी रहेगा और अधिक से अधिक व्यापारियों से लखनऊ पहुंचने का आह्वान किया गया। अभियान में अभिनव सक्सेना, आशु सिंह, मोहम्मद आमिर, कर्म इलाही, मोहित सक्सेना, अजीत सिंह, ताहिर, अंकुर शर्मा, अवनीश चौहान, गौरव अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

# कांवड़ यात्रा से पहले नगर पालिका की बड़ी पहल, आवारा गौवंश को भेजा जा रहा गौशाला

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बहजोई/संभल।** श्रावण मास की कांवड़ यात्रा को सुरक्षित एवं सुचारु बनाने के उद्देश्य से संभल नगर पालिका ने विशेष अभियान शुरू किया है। अभियान के तहत शहर की सड़कों और प्रमुख मार्गों पर घूम रहे आवारा बछड़ों एवं निराश्रित गोवंश को पकड़कर गौशालाओं में भेजा जा रहा है। नगर पालिका की टीम द्वारा यह अभियान लगातार चलाया जा रहा है, जिससे कांवड़ यात्रियों और आम नागरिकों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में टीमों को सक्रिय रूप से गोवंश को सुरक्षित पकड़कर गौशाला पहुंचाते हुए देखा गया। स्थानीय लोगों ने नगर पालिका की इस पहल की सराहना की है। लोगों का कहना है कि सड़कों पर घूमने वाले आवारा पशुओं के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती थीं और कई लोग घायल हो चुके हैं। ऐसे में यदि इन पशुओं को गौशाला भेजा जा रहा है तो इससे सड़क हादसों में कमी आएगी और



लोगों को काफी राहत मिलेगी। नगर पालिका का कहना है कि कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# चंदौसी में बाल श्रम के खिलाफ चला अभियान, चार नाबालिग बाल श्रमिक कराए मुक्त

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय तथा महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन के निर्देशन में जनपद में चलाए जा रहे बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति एवं बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत बुधवार को चंदौसी में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग (एएचटी) थाना पुलिस और श्रम विभाग की संयुक्त टीम ने व्यापक जांच एवं जागरूकता अभियान चलाया।






अभियान के दौरान भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों और विभिन्न चौराहों पर स्थित 15 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। जांच में चार नाबालिग बच्चों को बाल श्रम करते हुए पाए जाने पर उन्हें रेस्क्यू कर बाल श्रम से मुक्त कराया गया। इसके बाद बच्चों की काउंसलिंग कर उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए आवश्यक प्रक्रिया शुरू की गई। वहीं अभियान के दौरान कोई भी बच्चा भिक्षावृत्ति करता हुआ नहीं मिला।

टीम ने प्रतिष्ठान संचालकों को 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों से किसी भी प्रकार का कार्य न कराने की चेतावनी देते हुए बताया कि बाल श्रम कराना कानूनन अपराध है। साथ ही आमजन को बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति और बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों की रोकथाम के लिए जागरूक किया गया तथा आपात स्थिति में 1098, 112, 181, 108, 1090 और 1076 हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई।

अभियान का नेतृत्व एएचटी प्रभारी निरीक्षक पवनवीर सिंह राणा ने किया। इस दौरान श्रम प्रवर्तन अधिकारी मोहम्मद आमिल खान सहित पुलिस एवं श्रम विभाग की संयुक्त टीम मौजूद रही।

# छात्र परिचय दिवस में नई छात्राओं को महाविद्यालय की गतिविधियों से कराया परिचित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी।** एनकेबीएमजी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बुधवार को छात्र कल्याण परिषद के तत्वावधान में शिक्षक-छात्र परिचय दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. अलका रानी अग्रवाल सहित शिक्षकों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। बीएड प्रथम वर्ष की छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। कार्यक्रम में छात्राओं का शिक्षकों से परिचय कराया गया तथा उन्हें अनुशासन समिति, एनसीसी, एनएसएस, रेंजर्स, खेलकूद एवं अन्य समितियों की जानकारी दी गई। साथ ही नियमित रूप से नोटिस बोर्ड और महाविद्यालय की वेबसाइट देखने के लिए प्रेरित किया गया।





प्राचार्य प्रो. अलका रानी अग्रवाल ने छात्राओं से अनुशासन, ज्ञानार्जन और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के विचारों का उल्लेख करते हुए लक्ष्य प्राप्ति तक निरंतर प्रयास करने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में छात्र कल्याण परिषद की प्रभारी डॉ. सपना अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर हीमोग्लोबिन जांच, एनीमिया से बचाव की दी जानकारी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी।** आराध्या वूमेन एंड चाइल्ड वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में खतियान मोहल्ला स्थित सरोजिनी नायडू जूनियर हाई स्कूल में बालिकाओं के लिए निःशुल्क हीमोग्लोबिन जांच एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में चिकित्सक डॉ. सोना मल्होत्रा ने बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर हीमोग्लोबिन की जांच की तथा एनीमिया से बचाव के लिए संतुलित आहार, स्वच्छता और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के बारे में जानकारी दी। जांच के बाद जरूरतमंद बालिकाओं को दवाइयां भी वितरित की गईं। संस्था की ओर से सभी बालिकाओं को पानी की बोतलें भेंट कर पर्याप्त मात्रा में पानी पीने और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया।



प्रधानाध्यापिका डॉ. दुर्गा टंडन ने कहा कि स्वस्थ बालिका ही सशक्त समाज और उज्ज्वल राष्ट्र की नींव होती है। वहीं संस्था की अध्यक्ष पूनम अरोड़ा ने कहा कि संस्था स्वास्थ्य, जागरूकता और सेवा के कार्यों को लगातार आगे बढ़ाती रहेगी।

कार्यक्रम में आयुषी गुप्ता, योगिता कोहली, मीनू आहूजा, बीनू शर्मा, अभिषेक गुप्ता, रानी अरोड़ा, रेखा, पूजा सहित संस्था के पदाधिकारी, विद्यालय स्टाफ, छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# परिवार परामर्श केंद्र में तीन दंपतियों का हुआ समझौता

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी (मयंक सक्सेना)।** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई के निर्देशन में गौशाला रोड स्थित पिंक चौकी पर



परिवार परामर्श एवं सुलह-समझौता केंद्र की बैठक महिला थानाध्यक्ष एवं केंद्र प्रभारी डॉ. रुकम पाल सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में कुल 16 प्रकरणों की सुनवाई की गई, जिनमें तीन मामलों का आपसी समझौते के आधार पर निस्तारण कर बिछड़े तीन परिवारों को पुनः मिलाया गया। इस दौरान काउंसलर श्वेता गुप्ता, संगीता भार्गव, उपनिरीक्षक महेश गंगवार, हेड कांस्टेबल रुचि सहित अन्य मौजूद रहे।

## निरीक्षण के दौरान 8:58 बजे विधालय में लटका मिला ताला, मांगा गया स्पष्टीकरण

# निरीक्षण के दौरान विधालय मिला बंद,नोटिस जारी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बहजोई/असमोली (दिनेश सक्सेना)।** विकास खंड के गांव सिरोली में प्राथमिक विद्यालय निरीक्षक के दौरान बंद पाया गया, जिससे नाराज बेसिक शिक्षा अधिकारी ने नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है।




यह एक स्कूल का मामला नहीं अधिकांश विद्यालयों का यही हाल है अगर विभागीय अधिकारी विद्यालयों में जाकर निष्पक्ष जांच करे तब सारा मामला सामने आएगा और शिक्षा में बदलाव आएगा अध्यापक अपनी जिम्मेदारी समझेंगे, परन्तु ऐसा संभव नहीं है इसी के चलते विद्यालयों का यह हाल है,कही देर से खुलते हैं,कही जल्दी बंद हो जाते है,कही मिड-डे को लेकर शिकायतें ऐसी अनेकों समस्या है और उनका एक ही कारण है,समय रहते स्कूलों की अधिकारियों के द्वारा जांच नही करना।

बंद पाये गये विद्यालय के बारे में जब बेसिक शिक्षा अधिकारी से बात की तब उन्होंने बताया की विधालय 8:58पर बंद पाया गया जिसको लेकर नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है उसके बाद विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

**मामला मेरे संज्ञान में आया है विधालय 8:58 बजे बंद पाया गया है, हमने नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है उसके बाद विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।**
**अल्का शर्मा बीएसए संभल।**

## दीक्षांत समारोह — कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने मनिका प्रीति पाण्डेय को स्वर्ण पदक प्रदान किया

# एमजीएम कॉलेज की छात्रा मनिका प्रीति पाण्डेय को मिला विश्वविद्यालय का स्वर्ण पदक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**संभल (मोहम्मद काशिफ)।** महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली के 24वें दीक्षांत समारोह में एम.जी.एम. कॉलेज, सम्भल की छात्रा मनिका प्रीति पाण्डेय को एम.ए. (अर्थशास्त्र) सत्र 2025-26 में विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। उन्होंने 79.10 प्रतिशत अंक हासिल कर यह उपलब्धि अपने नाम की।

विश्वविद्यालय के अटल सभागार में 4 अगस्त 2026 को आयोजित दीक्षांत समारोह में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने मनिका प्रीति पाण्डेय को स्वर्ण पदक प्रदान किया। इस उपलब्धि से एम.जी.एम. कॉलेज, अर्थशास्त्र विभाग और जनपद सम्भल का नाम गौरवान्वित हुआ है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. योगेन्द्र सिंह ने छात्रा को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि महाविद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता, शिक्षकों की मेहनत और अभिभावकों के विश्वास का परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि मनिका भविष्य में भी अपनी प्रतिभा और परिश्रम से महाविद्यालय एवं राष्ट्र का नाम रोशन करेंगी।



अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. निलेश कुमार ने कहा कि मनिका ने अनुशासन, निरंतर अध्ययन और समर्पण के बल पर यह सफलता हासिल की है। उन्होंने उम्मीद जताई कि वह उच्च शिक्षा एवं शोध के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय उपलब्धियाँ प्राप्त करेंगी।

सहायक आचार्य डॉ. शशिकांत गोयल एवं डॉ. अर्चना बंसल सहित महाविद्यालय के शिक्षकों और कर्मचारियों ने मनिका प्रीति पाण्डेय एवं उनके परिवार को बधाई देते हुए इसे महाविद्यालय के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया। उन्होंने कहा कि मनिका की सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी।

इस अवसर पर राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. निलेश कुमार, सहायक आचार्य डॉ. संजय बाबू दुबे, श्री दुष्यंत मिश्रा, डॉ. मोहम्मद नदीम, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. ऋतु भटनागर, फहीम अहमद, शिक्षक संघ के अध्यक्ष अजय कुमार तथा कार्यालय सहायक गौरव बाबू दुबे, अनुज एवं नितिन ने भी मनिका प्रीति पाण्डेय एवं उनके परिवार को बधाई और शुभकामनाएँ दीं। सभी ने इसे महाविद्यालय के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि मनिका की सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बनेगी।

# सरस्वती विद्या मंदिर की कमान संभालते ही अखिलेश कुमार शर्मा ने तय किया उत्कृष्ट शिक्षा का लक्ष्य

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**संभल (सय्यद अतहर अली)।** शहर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज को नया शैक्षिक नेतृत्व मिल गया है। शिक्षा के क्षेत्र में दो दशक से अधिक का अनुभव रखने वाले अखिलेश कुमार शर्मा ने प्रधानाचार्य पद का कार्यभार ग्रहण कर विद्यालय को शैक्षणिक उत्कृष्टता की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प लिया है। उनका कहना है कि विद्यालय में ऐसा वातावरण विकसित किया जाएगा, जहां विद्यार्थी केवल परीक्षा में ही नहीं, बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें।



अखिलेश कुमार शर्मा का शैक्षिक सफर उपलब्धियों से भरा रहा है। उन्होंने विद्या भारती के पूर्णतः आवासीय विद्यालय पार्वती प्रेमा जगती सरस्वती विहार, नैनीताल में शैक्षणिक प्रभारी के रूप में अपनी सेवाएं दीं। इसके बाद उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में प्रधानाचार्य रहते हुए विद्यालय के शैक्षणिक स्तर को नई दिशा प्रदान की। मुजफ्फरनगर में उनके नेतृत्व में एक यूपी बोर्ड विद्यालय को सफलतापूर्वक सीबीएसई बोर्ड से संबद्ध कराया गया। वर्ष 2004 से संचालित विद्यालय में वर्ष 2025 के दौरान जिले की सर्वश्रेष्ठ प्राइमरी विंग की स्थापना भी उनके प्रयासों का परिणाम रही। इतना ही नहीं, सरस्वती विद्या मंदिर, मुजफ्फरनगर में विद्या भारती के विद्यालयों की सबसे आधुनिक शूटिंग रेंज स्थापित कराने का श्रेय भी उन्हें प्राप्त है। उनके मार्गदर्शन में गत वर्ष विद्यालय के चार छात्र-छात्राओं ने जिले की प्रवीणता सूची में स्थान बनाकर संस्था का नाम रोशन किया। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने कहा कि उनका पहला लक्ष्य विद्यालय में अनुशासन, संस्कार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का ऐसा वातावरण तैयार करना है, जिससे बोर्ड परीक्षाओं में छात्र-छात्राएं उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करें। इसके साथ ही विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, खेल, सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों और आधुनिक शिक्षण पद्धतियों पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। विद्यालय परिवार ने नए प्रधानाचार्य का स्वागत करते हुए विश्वास जताया कि उनके अनुभव, दूरदृष्टि और नेतृत्व क्षमता से सरस्वती विद्या मंदिर शिक्षा के क्षेत्र में नई उपलब्धियां हासिल करेगा और जिले के अग्रणी शिक्षण संस्थानों में अपनी मजबूत पहचान बनाएगा।

# सर्किट हाउस मेरठ रोड़ पर कट रहे हरे पेड़ों के खिलाफ एनवायरमेंट क्लब का जोरदार प्रदर्शन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मेरठ।** विकास के नाम पर प्रकृति का विनाश नहीं होना चाहिए, हमें प्रकृति की सुरक्षा पहले सोचनी चाहिए क्योंकि प्रकृति बचेगी तो ही हम बचेंगे। ये बातें मेरठ के युवा पर्यावरण संगठन एनवायरमेंट क्लब के स्वयंसेवकों ने पुलिस के आगे बार बार दोहराई। गौरतलब है कि शहर में कई जगहों पर रोड़ चौड़ीकरण के नाम पर बड़े छायादार/फलदार पेड़ों की कटाई की जा रही है। एनवायरमेंट क्लब को सर्किट हाउस रोड़ पर पेड़ों की कटाई की सूचना मिली तो टीम ने पेड़ों के कटान वाले स्थान पहुँचकर विरोध प्रदर्शन किया। क्लब के सदस्यों ने कहा कि इस रोड़ पर पेड़ों की कटाई अनावश्यक रूप से हो रही है। बड़े बड़े नीम/ पिलखन के पेड़ काटे जा रहे हैं, इन पेड़ों का पर्यावरण में विशेष



महत्व होता है। पेड़ों का कटान विकास के नाम पर किया जाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है क्योंकि 25 वर्ष पुराने पेड़ों को काटकर उसकी प्रतिपूर्ति के लिए नन्हे पौधे रोपित किए जाते हैं जो उस पेड़ का आकार लेने में ही कई दशक लेंगे। ऐसे में प्रकृति का जो क्षय हुआ इससे कैसे निपटा जाएगा? प्रदर्शन के दौरान मत लो तुम पेड़ों की जान धरती होगी रेगिस्तान, पेड़ों के हत्यारे हाय हाय, पेड़ काटना पाप है, वृक्ष धरा का आभूषण है जैसे नारे भी लगाए। इस दौरान आमजन ने भी टीम का समर्थन किया। प्रदर्शन स्थल पर पहुँच पुलिस द्वारा आग्रह करने पर टीम ने प्रदर्शन समाप्त किया। इसी के साथ क्लब ने रूपरेखा भी बनाई कि बहुत जल्द इस संबंध में शासन को विरोध पत्र भी भेजा जाएगा।

प्रदर्शन करने वालों में आकाश, धान्या, शौर्य, कार्तिक, यश, कपिल, दीपांशी, अंशुमन, कृष्णा, पीयूष, कबीर, हर्षिता, अनुभव, विंदु, राजन, लक्ष्य, सावन आदि शामिल रहे।

# रक्षाबंधन पर राष्ट्रपति भवन में महामहिम राष्ट्रपति से मिलेंगी बुलंदशहर की बेटियां

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय, उत्तर प्रदेश द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के क्रम में जनपद बुलंदशहर के लिए एक ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण उपलब्धि सामने आई है। आगामी रक्षाबंधन के पावन पर्व पर जनपद बुलंदशहर के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (KGBV) की 05 छात्राएं और 01 खेल शिक्षिका नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में महामहिम राष्ट्रपति जी से मुलाकात करेंगी। इस विशेष कार्यक्रम के लिए देश भर से चुने गए 20 विद्यालयों में बुलंदशहर के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों को भी शामिल किया गया है।चयनित प्रतिभागियों में कु० तमन्ना (KGBV अनूपशहर), कु० प्रियांशी (KGBV लखावटी), कु० प्राची (KGBV बुलंदशहर नगर), कु० सोनी (KGBV बुलंदशहर नगर) और कु० चेतना (KGBV गुलावठी) शामिल हैं। इनके साथ टीम लीडर के रूप में खेल शिक्षिका सुश्री मिली अस्थाना (KGBV बुलंदशहर ग्रामीण) भी दिल्ली जाएंगी। सभी प्रतिभागी 27 अगस्त 2026 को नई दिल्ली पहुंचेंगे और 28 अगस्त 2026 को प्रातः 10:30 बजे महामहिम राष्ट्रपति जी से भेंट करेंगे। विभाग द्वारा सभी के लिए स्थानीय ट्रांसपोर्ट, भोजन एवं आवासीय व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इस अवसर पर जिला अधिकारी (DM) – श्री कुमार हर्ष द्वारा बताया गया की "यह पूरे बुलंदशहर जनपद के लिए अत्यंत गौरव का क्षण है कि हमारे कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की बेटियों को देश के सर्वोच्च नागरिक, महामहिम राष्ट्रपति जी से मिलने का सौभाग्य मिल रहा है। यह इस बात का प्रमाण है कि हमारी बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं।



ज़िला प्रशासन इन बालिकाओं की दिल्ली यात्रा, सुरक्षा और ठहरने की सभी व्यवस्थाओं को पूरी संवेदनशीलता के साथ सुनिश्चित करेगा। मैं सभी चयनित छात्राओं और शिक्षिका को इस स्वर्णिम अवसर के लिए बधाई व शुभकामनाएं देता हूँ।"

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (BSA) – श्री वीरेंद्र कुमार सिंह द्वारा बताया गया की "राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय से प्राप्त पत्र के अनुपालन में जनपद स्तर पर सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाएंगी। देश भर के चुनिंदा 20 विद्यालयों में बुलंदशहर के KGBV का चयन हमारी शिक्षा प्रणाली और बालिकाओं की मेहनत की एक बड़ी सफलता है। 27 अगस्त को सभी प्रतिभागियों को ससम्मान नई दिल्ली भेजा जाएगा और 29 अगस्त को उनकी सुरक्षित वापसी सुनिश्चित की जाएगी। इस यात्रा से हमारी अन्य छात्राओं को भी आगे बढ़ने की नई प्रेरणा मिलेगी।" और जिला समन्वयक (बालिका शिक्षा) - श्रीमती ऋचा राणा द्वारा बताया गया की "कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की पांच छात्राओं और हमारी खेल शिक्षिका का राष्ट्रपति भवन के लिए चयन होना विभाग और हमारे लिए एक भावुक और बेहद खुशी का पल है। ग्रामीण और वंचित पृष्ठभूमि से आने वाली इन बेटियों के लिए महामहिम से मिलना एक जीवन बदलने वाला अनुभव होगा। हम सुनिश्चित कर रहे हैं कि बालिकाओं को दिल्ली भेजने से संबंधित सभी दस्तावेजी और व्यावहारिक औपचारिकताएं समय से पूरी कर ली जाएं ताकि उन्हें किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

# कुन्दरकी में डीलरों ने कमीशन और मानदेय बढ़ाने की मांग दोहराई

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी )।** अपनी मांगों को लेकर राशन डीलर लामबंद हैं। बुधवार को डीलर राहिल के आवास पर हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि बुधवार से क्षेत्र में राशन वितरण कार्य नहीं होगा।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए पश्चिम यूपी अध्यक्ष अनिल चौधरी ने कहा कि महंगाई के दौर में डीलरों को 200 रुपये प्रति क्विंटल कमीशन और 30 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय मिलना चाहिए। मांग पूरी न होने पर आंदोलन आगे बढ़ाया जाएगा।

ब्लॉक अध्यक्ष उमंग ठाकुर ने बताया कि मांग पत्र को लेकर 8 अगस्त को खाद्य मंत्री मनोज पांडेय और 9 अगस्त को एमएसएमई मंत्री भूपेंद्र चौधरी को ज्ञापन सौंपा जाएगा। डीलरों का कहना है कि सरकार से



सकारात्मक पहल की उम्मीद है। अन्यथा आगे भी इसी तरह निर्णय लिए जाएंगे। बैठक में जिला अध्यक्ष हरवीर सिंह, तहसील अध्यक्ष अरविंद, सतपाल चौधरी के अलावा सुहैल, बलवीर, महबूब, इकबाल, नौशाद, राजेंद्र, दिलीप, शिव कुमार, सलीम, राजित सहित काफी संख्या में डीलर मौजूद रहे।

# औरंगाबाद में अवैध कब्जे दारों से मुक्त कराई लगभग 25 बीधा सरकारी जमीन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद में बुधवार को अवैध कब्जे दारों से राजस्व विभाग और नगर पंचायत की संयुक्त टीम ने लगभग पच्चीससे तीस बीघा सरकारी जमीन पर जबरन कब्जा हटवाकर कब्जा मुक्त कराया गया अवैध कब्जे हटाने के दौरान पीला पंजा जमकर गरजा। तमाम विरोध को दरकिनार करते हुए अधिकारियों ने बलपूर्वक अवैध कब्जे ढहा दिए। भारी पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा। एस डी एम सदर ने भी मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। एक जनहित याचिका दायर कर एडवोकेट प्रदीप कुमार लोधी ने माननीय उच्च न्यायालय से नगर पंचायत की गाटा संख्या 1758 पर सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे हटवाए जाने की मांग की थी। उच्च न्यायालय ने जिला प्रशासन को उक्त याचिका के मद्देनजर अवैध कब्जे चिह्नित कर उन्हें हटवाए जाने के आदेश दिए थे लेकिन अधिकारियों की हीलाहवाली के चलते अवैध कब्जे बरकरार रहे। नगर पंचायत के तत्कालिक अधिशासी अधिकारी सेवा राम राजभर ने नोटिस पे नोटिस जारी किए अनेक बार सार्वजनिक मुनादी करवा कर अवैध कब्जे दारों को चेताया लेकिन नतीजा सिफर रहा। माननीय उच्च न्यायालय ने उक्त स्थिति पर कड़ी नाराजगी जताते हुए नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी को 7अगस्त को व्यक्तिगत रूप से न्यायालय में पेश होने का हुक्म सुना दिया। तब जाकर नगर पंचायत के अधिकारियों ने राजस्व विभाग और पुलिस प्रशासन से अवैध कब्जे हटवाए जाने के लिए पर्याप्त पुलिस बल और राजस्व विभाग की उच्च स्तरीय टीम भेजने की मांग की। उप जिलाधिकारी सदर ने स्थिति की नजाकत भांपते हुए नौ सदस्यीय राजस्व टीम गठित कर बुधवार को अवैध कब्जे हटवाए जाने के निर्देश दिए।

बुधवार को राजस्व टीम और नगर पंचायत की संयुक्त टीम ने भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर अवैध कब्जे हटाने की कार्रवाई शुरू की। शुरू में अवैध कब्जे दारों ने एक जुट होकर कार्रवाई का विरोध किया लेकिन अधिकारियों के कड़क तेवरों के चलते उनकी एक नहीं चली। लगभग आठ घंटे पीला पंजा जमकर गरजा। एक ईंट भट्ठे पर भी पीला पंजा जमकर गरजा और उसकी चिमनी आदि धराशाई कर दी गई।

अधिकारियों के अनुसार लगभग 25से 30 बीघा सरकारी जमीन कब्जा मुक्त कराई गई है। एस डी एम सदर अंगद यादव ने भी मौके पर पहुंचकर अभियान का जायजा लिया और अधिनस्थों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

राजस्व टीम में नायब तहसीलदार औरंगाबाद संदीप कुमार गौरव,नायब तहसीलदार गुलावठी नेहा गुप्ता, राजस्व निरीक्षक सुंदर सिंह भाटी व सुरेश चंद्र, लेखपाल राजेश कुमार यादव, वेद कुमार उमेश कुमार रमेश कुमार सुशील कुमार, अधिशासी अधिकारी रोहित कुमार लिपिक किशोरी लाल विजय सिंह नेमपाल सिंह सहित तमाम नगर पंचायत कर्मचारी, सफाई कर्मचारी, थाना प्रभारी मनोज कुमार कस्बा चौकी इंचार्ज सौबरन सिंह,पी ए सी की बटालियन, एवं भारी पुलिस बल मौके पर तैनात रहा।

# पुण्यतिथि पर चौधरी सत्यपाल मलिक को कांग्रेसियों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर ।** पूर्व राज्यपाल एवं प्रख्यात किसान नेता स्वर्गीय चौधरी सत्यपाल मलिक की प्रथम पुण्यतिथि पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष एडवोकेट जियाउर्रहमान के नेतृत्व में कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल उनके पैतृक गांव हिसावदा (जनपद बागपत) पहुंचा और उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। यूपी कांग्रेस प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम एवं सहप्रभारी प्रदीप नरवाल के आह्वान पर जिले से पहुंचे कांग्रेसियों ने स्वर्गीय सत्यपाल मलिक को नैतिक मूल्यों और किसान, जवान के प्रति निष्ठा के लिए याद किया। कांग्रेस नेताओं ने स्वर्गीय चौधरी सत्यपाल मलिक के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

जिलाध्यक्ष एडवोकेट जियाउर्रहमान ने कहा कि चौधरी सत्यपाल मलिक एक निर्भीक, स्पष्टवादी और जनहित के प्रति समर्पित नेता थे। उन्होंने संवैधानिक पदों पर रहते हुए भी हमेशा सच का साथ दिया और किसानों, युवाओं तथा आम जनता के मुद्दों को पूरी



मजबूती से उठाया। उनके नैतिक मूल्य, ईमानदारी और सत्ता के सामने भी बेबाकी से अपनी बात रखने का साहस आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा।

उन्होंने कहा कि स्वर्गीय चौधरी सत्यपाल मलिक ने अपने सार्वजनिक जीवन में सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया। देश और समाज के प्रति उनकी सेवाओं तथा लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए किए गए संघर्ष को सदैव याद रखा जाएगा।

श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान, राजकुमार पंडित, भजनलाल विमल, हिमाचल गुर्जर, प्रज्ञा गौड़, नरेंद्र चौधरी, साजिद गाजी, कंट्रोल रूम प्रभारी नईम मंसूरी, सचिन वशिष्ठ, डॉ इरफान, इस्लामुद्दीन सैफी, दानिश कुरैशी, दिनेश शर्मा, सगीर अहमद, गुरबचन सिंह, इशू शर्मा, युवा प्रदेश महासचिव सुरेंद्र उपाध्याय, रिक्की सिरोही, अब्दुल करीम, प्रवीण गौड़, ऋतिक जाटव, अजय जाटव, अब्दुल रहमान मंसूरी, पूजा शर्मा, विकास शर्मा आदि मौजूद रहे ।

# कल्लूगढ़ी के जंगल में पेड़ से लटका मिला युवक का शव, पत्नी से विवाद के बाद आत्महत्या की आशंका, हत्या के एंगल से भी जांच जारी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** मसूरी थाना क्षेत्र की जेल चौकी के अंतर्गत आने वाले ग्राम कल्लूगढ़ी स्थित कब्रिस्तान के जंगल में बुधवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब ग्रामीणों ने

**पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार, एसीपी बोले–हर पहलू की निष्पक्ष जांच के बाद ही सामने आएगी मौत की असली वजह**

एक व्यक्ति का शव पेड़ से लटका हुआ देखा। सूचना मिलते ही मसूरी थाना पुलिस, जेल चौकी पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान अली मोहम्मद उर्फ बुल्ला (40) पुत्र दीन मोहम्मद, निवासी ग्राम कल्लूगढ़ी के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था, जबकि पूरे गांव में घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मृतक का अपनी पत्नी से कुछ समय से पारिवारिक विवाद चल रहा था, जिसके चलते वह मानसिक तनाव में था। बताया जा रहा है कि घर से नाराज होकर निकलने के बाद बुधवार सुबह उसका शव पेड़ से लटका मिला। मृतक अपने पीछे पत्नी और पांच बच्चों का परिवार छोड़ गया है। उसकी शादी लगभग 15 से 18 वर्ष पूर्व हुई थी। घटना की गंभीरता को





देखते हुए पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए हैं। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। साथ ही मृतक के मोबाइल फोन, कॉल डिटेल और अन्य परिस्थितिजन्य साक्ष्यों की भी जांच की जा रही है, ताकि मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके।

एसीपी मसूरी सुनील कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला पारिवारिक विवाद के बाद आत्महत्या का प्रतीत होता है, लेकिन अभी किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचना उचित नहीं होगा। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर ही मौत की वास्तविक वजह स्पष्ट हो सकेगी। यदि जांच के दौरान किसी प्रकार की आपराधिक साजिश या हत्या के संकेत मिलते हैं तो दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# शिव कांवड़ सेवा समिति मुरादनगर के तत्वाधान में कांवड़ सेवा शिविर एवं भंडारे का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** श्रावण मास के पावन अवसर पर शिव कांवड़ सेवा समिति मुरादनगर द्वारा हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी मुरादनगर बस स्टैंड के निकट बुधवार को वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ हवन-पूजन संपन्न कर शिव कांवड़ सेवा शिविर एवं भंडारे का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भगवान भोलेनाथ से सभी शिवभक्त कांवड़ियों की मंगलमय एवं सुरक्षित यात्रा की कामना की।

समिति द्वारा कांवड़ सेवा शिविर में भगवान भोलेनाथ के श्रद्धालु कांवड़ियों की सेवा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ की गई हैं, ताकि प्रत्येक शिवभक्त को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

सेवा शिविर में श्रद्धालुओं के लिए शुद्ध एवं सात्विक भोजन, चाय, दूध, फल, शीतल पेय एवं स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था की गई है।





इसके अतिरिक्त स्नान, विश्राम, प्राथमिक चिकित्सा, निःशुल्क दवाइयाँ, एम्बुलेंस, स्वच्छ शौचालय, साफ-सफाई, विद्युत एवं प्रकाश व्यवस्था सहित चौबीसों घंटे सेवा के लिए समर्पित स्वयंसेवकों की टीम तैनात रहेगी।

समिति के वरिष्ठ सदस्य संजीव त्यागी ने कहा कि, "कांवड़ियों की सेवा करना भगवान भोलेनाथ की सच्ची आराधना है। शिव कांवड़ सेवा समिति का उद्देश्य प्रत्येक शिवभक्त को सुरक्षित, सम्मानजनक और बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराना है। समिति के सभी कार्यकर्ता पूर्ण समर्पण एवं सेवा भाव के साथ दिन-रात शिवभक्तों की सेवा में लगे रहेंगे। अवसर प्रदेश मंत्री भाजपा बसंत त्यागी, एसडीएम कोमल पवार, जिला प्रचारक अतुल जी, अरविंद भारतीय, राजपाल त्यागी, संजीव त्यागी, आयुष त्यागी, मोहित त्यागी हुसैनपुर, सतीश चौधरी, सतीश त्यागी, सुबोध त्यागी, नितिन गोयल, हरिमोहन गोयल, योगगुरु अरविंद मास्टर, सुधीर मास्टर, बृजेश्वर निम्मी, विपिन चौधरी, विनोद जिंदल, सुनित त्यागी, अमरीश गोयल, बुध प्रकाश गोयल, प्रशांत खटीक, बिंदु त्यागी, गीता चौधरी, सोनिया त्यागी, ललित गोयल, डॉ नरेंद्र तेवतिया, नरेश कश्यप शैली त्यागी, दमयंती सिंह आदि सहित क्षेत्र सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

# राज्य ताइक्वांडो प्रतियोगिताः मुरादाबाद के खिलाड़ियों ने 23 पदक जीते

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** लखनऊ स्थित केडी सिंह बाबू स्टेडियम में 31 जुलाई से दो अगस्त तक आयोजित 42वीं सब जूनियर, 10वीं कैडेट, 44वीं जूनियर एवं 43वीं सीनियर राज्य ताइक्वांडो प्रतियोगिता में मुरादाबाद ताइक्वांडो एसोसिएशन के खिलाड़ियों ने 23 पदक अपने नाम किए।सचिव प्रज्ञा दुबे ने बताया कि कैडेट बालिका अंडर-44 किलोग्राम वर्ग में मानवी ने स्वर्ण पदक, जूनियर बालक अंडर-48 किलोग्राम वर्ग में कुमार शांतनु ने कांस्य पदक, फ्रेशर सब-जूनियर 50 किलोग्राम से अधिक भार वर्ग में मानस बंसल ने रजत पदक प्राप्त किया। स्वर्ण पदक विजेताओं में युग, दीपांशु पाल, हबीब, विधान, शिव आदित्य, अर्जुन, पार्थ, वीर, समर्थ, लक्की, आरुष और आशिता शामिल रहे। वेदांश, वैदिक, गौरव, अनिरुद्ध, आरु, कर्तव्य और देवांश ने रजत पदक जीते, जबकि अजलान ने कांस्य पदक हासिल किया।खिलाड़ियों ने यह उपलब्धि कोच आलोक कुमार, आद्या अग्रवाल, विधान उपाध्याय और अभिनव रस्तोगी के मार्गदर्शन में हासिल की। एसोसिएशन के पदाधिकारी अफजल हुसैन, मानवी, हुमाम अहमद, मानवी मेहरोत्रा, रोहित हंस, विक्रांत सिंह और शिवा त्यागी ने खिलाड़ियों का स्वागत किया।

# मुरादाबाद में"अवकाश के दिन खुले स्कूल"आठ को नोटिस जारी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** पेहल्गुम के अवकाश के बावजूद स्कूल खोलने पर डीआईओएस ने आठ विद्यालयों को नोटिस जारी किया है। उनका कहना है कि अवकाश तालिका भेजने के बावजूद स्कूल खोलना आदेशों की अवहेलना है। डीआईओएस रितु तोमर ने एसएस चिल्ड्रन अकादमी कांठ रोड, एसएस चिल्ड्रन गर्ल्स अकादमी सिविल लाइंस, नोसगे पब्लिक स्कूल, शिरडी साईं पब्लिक स्कूल, राजेंद्र अकादमी, सीएल गुप्ता वर्ल्ड स्कूल, मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल और एडम एंड ईव्स स्कूल को नोटिस जारी किया गया है। उनका कहना है कि प्रदेश के माध्यमिक विद्यालयों के लिए वर्ष 2026 की अवकाश तालिका निर्गत की गई है। जिसके आधार पर चार अगस्त को चेहल्लुम का अवकाश घोषित किया गया था। इसके बावजूद सोशल मीडिया के माध्यम से संज्ञान में आया है कि विभागीय आदेशों को न मानते हुए अवकाश के दिन भी कई विद्यालयों में पढ़ाई कराई गई। उन्होंने आठ स्कूलों को नोटिस जारी कर चेतावनी दी है कि भविष्य में आदेश न मानने पर कार्यवाही की जाएगी।

# दहेज में कार की मांग बनी मौत की वजह, विवाहिता की हत्या के मामले में पति गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**सरधना।** पोहल्ली गांव में दहेज हत्या के मामले में सरधना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मृतका के पति को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है, जबकि मामले में नामजद अन्य आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है।

रोहटा थाना क्षेत्र के चिंदौड़ी खास निवासी नवदीप ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उसकी 24 वर्षीय बहन प्रीति की शादी करीब चार वर्ष पहले पोहल्ली गांव निवासी अनिरुद्ध से हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष दहेज में कार की मांग कर रहा था। मांग पूरी न होने पर प्रीति को लगातार प्रताड़ित किया जाता था।



परिजनों के अनुसार करीब 15 दिन पहले प्रीति ने एक बेटे को जन्म दिया था। इसके बाद भी दहेज की मांग बंद नहीं हुई। आरोप है कि मंगलवार रात पति और ससुराल पक्ष के अन्य लोगों ने उसके साथ मारपीट की, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के भाई की तहरीर पर पति अनिरुद्ध, देवर धीरज, सास और ससुर के खिलाफ दहेज हत्या और दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने बुधवार को मुख्य आरोपी और मृतका के पति अनिरुद्ध को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। फरार अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद मृतका के परिजनों ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर मुख्यमंत्री से न्याय दिलाने और सभी आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है।

108 वें उर्स

## पहले सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां की कयादत में पारंपरिक परचमी जुलूस निकाला जाएगा

# आज से होगा 108 वें उर्स ए रजवी का आगाज, देश विदेश से आए हजारों जायरीन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बरेली।** आला हजरत इमाम अहमद रजा खान फाज़िले बरेलवी के 108वें उर्स-ए-रजवी का विधिवत आगाज आज शाम रजवी परचम (परचम कुशाई) की रस्म के साथ होगा। दरगाह प्रमुख हजरत मौलाना सुब्हान रजा खान (सुब्हानी मियां) अपने हाथों से देश-विदेश से आए जायरीन और उलेमा की मौजूदगी में परचम कुशाई की रस्म अदा करेंगे। इससे पहले सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां की कयादत में पारंपरिक परचमी जुलूस निकाला जाएगा।

दरगाह और उर्स स्थल इस्लामिया मैदान में तीन दिवसीय उर्स के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मंच, पंडाल, पुस्तक मेला, वुजूखाना, पूछताछ केंद्र, अस्थायी चिकित्सालय, शौचालय और पेयजल की व्यवस्थाएं पूरी हो चुकी हैं। जिलाधिकारी अविनाश सिंह के निर्देशन में नगर निगम ने इस्लामिया गेट से मुख्य मंच तक बालू, मोरंग, राबिश और बजरी डालकर अस्थायी सड़क तैयार कराई है, ताकि बारिश के बावजूद जायरीनों को आने-जाने में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

**फर्ज के बाद कुरआनख्वानी, शाम को निकलेगा परचमी जुलूस**

दरगाह के मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने बताया कि गुरुवार





को फज्र की नमाज के बाद दरगाह पर कुरआनख्वानी होगी। शाम पांच बजे आजम नगर स्थित हाजी अल्लाह बख्श के निवास से परचमी जुलूस निकलेगा, जिसकी कयादत मुफ्ती अहसन मियां करेंगे। जुलूस अपने पारंपरिक मार्ग कुमार सिनेमा, इंदिरा मार्केट और बिहारीपुर ढाल होते हुए दरगाह पहुंचेगा। यहां सलामी के बाद दरगाह प्रमुख सुब्हानी मियां की अगुवाई में जुलूस जिला परिषद मार्ग से इस्लामिया मैदान पहुंचेगा, जहां उर्स के औपचारिक शुभारंभ का ऐलान किया जाएगा।

**इस्लामिया मैदान में सजने लगीं किताबों की दुकानें**

उर्स-ए-रजवी के आगाज से पहले इस्लामिया मैदान में धार्मिक पुस्तकों की दुकानें सजने लगी हैं। देशभर के प्रकाशकों और विक्रेताओं ने आला हजरत की तालीमात, इस्लामी साहित्य, फतावा, नातिया संग्रह, कुरआन शरीफ, हदीस की किताबें, बच्चों के दीनी साहित्य और उर्दू-अरबी पुस्तकों के स्टॉल लगाने शुरू कर दिए हैं। इसके अलावा इत्र, टोपी, तस्बीह, जानमाज, चादर और अन्य धार्मिक सामान की दुकानें भी आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। उर्स में आने वाले जायरीन इन स्टॉलों से दीनी किताबों और धार्मिक वस्तुओं की खरीदारी कर सकेंगे।

**24 घंटे रहेगा चालू रहेगा मेडिकल कैंप रहेगा**

उर्स-ए-रजवी में आने वाले लाखों जायरीनों की स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस्लामिया मैदान में 24 घंटे संचालित अस्थायी मेडिकल कैंप स्थापित किया गया है। कैंप में डॉक्टरों की टीम, फार्मासिस्ट, नर्सिंग स्टाफ और आवश्यक दवाइयों की व्यवस्था की गई है। आपात स्थिति से निपटने के लिए एंबुलेंस भी तैनात रहेगी, ताकि किसी श्रद्धालु की तबीयत बिगड़ने पर तत्काल प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया जा सके और जरूरत पड़ने पर नजदीकी अस्पताल रेफर किया जा सके।

# मुरादाबाद मंडल में अभियोजन को मिलेगी नई गति : अपर निदेशक राजेश कुमार शुक्ला ने संभाला कार्यभार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादाबाद ।** उत्तर प्रदेश अभियोजन विभाग में प्रशासनिक एवं न्यायिक कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए अपर निदेशक अभियोजन श्री राजेश कुमार शुक्ला ने 31 जुलाई 2026 को मुरादाबाद मंडल का अतिरिक्त कार्यभार ग्रहण कर लिया है। वह पहले से ही बरेली मंडल के अपर निदेशक अभियोजन के रूप में कार्यरत हैं। उल्लेखनीय है कि श्री शुक्ला इससे पूर्व 12 नवंबर 2019 से 4 जुलाई 2023 तक जनपद मुरादाबाद में संयुक्त निदेशक अभियोजन के पद पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। स्थानीय न्यायिक एवं अभियोजन व्यवस्था का उनका अनुभव मंडल के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

कार्यभार ग्रहण करने के साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया है कि अभियोजन की गुणवत्ता, समयबद्ध न्याय तथा दोषसिद्धि की दर बढ़ाना सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। इसके लिए मंडल के सभी जनपदों में संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण वादों की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी।

उनकी प्राथमिकताओं में प्रत्येक जनपद के टॉप-10 अपराधी, 69 चिन्हित माफिया, महिलाओं के विरुद्ध अपराध, जिनमें बलात्कार, बलात्कार के साथ हत्या, अपहरण, दहेज मृत्यु, लज्जाभंग, शीलभंग एवं यौन उत्पीड़न के मामले शामिल हैं, विशेष रूप से रहेंगे। इसके अतिरिक्त एनडीपीएस एक्ट, गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम,हत्या, आपराधिक मानव वध, एसिड अटैक, जहरीली शराब से मृत्यु, डकैती, अपहरण, पॉक्सो अधिनियम, भारतीय न्याय संहिता, गोवध निवारण अधिनियम, आयुध अधिनियम, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम, विस्फोटक अधिनियम, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम



सहित कुल 29 श्रेणियों के मामलों की विशेष निगरानी की जाएगी।

श्री शुक्ला ने लंबित वादों के शीघ्र निस्तारण पर भी विशेष बल दिया है। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि जिन मामलों में अभियुक्त दोषमुक्त होते हैं, उनकी निर्णय की तिथि से 15 दिन के भीतर विमुक्ति आख्या समिति द्वारा अनिवार्य समीक्षा कराई जाए। यदि दोषमुक्ति न्यायोचित नहीं पाई जाती है तो एक माह के भीतर शासन को अपील का प्रस्ताव प्रत्येक दशा में भेजा जाए, जिससे किसी भी महत्वपूर्ण मामले में अपील की समय-सीमा प्रभावित न हो।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि गुण्डा एक्ट के अंतर्गत जिला बदर की कार्यवाहियों, गिरोहबन्द अधिनियम की धारा 14(1) के अंतर्गत संपत्ति कुर्की, साक्षी सुरक्षा योजना, उत्तर प्रदेश पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना तथा उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मीबाई महिला सम्मान कोष योजना से जुड़े प्रकरणों का भी त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित कराया जाएगा। सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित जनपदों की प्रगति में सुधार भी उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। इसके लिए गिरोहबन्द अधिनियम, पॉक्सो एक्ट, एससी/एसटी एक्ट, गुण्डा एक्ट तथा जघन्य अपराधों से संबंधित लंबित मामलों का अधिकतम निस्तारण कराकर मंडल के जनपदों की रैंकिंग बेहतर बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

इसके अतिरिक्त गोवध अधिनियम, गिरोहबन्द अधिनियम, एनडीपीएस एक्ट के वाणिज्यिक मामलों तथा अन्य जघन्य अपराधों में स्वीकृत जमानतों की प्रत्येक माह मंडल स्तर पर समीक्षा की जाएगी। जिन मामलों में विधिक आधार उपलब्ध होगा, उनमें जमानत निरस्तीकरण की प्रभावी कार्यवाही भी कराई जाएगी।

अभियोजन विभाग के अधिकारियों का मानना है कि श्री राजेश कुमार शुक्ला के अनुभव, न्यायिक दृष्टिकोण तथा अनुश्रवण आधारित कार्यशैली से मुरादाबाद मंडल में अभियोजन व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी तथा गंभीर अपराधों में दोषसिद्धि की दर बढ़ाने के साथ-साथ समयबद्ध न्याय सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण परिणाम प्राप्त होंगे।

# विद्युत समस्याओं के निस्तारण हेतु लगे" मेगा कैंप में 13 शिकायतों "का हुआ निस्तारण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ ( सुदेश बिश्नोई)।** शासन के निर्देश पर बुधवार को बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के कांठ के पुरानी तहसील परिसर स्थित उपखंड कार्यालय में एसडीओ सचिन रस्तोगी के नेतृत्व में मेगा कैंप का आयोजन



किया गया। इस मौके पर कुल 14 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 13 शिकायतों का निस्तारण किया गया’इस अवसर पर यशेंद्र कुमार (अस्सिटेंट इंजीनियर मीटर), अवर अभियंता कांठ नरेंद्र कुमार, अवर अभियंता आशुतोष कुमार( सलेमपुर-गढ़ी ), अवर अभियंता जगदीश प्रसाद (रसूलपुर गुर्जर), देवेंद्र कुमार( क्लर्क), मुस्तकीम ( बिलिंग क्लर्क), आदि मौजूद थे ।

# कुन्दरकी से कांग्रेसी नेता चौधरी अहसान खांन कार्यकर्ताओं के साथ बागपत रवाना, "किसान सम्मान दिवस" में लेंगे हिस्सा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कुन्दरकी ( एम.के. भारती सैफी)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल और प्रख्यात किसान नेता स्वर्गीय सत्यपाल मलिक की प्रथम पुण्यतिथि पर बुधवार को जनपद बागपत के ग्राम हिसावदा में किसान सम्मान दिवस का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में शिरकत के लिए जिला कांग्रेस कमेटी मुरादाबाद का प्रतिनिधिमंडल जिला अध्यक्ष विनोद गुंबर के नेतृत्व में बुधवार की सुबह कुन्दरकी से बागपत के लिए रवाना हुआ। बुधवार को 29 विधानसभा कुन्दरकी के संभावित कांग्रेस प्रत्याशी चौधरी अहसान खांन भी अपने कार्यकताओं के साथ निजी वाहन के साथ कार्यक्रम स्थल के लिए रवाना हुए। काफिले में कांग्रेस के झंडे और किसान एकता जिंदाबाद के नारों से माहौल गूंज उठा।



**कार्यक्रम का उद्देश्य**

कार्यक्रम में स्वर्गीय सत्यपाल मलिक को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। साथ ही किसानों के हितों, अधिकारों और सम्मान के लिए उनके अमूल्य योगदान को याद किया जाएगा। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में किसान हितों से जुड़े अहम मुद्दों पर चर्चा भी होगी।

**कुंदरकी से शामिल होने वाले प्रमुख कार्यकर्ता**

चौधरी दाऊद खान, मोहम्मद फारुख, इरफान खांन, बग्गा चौधरी, शावेज खांन, वहीद खांन, मुनाजिर खांन, सुरेंद्र और मनोज कुमार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता इस सम्मान दिवस में भाग लेने के लिए रवाना हुए। चौधरी अहसान खांन ने इस मौके पर कहा कि सत्यपाल मलिक किसानों की आवाज थे। उनके दिखाए रास्ते पर चलकर कांग्रेस किसानों के हक की लड़ाई को और मजबूत से लड़ेंगी।

# दहेज की मांग को लेकर नव विवाहिता का उत्पीड़न : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर अनेक लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ ( सुदेश बिश्नोई )।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर तीन तलाक दिए जाने और दहेज उत्पीड़न करने के मामले में आठ लोग फंस गए हैं। काशिफा निवासी नगर पंचायत उमरी कला का कहना था कि उसकी शादी पिछले साल आरिश पुत्र मेहंदी हसन निवासी इमरता थाना अजीम नगर जिला रामपुर के साथ हुई थी जिसमें हैसियत के हिसाब से




काफी दहेज दिया गया लेकिन ससुराल वाले उक्त दहेज से खुश नहीं थे और 12 लाख रुपए की मांग करते चले आ रहे थे मना करने पर उन्होंने शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया उसने माता-पिता से इस मामले की शिकायत की लेकिन उनके समझाने का भी उन पर कोई असर नहीं हुआ 5 जून को ससुराल वालें रिश्तेदारी में गए थे तब फिरोज उसके कमरे में घुस आया और डरा धमकाकर उसके साथ जबरदस्ती की शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी दे गया। इस मामले की शिकायत ससुराल वालों की तो उन्होंने धक्के देकर घर से निकाल दिया पीड़िता थाने पहुंची लेकिन उसकी कोई सुनवाई नहीं हुई अंत में उसने एसएसपी को पूरी बात बात कर एफआईआर दर्ज कराने की गुहार लगाई उनके आदेश से आरिस मेहंदी हसन फिरोज जरीना दिल्लो गुलनाज फैजान और फराह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# सड़कों पर गूंजा "हर-हर महादेव" हरिद्वार से गंगाजल लेकर अपने गांव को बढ़े शिवभक्त

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कुन्दरकी (एम.के. भारती सैफी )।** सावन का महीना और भक्ति का सैलाब। हरिद्वार की पावन हर की पैड़ी से पवित्र गंगाजल लेकर कांवरियों का जत्थें कुन्दरकी की सड़कों से होकर अपनी मंजिल की ओर लगातार बढ़ रहा है। बोल बम और "हर-हर महादेव" के जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया है।



**अकेले 51 लीटर कलश लेकर निकले अंशु**

जनपद बदायूं के थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के ग्राम दुरे की मड़ैय्यों गांव निवासी अंशु पुत्र वीरपाल 51 लीटर का कलश लेकर अकेले ही कावड़ यात्रा पर निकले हैं। भोले के परम भक्त अंशु ने बताया कि आज बुधवार को उनकी यात्रा का 11वां दिन है। शिव तेरस के पावन अवसर पर मंगलवार को उनके पास के गांव मनपुरी में शिव तेरस का मेला भी लगता है। वहीं स्थित शिव मंदिर में वो पवित्र गंगाजल से जलाभिषेक करेंगे।

# ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से बाइक सवार की मौत: कार्रवाई की मांग को लेकर ग्रामीण ने लगाया जाम, पुलिस ने चालक को पकड़ा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ ( सुदेश बिश्नोई )।** सामने से आ रही बाइक ट्रेक्टर से टकरा गई , जिससे बाइक सवार युवक की मौत हो गई। गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने कार्रवाई की मांग को लेकर जाम भीं लगाया। पुलिस के समझाने और कार्रवाई का भरोसा मिलने पर जाम को खोला गया।थाना क्षेत्र के गांव देहरी जुम्मन का रहने वाला नवनीत कुमार पुत्र तेजपाल मंगलवार की देर रात को बाइक द्वारा उमरी कलां चौराहा पर किसी काम से आया था, वह वापस अपने घर जा रहा था, जैसे ही वह कांठ-अमरोहा



मार्ग पर शाहूपुर गांव के पास पहुंचा तो सामने से आ रही तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे नवनीत गंभीर रूप से घायल हो गया, परिजन उसे अस्पताल ले गए, लेकिन उसे मृत घोषित कर दिया गया । गुस्साए परिजनों ने कांठ-अमरोहा मार्ग पर जाम लगा दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेश पाल सिंह के मुताबिक तहरीर के आधार पर ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक रिजवान पुत्र फुरकान निवासी शाहूपुरा थाना कांठ के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में लिया गया है।

# कुन्दरकी में गूंजी "या हक" की सदाएं, हाजी अल्लाह बख़्श की दरगाह पर आज से 64वें उर्स का पुरनूर आगाज

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कुन्दरकी (एम.के. भारती सैफी)।** रूहानियत और इश्क-ए-इलाही की खुशबू से महकती सरजमीन कुन्दरकी में आज जुमेरात से तीन दिवसीय 64वां उर्स मुबारक का आगाज बड़ी अकीदत व एहतेराम के साथ शुरू हो गया है।

कुन्दरकी नगर के मौहल्ला नूरूल्ला में पैंठ बाजार रोड के नजदीक मौजूद दरगाह हजरत हाजी अल्लाह बख़्श कादरी चिश्ती साबरी अलैहिर्रहमह का आस्ताना आज नूर से जगमगा रहा है। फिजाओं में दुरूद-ओ-सलाम और "या हक, या हक" की सदाएं गूंज रही हैं।

दरगाह के सज्जादानशीन सूफी मोहम्मद हाशिम मियां कि ब्ला कादरी चिश्ती साबरी ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस साल भी उर्स मुबारक मोहब्बत, भाईचारे और इंसानियत का पैगाम लेकर आया है।

**हजरत का फैज पूरे मुल्क में मशहूर**

हजरत हाजी अल्लाह बख़्श की दरगाह पर देश भर से जाएरीन की आमद का सिलसिला जारी है। यूपी, दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, पंजाब, मध्य प्रदेश और बिहार समेत कई रियासतों से अकीदतमंद अपनी मुरादें लेकर दर पर हाज़िर होते हैं। मान्यता है कि यहां से कोई भी खाली हाथ नहीं लौटता। बेरोजगार को रोजगार, बेऔलाद को औलाद और बीमार को शिफा मिलती है।


**तीन दिन का रूहानी प्रोग्राम**

पहला दिनः बाद नमाज-ए-फजर कुरान ख़्वानी, हल्का-ए-ज़िक्र, नूरे परचम, चादर पोशी व गुलपोशी। शब में पुरनूर महफि ल-ए-मिलाद शरीफ का प्रोग्राम होगा।

**दूसरा दिनः** बाद नमाज-ए-इशा महफि ल-ए-शमा। नामवर जाकिरीन हजरात हजरत के फजाइल व करामात बयान करेंगे।

**तीसरा दिनः** खानकाह-ए-आलिया से चादर पोशी व गुलपोशी का पुरतकल्लुफ जुलूस दरगाह पहुंचेगा। रात में महफिल-ए-शमा का एहतेमाम होगा।

नो अगस्त, इतवार को सुबह दस बजे कुल शरीफ की रस्म अदा होगी। इसके बाद मुल्क व कौम की सलामती, अमन-ओ-आमान और तरक्की के लिए खुसूसी दुआ व फातिहा होगी।






कुन्दरकी दरगाह हाजी अल्लाह बख़्श कादरी चिश्ती साबरी अलेहिररहम के सज्जादानशीन मोहम्मद हाशिम मियां साबरी व कुन्दरकी नगर में मौजूद हाजी अल्लाह बख़्श कादरी चिश्ती साबरी अलेहिररहम सरकार की दरगाह

दरगाह कमेटी के जिम्मेदार मोहम्मद आलम मियां साबरी ने बताया कि दूर-दराज से आने वाले जाएरीन के ठहरने का मुकम्मल इंतजाम किया गया है। पहले दिन से कुल शरीफ तक हर रोज लंगर-ए-शरीफ और तबर्रुक तकसीम होगा।

उर्स के पहले दिन से ही भारी तादाद में मर्द, खवातीन और बच्चे हाजरी देकर फैज हासिल कर रहे हैं। दरगाह पर नजर-ओ-नियाज का सिलसिला दिन-रात जारी है।

# मुरादाबाद की सड़कें "अब प्लास्टिक के कचरे" से बनेंगी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मुरादाबाद में रोजाना निकलने वाला प्लास्टिक कचरा अब लैंडफिल में नहीं जाएगा, बल्कि उसी से सड़कें तैयार होंगी। नगर निगम ने प्लास्टिक कचरे के उपयोग से सड़क निर्माण की योजना को अंतिम रूप दे दिया है। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल के अनुसार जल्द ही इस परियोजना की शुरूआत होगी। इसके तहत प्रतिदिन एकत्र होने वाले प्लास्टिक कचरे को अलग कर प्रोसेसिंग के लिए भेजा जाएगा। वहां इसे छोटे-छोटे टुकड़ों में तैयार कर गर्म बिटुमेन और एग्रीगेट (गिट्टी) के मिश्रण में मिलाया जाएगा, जिससे सड़क निर्माण किया जाएगा। इस तकनीक से बनी सड़कें सामान्य डामर सड़कों की तुलना में अधिक मजबूत, जलरोधी और लंबे समय तक टिकाऊ होती हैं। बारिश और भारी यातायात के कारण सड़क के जल्दी उखड़ने की समस्या भी कम होती है। साथ ही प्लास्टिक कचरे के निस्तारण की बड़ी चुनौती का समाधान भी मिलेगा।सड़क निर्माण में



प्लास्टिक सीधे नहीं डाला जाता। पहले पॉलीथिन, चिप्स व बिस्कुट के रैपर जैसे गैर-पुनर्चक्रण योग्य प्लास्टिक को साफ कर बारीक टुकड़ों में काटा जाता है। इसके बाद इन्हें गर्म एग्रीगेट पर चढ़ाया जाता है और फिर बिटुमेन मिलाकर सड़क बनाई जाती है। इस तकनीक को केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान ने विकसित और प्रमाणित किया है। देश में इस तकनीक का उपयोग बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली, नोएडा, इंदौर, लखनऊ और कई अन्य शहरों में पहले ही किया जा चुका है।

कर्नाटक में हजारों किलोमीटर सड़कें प्लास्टिक मिश्रित तकनीक से बनाई जा चुकी हैं। हाल के वर्षों में सीएसआईआर-सीआरआरआई ने प्लास्टिक आधारित नई सड़क तकनीकों पर भी सफल प्रयोग किए हैं। नगर निगम का मानना है कि इस पहल से शहर में प्लास्टिक कचरा कम होगा, सड़कों की गुणवत्ता बेहतर बनेगी और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

# 12 राजकीय विद्यालयों में" दो साल बाद भी पद" सृजित नहीं

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ ( सुदेश बिश्नोई )।** जनपद के 12 राजकीय विद्यालयों में दो वर्ष बाद भी पद सृजित नहीं हो सके हैं। ऐसे में बच्चों को पढ़ाने की जिम्मेदारी ई-पाठशाला के माध्यम से शिक्षक संभाल रहे हैं। डीआईओएस का कहना है कि शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए यह प्रयास किया गया है।मुरादाबाद जनपद में 50 राजकीय विद्यालयों में 9274 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। साथ ही लगभग 170 शिक्षक कार्यरत हैं। इन 50 स्कूलों में से 12 ऐसे विद्यालय हैं, जिनका संचालन शुरू हुए इस साल तीसरा वर्ष है, लेकिन अभी तक वहां पर पद सृजित नहीं हुए हैं। विद्यालय संचालन के लिए वहां पर अन्य राजकीय विद्यालयों से शिक्षकों को अटैच किया गया है। शिक्षकों का कहना है कि इस व्यवस्था से नए और पुराने दोनों ही विद्यालयों में पढ़ाई का संतुलन बिगड़ रहा है।

राजकीय इंटर कॉलेज मुरादाबाद में लगभग 550 विद्यार्थियों का नामांकन हैं। यहां पर 52 शिक्षकों के पद स्वीकृत हैं। इनके सापेक्ष सिर्फ 18 शिक्षक ही कार्यरत हैं। विद्यालय में अंग्रेजी, रसायन विज्ञान, अर्थशास्त्र, तर्कशास्त्र, समाजशास्त्र, भूगोल, जीव विज्ञान, गणित, जीव विज्ञान, कॉमर्स विषयों के प्रवक्ता नहीं हैं। यहां पर एलटी शिक्षक जिनके पास एमएससी में गणित या विज्ञान विषय रहा है, उनसे रसायन विज्ञान, बायोलॉजी व गणित विषय विद्यार्थियों की पढ़ाई करवाई जा रही है। शेष विषयों को ई-पाठशाला से जोड़ा जाता है।

# पूर्व विधायक भव्य बिश्नोई बने हरियाणा के भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष: बिश्नोई समाज ने भव्य स्वागत का लिया निर्णय

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** बिश्नोई समाज के लोगों की आज हुई बैठक में बिश्नोई रत्न से सम्मानित हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय भजन लाल के पौत्र हरियाणा के पूर्व विधायक भव्य बिश्नोई को हरियाणा भाजपा का प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर बधाई दी गई’ भव्य बिश्नोई का यहां आने पर भव्य स्वागत करने का निर्णय लिया गया ’ उल्लेखनीय है की भव्य बिश्नोई वरिष्ठ भाजपा नेता कुलदीप बिश्नोई के पुत्र हैं ’ बैठक को संबोधित करते हुए एडवोकेट प्रदीप बिश्नोई ने कहा कि भव्य बिश्नोई बिश्नोई समाज के युवा नेता हैं प्रदेश उपाध्यक्ष बनने से हरियाणा में भाजपा मजबूत होगी’ इस अवसर पर डॉ रविंद्र बिश्नोई, एडवोकेट योगेश बिश्नोई, ब्रह्मजीत, ( बिश्नोई सभा हरथला )हर ज्ञान सिंह (बिश्नोई सभा मीरपुर), एडवोकेट विजयवीर सिंह बिश्नोई,नरेश सिंह बिश्नोई (पूर्व अध्यक्ष



बिश्नोई मंदिर लोदीपुर) एडवोकेट दीपक बिश्नोई, एडवोकेट विवेक बिश्नोई आदि मौजूद थे ’ एडवोकेट प्रदीप बिश्नोई ने बताया कि भव्य बिश्नोई का यहां आगमन पर भव्य स्वागत किया जाएगा ।

**प्रतियोगिता**

## शूटिंग में 23वीं वाहिनी पीएसी मुरादाबाद का दबदबा

# कांठ तहसील के मतलबपुर फायरिंग रेंज में चल रही पांच दिवसीय प्रतियोगिता

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** 29वीं अंतर वाहिनी पीएसी पश्चिमी जोन अलार्म एफिशिएंसी रेस एवं शूटिंग प्रतियोगिता के दूसरे दिन मेजबान 23वीं वाहिनी पीएसी मुरादाबाद ने रायफल शूटिंग 200 गज (नीलिंग), 300 गज (प्रोन), 300 गज (स्नैप), 300 मीटर श्री पोजीशन और संयुक्त रायफल शूटिंग पुरानी स्पर्धा में खिताब जीते।कांठ तहसील के मतलबपुर फायरिंग रेंज पर चल रही प्रतियोगिता के दूसरे दिन रायफल शूटिंग 200 गज (नीलिंग) स्पर्धा में 23वीं वाहिनी पीएसी मुरादाबाद ने 163 अंक हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया,



जबकि 47वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद 153 अंकों के साथ उपविजेता रही।

व्यक्तिगत वर्ग में मुरादाबाद के आरक्षी साहिल अहलावत ने 84 अंक अर्जित कर पहला स्थान हासिल किया। रायफल शूटिंग 300 गज (प्रोन) में भी 23वीं वाहिनी ने 176 अंकों के साथ जीत दर्ज की, जबकि 41वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद 151 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रही। इस स्पर्धा में 23वीं वाहिनी मुरादाबाद के आरक्षी सचिन कुमार ने 91 अंक बनाकर पहला स्थान प्राप्त किया।वहीं 300 गज (स्नैप) स्पर्धा में भी मुरादाबाद की टीम 51 अंकों के साथ विजेता रही और 41वीं वाहिनी 31 अंकों के साथ उपविजेता रही। इस स्पर्धा में मुख्य आरक्षी नीरज सिंह ने 40 अंक बनाकर पहला स्थान हासिल किया। 300 मीटर श्री पोजीशन (नीलिंग, प्रोन व स्टैंडिंग) स्पर्धा में 23वीं वाहिनी पीएसी मुरादाबाद ने 225 अंकों के साथ खिताब जीता,जबकि 24वीं वाहिनी पीएसी मुरादाबाद 150 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रही। इस अवसर पर सह आयोजन सचिव/सहायक सेनानायक सूक्ष्म प्रकाश, सहायक सेनानायक सीमा यादव, सहायक सेनानायक महीपाल सिंह, मुख्य निर्णायक सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक मनोज कुमार विष्ट, जगदीश कनौजिया, सुभाष चंद्र, महेंद्र पाल सिंह गिल समेत अन्य वाहिनियों के अधिकारी-कर्मचारी एवं प्रतिभागी मौजूद रहे।300 मीटर रायफल शूटिंग में 23वीं वाहिनी के शुभम अव्वलः व्यक्तिगत वर्ग 300 मीटर रायफल शूटिंग स्पर्धा में 23वीं वाहिनी पीएसी मुरादाबाद के आरक्षी शुभम राठी ने 116 अंक अर्जित कर पहला स्थान प्राप्त किया। संयुक्त रायफल शूटिंग पुरानी स्पर्धा में भी 23वीं वाहिनी ने 746 अंक बनाकर पहला स्थान हासिल किया, जबकि 41वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद 469 अंकों के साथ उपविजेता रही। रायफल बिग बोर (प्रोन) 300 मीटर स्पर्धा में 41वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद ने पहला स्थान हासिल किया और 23वीं वाहिनी पीएसी मुरादाबाद दूसरे स्थान पर रही। इस स्पर्धा में गाजियाबाद के मुख्य आरक्षी तेजेंद्र सिंह ने 77 अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# मुरादाबाद के 145 ग्रामों में "गन्ने की फसल का हुआ सट्टा प्रदर्शन"

**बुलन्द सदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** जनपद के 145 गांवों में अभियान के तहत सट्टा प्रदर्शन हो चुका है लेकिन अभी 570 गांवों का सट्टा प्रदर्शन बाकी है। सट्टा प्रदर्शन के दौरान आई 48 कमियों को विभागीय अधिकारियों ने मौके पर निस्तारण किया।

सट्टा प्रदर्शन पूरे अगस्त तक जारी रहेगा।

जिले के मुरादाबाद, कांठ और बिलारी तहसील क्षेत्र में राजस्व ग्रामों की संख्या 926 है लेकिन जांच में पाया गया कि किसानों ने 715 गांवों में गन्ने की फसल की बुवाई की है।शासन के निर्देश पर 20 जुलाई से जिले के गांव-गांव में गन्ना समितियों और चीनी मिलों के माध्यम से सट्टा प्रदर्शन किया जा




रहा है। अभी तक मुरादाबाद तहसील के 134, कांठ के चार और बिलारी तहसील क्षेत्र के सात गांवों में सट्टे का प्रदर्शन किया गया है। इस दौरान विभाग के अधिकारियों ने 60 गांवों की कृषि योग्य भूमि, गन्ना क्षेत्रफल का मिलान गाटा संख्या से किया है। सट्टा प्रदर्शन के दौरान अभी 48 शिकायतें भूमि, मोबाइल नंबर बदलने संबंधी आई हैं। सभी आपत्तियों का निस्तारण कर दिया गया है।जिला गन्ना अधिकारी रामकिशन ने बताया कि उन्होंने बिलारी के ग्वारऊ गांव के सट्टा प्रदर्शन का निरीक्षण किया। जिला गन्ना अधिकारी ने उसे खसरा खतौनी प्रस्तुत करने की सलाह दी। अभी 570 गांवों का सट्टा प्रदर्शन बाकी है। इस बीच सट्टा प्रदर्शन की लगातार जांच की जा रही है।



# महारानी सीजन 4 के लिए तैयारी शुरू, रानी भारती बनकर कब लौटेंगी हुमा कुरैशी ?

बॉलीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी की लोकप्रिय सीरीज महारानी के अब तक 3 सीजन आ चुके हैं। सोनी लिव पर आए इस राजनीतिक ड्रामा में उन्होंने रानी भारती का किरदार निभाकर खूब वाहवाही बटोरी। खबर है कि निमार्ताओं ने सीरीज के चौथे सीजन को बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए मुख्य रचनात्मक टीम भी वापस आ रही है। इस हफ्ते से हुमा महारानी सीजन 4 की शूटिंग में व्यस्त हो जाएंगी। रिपोर्ट के मुताबिक, महारानी सीजन 4 का शूटिंग कार्य 6 अगस्त से शुरू किया जाएगा। अपने किरदार रानी भारती के रूप में अभिनेत्री फिर से वापसी करेंगी।कुछ वक्त शूटिंग करने के बाद, हुमा थोड़े समय के लिए ब्रेक लेकर आगामी फिल्म टॉक्सिकः ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स के प्रचार में जुटेंगी।यश अभिनीत ये फिल्म 26 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। इसमें हुमा के अलावा, कियारा आडवाणी, नयनतारा, रुक्मिणी वसंत और तारा सुतारिया भी हैं। रिपोर्ट के अनुसार, टॉक्सिक के प्रचार अभियान के बाद, हुमा बाकी बची शूटिंग पूरी करने के लिए महारानी के सेट पर वापस लौटेंगी।

# निम्रत कौर की सीरीज जॉब ट्रैफिकिंग का हुआ ऐलान, ऑनलाइन स्कैम की काली दुनिया से उठेगा पर्दा

निमरत कौर अपनी नई ओटीटी परियोजना जॉब ट्रैफिकिंग को लेकर चर्चा में आ गई हैं। ऑनलाइन घोटालों और धोखाधड़ी पर आधारित ये एक सर्वाइवल ड्रामा है, जिसकी शूटिंग उन्होंने शुरू कर दी है। वेब सीरीज में उनके साथ अभिनेता रोशन मैथ्यू, काव्या त्रेहन और पवन मल्होत्रा भी मुख्य किरदार निभाते नजर आएंगे। 8 एपिसोड वाली जॉब ट्रैफिकिंग का निर्माण सेलेक्ट मीडिया होल्डिंग्स और चॉकबोर्ड एंटरटेनमेंट के बैनर तले किया जा रहा है।

अमेजन प्राइम वीडियो ने जॉब ट्रैफिकिंग का ऐलान करते हुए इसका प्रोमो भी जारी किया है।

सीरीज जॉब ट्रैफिकिंग का निर्देशन फिल्ममेकर प्रशांत नायर ने किया है. उन्होंने ही इसकी कहानी को तैयार भी किया है. सीरीज को सेलेक्ट मीडिया होल्डिंग्स और चॉकबोर्ड एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनाया जा रहा है. वहीं, इसके प्रोड्यूसर प्रतीक खन्नूजा, समीर चंद, विकेश भूटानी और शुजात सौदागर हैं. बत दें, फिलहाल मेकर्स ने इसकी अनाउंसमेंट की है और साथ ही ये बताया है कि ये एक हाई-इंटेंसिटी सर्वाइवल ड्रामा होने वाली हैं, जिसमें इमोशंस, सस्पेंस और लड़ाई देखने को मिलेगी.

इस आठ एपिसोड की सीरीज में दमदार कलाकार नजर आने वाले हैं. एक्ट्रेस निमरत कौर इसमें लीड रोल में नजर आएंगी. इनके अलावा रोशन मैथ्यू, काव्या त्रेहान और दिग्गज एक्टर पवन मल्होत्रा भी अहम किरदार निभाते नजर आएंगे. बता दें, ये सभी किरदार अपने-अपने अलग अंदाज के लिए जाने जाते हैं. ऐसे में दर्शकों की उम्मीदें इन्हें लेकर काफी ज्यादा बढ़ गई हैं.




इसकी कहानी भारत और दक्षिण-पूर्व एशिया के बैकड्रॉप पर बुनी गई है, जो युवाओं को दूसरे देशों में बड़ी कंपनियों में सपनों की नौकरी का झांसा देकर होने वाली ठगी का आईना दिखाएगी। मुख्य रूप से निमरत की यह सीरीज पिग बुचरिंग नामक घोटालों की पड़ताल करती है। फिलहाल शूटिंग शुरू हो चुकी है और इसकी रिलीज तारीख का ऐलान होना अभी बाकी है। फिलहाल मेकर्स ने सीरीज की अनाउसमेंट की है और किरदारों के चेहरे से पर्दा उठाया है. वहीं, इसकी रिलीज डेट का अभी ऐलान नहीं किया गया है. फिलहाल सीरीज की शूटिंग चल रही हैं और माना जा रहा है कि कुछ महीनों बाद मेकर्स इसका ट्रेलर और रिलीज डेट भी जारी करेंगे।

# फिल्म भाई तेरा स्टार है में राघव जुयाल की बहन का किरदार निभाकर छाई पार्वती ओमनाकुट्टन

बॉलीवुड एक्टर और डांसर राघव जुयाल इन दिनों फिल्म भाई तेरा स्टार है को लेकर चर्चा में हैं. उनकी ये कॉमेडी फिल्म 30 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, लेकिन ये बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद के मुताबिक परफॉर्म नहीं कर रही. हालांकि, फिल्म की स्टारकास्ट लगातार सुर्खियां बटोर रही है. इसी बीच एक नाम जिसने लोगों का ध्यान खींचा है, वो है पार्वती ओमनाकुट्टन। पार्वती ओमनाकुट्टन फिल्म भाई तेरा स्टार है में राघव जुयाल (अजय) की बहन नताशा का किरदार निभा रही हैं. फिल्म में उनकी एक्टिंग को दर्शकों का अच्छा



रिस्पॉन्स मिल रहा है और सोशल मीडिया पर भी उनकी खूब तारीफ हो रही है. ऐसे में लोग जानना चाहते हैं कि आखिर पार्वती ओमनाकुट्टन कौन हैं और उनका अब तक का सफर कैसा रहा है।

पार्वती ओमनाकुट्टन जानी-मानी एक्ट्रेस, मॉडल और एक्स ब्यूटी क्वीन हैं. उनका जन्म 13 जुलाई 1987 को केरल के कोट्टायम में हुआ था, लेकिन उनकी परवरिश मुंबई में हुई थी. साल 2008 में उन्होंने फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड का खिताब अपने नाम किया था।

इसके बाद उन्होंने मिस वर्ल्ड 2008 प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व किया, जहां वो फर्स्ट रनर-अप रहीं. साथ ही उन्हें मिस वर्ल्ड एशिया एंड ओशियाना का खिताब भी मिला।

ब्यूटी पेजेंट में सफलता हासिल करने के बाद पार्वती ओमनाकुट्टन ने एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा. उन्होंने साल 2011 में फिल्म यूनाइटेड सिक्स से बॉलीवुड डेब्यू किया. इसके बाद वो तमिल फिल्म बिल्ला 2, हिंदी फिल्म पिज्जा और मलयालम फिल्म कसबा समेत कई फिल्मों में नजर आईं. पार्वती रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी 7 में भी नजर आ चुकी हैं. भाई तेरा स्टार है से पहले वो शॉर्ट फिल्म दोबारा में नजर आई थीं। पार्वती सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं. वो अक्सर अपने फोटोशूट, ट्रैवल डायरी और प्रोफेशनल अपडेट्स फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं. अपनी फिटनेस और ग्लैमरस अंदाज की वजह से भी वो काफी चर्चा में बनी रहती हैं. इंस्टाग्राम पर उन्हें 62.2 हजार से ज्यादा लोग फॉलो करते हैं।

# ओवरसीज में 'जना नायकन का धमाका, 11 दिनों में कमाए करोड़ों, ये तगड़ा रिकॉर्ड भी बनाया

'जना नायकन तमिलनाडु के सीएम थलपति विजय की आखिरी फिल्म है. इस पॉलिटिकल एक्शन ड्रामा को यूं तो मिले-जुले से लेकर खराब रिव्यू तक मिले बावजूद इसके ये फिल्म घरेलू और विदेशी बाजारों में अपनी कमाई बढ़ा रही है. खासकर ओवरसीज मार्केट में 'जना नायकन को दर्शकों से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल है और इसी के साथ इसने विदेशो में बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है. चलिए यहां 'जना नायकन की ओवरसीज की अब तक की कमाई जानते हैं।

'जना नायकन रिलीज से पहले ऑनलाइन लीक हो गई थी फिर इसे सीबीएफसी से सर्टिफिकेशन इश्यू के चलते काफी देरी का भी सामना करना पड़ा जिसके चलते लग रहा था कि इस पॉलिटिकल थ्रिलर फिल्म को थियेटर में चलने के दौरान काफी नुकसान हो सकता है लेकिन इसने 42.70 करोड़ रुपये की कमाई के साथ अच्छी शुरूआत ठीक रही थी। लोगों के मिक्स्ड रिव्यू के चलते बाद के दिनों में इसकी कमाई में गिरावट आई, लेकिन विजय के वफादार फैन बेस ने इसे बुरी तरह गिरने से बचा लिया.



इसी वजह से यह आसानी से करुप्पु (81.15 करोड़ रुपये) की कमाई को पीछे छोड़ते हुए विदेशी बाजार में 2026 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली कॉलीवुड फिल्म बन गई है। फिल्म की कमाई की बात करें तो रिलीज के11वें दिन, जना नायकन ने 4,321 शो में भारत में 10.70 करोड़ की नेट कमाई की. जिससे इसका भारत में कुल नेट कलेक्शन 175.60 करोड़ हो गया है वहीं ग्रॉस कमाई 204.92 करोड़ हुई है. वहीं विदेशों में, फिल्म ने 11वें दिन 3.00 करोड़ कमाए, जिससे ओवरसीज में इसका कुल ग्रॉस कलेक्शन 91.00 करोड़ हो गया है. इसी के साथ 'जना नायकन की वर्ल्डवाइड कमाई 295.92 करोड़ रुपये हो गई है। 91 करोड़ की कमाई के साथ, जना नायकन ने वाझा 2 (85.75 करोड़) को पीछे छोड़ दिया है और 2026 में ओवरसीज बॉक्स ऑफिस पर तीसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है. अब इसके निशाने पर दृश्यम 3 (111.7 करोड़) है जो लिस्ट में दूसरे नंबर पर है लेकिन जना नायकन के लिए इसे पछाड़ना मुश्किल है।

# अपनी दिनचर्या में लेमनग्रास को शामिल करने के लिए अपनाएं ये 5 तरीके

लेमनग्रास एक ऐसा पौधा है, जो न केवल आपके खाने का स्वाद बढ़ाता है, बल्कि आपकी सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद है। यह पौधा विटामिन-सी, पोटाशियम और मैंगनीज जैसे पोषक तत्वों से भरपूर होता है। इसके अलावा इसमें ऐसे गुण होते हैं जो शरीर की सफाई और सूजन को कम करने में मदद करते हैं। आइए जानते हैं कि रोजमर्रा की गतिविधियों में लेमनग्रास को कैसे शामिल किया जा सकता है ताकि इसका भरपूर फायदा मिल सके।



**सुबह की चाय में करें शामिल**

सुबह की चाय में लेमनग्रास डालने से इसका स्वाद और पौष्टिकता दोनों बढ़ जाते हैं।

इसे बनाने के लिए एक पैन में पानी उबालें और उसमें कुछ ताजे लेमनग्रास के पत्ते डालें। इसे 5-10 मिनट तक उबलने दें, फिर इसे छानकर पिएं। यह चाय न केवल आपको ताजगी देती है, बल्कि आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी मजबूत बनाती है और शरीर को साफ करने में मदद करती है।

**खाना बनाने में करें इस्तेमाल**

लेमनग्रास का इस्तेमाल आप अपने खाने में भी कर सकते हैं। यह करी, सूप और सब्जियों में एक अनोखा स्वाद जोड़ता है।

इसे इस्तेमाल करने के लिए सबसे पहले लेमनग्रास के डंठल को छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें और फिर इन्हें अपने व्यंजन में डालें। इससे न केवल खाने का स्वाद बढ़ेगा बल्कि इसमें मौजूद पोषक तत्व भी मिलेंगे, जो आपकी सेहत के लिए फायदेमंद हैं।

**सुगंध चिकित्सा के लिए करें इस्तेमाल**

लेमनग्रास का तेल सुगंध चिकित्सा में बहुत काम आता है। यह तनाव को कम करने और अच्छी नींद लाने में मदद करता है।

इसे इस्तेमाल करने के लिए एक सुगंध फैलाने वाले यंत्र में कुछ बूंदें लेमनग्रास तेल की डालें और इसे चालू कर दें।

अगर आपके पास यह यंत्र नहीं है तो एक कमरे में छिड़कने वाला घोल बना सकते हैं। इसके लिए पानी में कुछ बूंदें लेमनग्रास तेल मिलाकर बोतल में भर लें और कमरे में छिड़काव करें।

**त्वचा की देखभाल में सहायक**

लेमनग्रास तेल त्वचा के लिए बहुत फायदेमंद होता है। यह त्वचा की सफाई करता है, रोमछिद्रों को खोलता है और त्वचा की चमक बढ़ाता है।

इसे इस्तेमाल करने के लिए एक चम्मच नारियल तेल में 2-3 बूंदें लेमनग्रास तेल मिलाएं और इसे अपने चेहरे पर हल्के हाथों से मालिश करें, फिर गुनगुने पानी से धो लें। यह उपाय त्वचा को ताजगी और नमी प्रदान करता है, जिससे आपकी त्वचा स्वस्थ और चमकदार बनी रहती है।

**बालों की देखभाल करने वाला है**

लेमनग्रास तेल बालों की देखभाल करने में भी मदद करता है। यह सिर की खुजली को दूर करने, बालों की जड़ों को मजबूत बनाने और उन्हें चमकदार बनाता है।

इसके लिए एक चम्मच नारियल तेल में 2-3 बूंदें लेमनग्रास तेल मिलाएं और इसे अपने सिर की मालिश करें, फिर शैंपू से धो लें। इस तरह आप आसानी से अपने रोजमर्रा की गतिविधियों में लेमनग्रास को शामिल कर सकते हैं और इसका भरपूर फायदा उठा सकते हैं।

# स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभदायक है भिंडी, जानिए इसके फायदे

भिंडी एक लोकप्रिय सब्जी है, जो भारतीय रसोई में बहुत इस्तेमाल की जाती है। आमतौर पर इसे खाने में स्वादिष्ट माना जाता है, लेकिन इसके कई अनजाने स्वास्थ्य लाभ भी होते हैं। भिंडी में विटामिन, मिनरल्स और फाइबर की भरपूर मात्रा होती है, जो हमारे शरीर के लिए बहुत फायदेमंद हैं। आइए आज हम आपको भिंडी के सेवन से मिलने वाले स्वास्थ्य लाभों के बारे में बताते हैं।

**पाचन क्रिया को स्वस्थ रखने में है सहायक**

भिंडी का सेवन पाचन क्रिया के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसमें मौजूद फाइबर पाचन को सुधारने में मदद करता है और कब्ज जैसी समस्याओं से राहत दिलाता है।

इसके अलावा फाइबर भोजन को आसानी से पचाने में भी मदद करता है और आंत को स्वस्थ रखता है।

भिंडी में मौजूद प्राकृतिक तत्व भी पाचन क्रिया को बेहतर बनाने में योगदान देते हैं, जिससे पेट संबंधी समस्याओं का खतरा कम होता है।

**रक्त शर्करा को नियंत्रित करने में है कारगर**

भिंडी का सेवन रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने में मदद कर सकता है। इसमें प्राकृतिक गुण होते हैं, जो रक्त शर्करा को कम करने में सहायक होते हैं।

नियमित रूप से भिंडी खाने से इंसुलिन के स्तर में सुधार होता है, जिससे रक्त शर्करा को बेहतर तरीके से नियंत्रित किया जा सकता है।

हालांकि, आपको मधुमेह है तो डॉक्टर की सलाह के बाद ही अपनी डाइट में कुछ भी शामिल करें।



**वजन प्रबंधन में है मददगार**

अगर आप वजन घटाने की कोशिश कर रहे हैं तो अपनी डाइट में भिंडी को जरूर शामिल करें।

इसमें मौजूद फाइबर आपको लंबे समय तक भरा हुआ महसूस कराता है, जिससे आप कम कैलोरी लेते हैं।

इसके अलावा भिंडी में कम कैलोरी होती है, जिससे वजन घटाने में मदद मिलती है।

भिंडी का सेवन शरीर की ऊर्जा को बढ़ाता है, जिससे शरीर अधिक कैलोरी जलाता है और वजन घटाने में मदद मिलती है।

**आंखों के स्वास्थ्य के लिए है फायदेमंद**

भिंडी में विटामिन होते हैं, जो आंखों के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। ये विटामिन दृष्टि क्षमता को सुधारने में मदद करते हैं और आंखों की रोशनी को बेहतर बनाते हैं।

इसके अलावा इनमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स आंखों को हानिकारक तत्वों से बचाते हैं।

नियमित रूप से भिंडी खाने से आंखों की समस्याओं का खतरा कम होता है और आंखों की रोशनी साफ रहती है।

**गर्भवती महिलाओं के लिए है लाभकारी**

गर्भवती महिलाओं के लिए भी भिंडी बहुत फायदेमंद होती है क्योंकि इसमें फोलेट नामक तत्व होता है, जो गर्भ में बच्चे के विकास में अहम भूमिका निभाता है।

फोलेट गर्भावस्था के दौरान होने वाली समस्याओं से बचाव करता है।


इसके अलावा गर्भावस्था में होने वाली कमियों को दूर करने में भी सहायक है।

इसलिए गर्भवती महिलाओं के लिए इसे अपनी डाइट में शामिल करना फायदेमंद हो सकता है।

# छाया पब्लिक स्कूल में बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष का हुआ सम्मान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** गोविंदपुरी स्थित छाया पब्लिक स्कूल में मोदीनगर बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एड जगबीर सिंह का स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ अरुण त्यागी एवं विद्यालय स्टाफ ने माल्यार्पण कर स्वागत एवं सम्मान किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने उन्हें नवीन दायित्व के लिए शुभकामनाएं देते हुए सफल कार्यकाल की कामना की।



प्रधानाचार्य डॉ अरुण त्यागी ने कहा कि अधिवक्ता समाज न्याय व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्हें विश्वास है कि एडवोकेट जगबीर सिंह के नेतृत्व में बार एसोसिएशन निष्पक्षता, गरिमा और अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए प्रभावी ढंग से कार्य करेगी। वहीं नवनिर्वाचित अध्यक्ष एडवोकेट जगबीर सिंह ने सम्मान के लिए विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बार एसोसिएशन सभी अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा, संगठन की गरिमा बनाए रखने तथा न्यायिक व्यवस्था के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करेगी।

इस अवसर पर बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एड राजकुमार गुप्ता, पूर्व सचिव एड नकुल त्यागी, समाजसेवी कौशल वशिष्ठ सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# दिल्ली मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का जनता से वादा: हर शिकायत का होगा तय समय में समाधान

**दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 5 अगस्त को जन सेवा सदन में एक जन सुनवाई की और शहर भर के नागरिकों की शिकायतें सुनीं। सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार, उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को सभी मामलों को जल्द से जल्द सुलझाने को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि जन-सुनवाई न केवल शिकायतों के समाधान का एक मंच है, बल्कि यह जनता का भरोसा मजबूत करने और सुशासन के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करने का भी एक माध्यम है। इस सुनवाई में जन-कल्याण से जुड़े कई मुद्दों पर चर्चा हुई, जिनमें पेंशन, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, आयुष्मान भारत योजना, संपत्ति से जुड़े मामले और नियमितीकरण शामिल थे। हर मामले की बारीकी से समीक्षा करने के बाद, रेखा गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे तेजी से कार्रवाई करें, तय समय-सीमा में समाधान सुनिश्चित करें और यह पक्का करें कि हर पात्र व्यक्ति को सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले। खास तौर पर पेंशन से जुड़ी शिकायतों पर ध्यान देते हुए, उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे हर मामले की अलग-अलग जांच करें और यह सुनिश्चित करें कि सभी पात्र लोगों को तय समय-सीमा के भीतर लाभ मिल जाए। इस सेशन में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं, जिनमें से कई ने 'दिल्ली लक्ष्मी योजना' के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने इसे एक अहम पहल बताया जो महिलाओं के सम्मान, आत्मनिर्भरता और आर्थिक सुरक्षा को प्राथमिकता देकर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाती है। मुख्यमंत्री ने उनके समर्थन के लिए उन्हें धन्यवाद दिया और महिलाओं के सर्वांगीण विकास और आत्मनिर्भरता के प्रति अपनी सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। रेखा गुप्ता ने कहा कि जन-सुनवाई सिर्फ. शिकायतें सुनने का मंच नहीं है, बल्कि यह जनता और सरकार के बीच भरोसे का एक पुल है।



## बच्चों को गली सडी सब्जियां खिलाना पड़ा भारी, नोटिस जारी

# कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में खिलायी जा रही हैं सड़ी गली सब्जियां, गरीब बच्चों के स्वास्थ्य से हो रहा है खिलवाड़

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**बहजोई (दिनेश सक्सेना)।** सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय जिसमें बेटियों को शिक्षित और स्वाबलंबी बनाने के लिए निःशुल्क आवास खाना और शिक्षा सरकार द्वारा दी जाती है । लेकिन कुछ लोग सरकार की इस योजना पर एक बदनुमा दाग बन जाते हैं । निजी स्वार्थ और लालच के लिए योजना में भ्रष्टाचार कर बच्चों के स्वास्थ्य उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ करते हैं ।

**यह है पूरा मामला**

ऐसा ही एक मामला कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय स्थित ग्राम सारंगपुर ब्लॉक पंवासा तहसील चन्दौसी से सामने आया है । विद्यालय में छात्राओं को दूषित और सड़ी गली सब्जियां परोसी जा रही हैं और उनके स्वास्थ्य से खिलवाड़ किया जा रहा है । बच्चों के खाने में भारी अनियमितता बरती जा रही है , खाने के नाम पर उन्हें सड़ी गली सब्जियां और प्रदूषित खाना दिया जा रहा है। यह कोई पहली बार नहीं किया जा रहा है, पिछले कई वर्षों से उक्त विद्यालय से ऐसी शिकायतें आती रही हैं जिन्हें बाद में अधिकारियों द्वारा ठंडे बस्ते में डाल औपचारिकताएं पूरी कर दी गई हैं। अधिकारियों के नियमित निरीक्षण और देखभाल होने के बाद भी यह सब किसकी शह पर चलता रहा, क्या अधिकारियों ने अपने कर्तव्य का निर्वाहन नहीं किया या जानबूझकर आंखे मूंद ली गई। यह तो सिर्फ एक विद्यालय का मामला है, इस बात की क्या गारंटी है कि अन्य विद्यालयों में भी बच्चों का हक मारकर उनके स्वास्थ्य से खिलवाड़ नहीं किया जा रहा होगा

**विभागीय स्पष्टीकरण और प्रतिक्रिया**

इस गंभीर लापरवाही के संबंध में जानकारी करने हेतु जब डिस्ट्रिक कॉर्डिनेटर रंजना राजपूत से फोन द्वारा संपर्क का प्रयास किया गया तो उन्होंने कॉल ही नहीं उठाई, ऐसा ही उदासीन रवैया इन्होंने पूर्व में की गई शिकायतों को लेकर भी दिखाया था । बी एस ए अलका शर्मा ने पूछने पर बताया कि मामला संज्ञान में आया है कि बच्चों को सड़ी गली सब्जियां और दूषित भोजन परोसा जा रहा है, सब्जियों की खरीद और खाना वितरण कार्य वार्डन द्वारा किया जाता है इस संबंध में संबंधित वार्डन को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण माँगा गया है, दोषी पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**अनियमितता और कर्तव्यों के प्रति उदासीनता किसकी ज़िम्मेदारी**

यदि वार्डन द्वारा वर्षों से सड़ी गली सब्जियां और दूषित भोजन बच्चों को परोसा जा रहा था तब संबंधित उच्च अधिकारी कौनसा सर्वेक्षण/निरीक्षण करते रहे हैं जिसमें यह भारी गड़बड़ी उन्हें कभी दिखाई नहीं दी । अधिकारियों का यह रवैया उनकी भूमिका और कर्तव्यपरायणता को संदिग्ध बनाता है । देखना यह है कि क्या इस सारे प्रकरण की एकमात्र जिम्मेदार वार्डन ही है या फिर कलम की पावर का इस्तेमाल कर फिर से बड़ो को बचाकर एक छोटे कर्मचारी पर सारा आरोप मढ़कर सुविधानुसार अन्य जिम्मेदारों को बचा दिया जाएगा ।

**कितना खतरनाक है सड़ी गली सब्जियां खाना**

सड़ी-गली सब्जियां खाने से बच्चों को सबसे बड़ा खतरा फूड पॉइजनिंग (खाद्य विषाक्तता) और गंभीर पेट के संक्रमण का होता है। बच्चों का इम्यून सिस्टम (रोग प्रतिरोधक क्षमता) और पाचन तंत्र वयस्कों की तुलना में बहुत कमजोर और संवेदनशील होता है, इसलिए वे दूषित भोजन से बहुत जल्दी और गंभीर रूप से बीमार पड़ जाते हैं। सड़ी-गली सब्जियों में पनपने वाले बैक्टीरिया और फंगस के कारण बच्चों में घातक बीमारियां जैसे डायरिया, टाइफाइड, हेपिटाइटिस ए, डीहाइड्रेशन आदि जोकि जानलेवा हो सकते हैं ।

## बिल्डर-पुलिस की कथित मिलीभगत बेनकाब

# अवैध गेस्ट हाउस का भंडाफोड़ करने वाले पत्रकार पर ही कार्रवाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पहाड़गंज के नबी करीम क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित गेस्ट हाउसों और कथित देह व्यापार के नेटवर्क का खुलासा करने के बाद पत्रकार के खिलाफ पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई को लेकर विवाद गहरा गया है। विश्व पत्रकार महासंघ के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष विक्रम गोस्वामी ने इस पूरे प्रकरण की कड़ी निंदा करते हुए आरोप लगाया कि यदि किसी पत्रकार ने जनहित से जुड़े गंभीर मुद्दे को उजागर किया है और उसके बाद उसी पत्रकार के विरुद्ध कार्रवाई होती है, तो इससे पुलिस की निष्पक्षता पर सवाल उठना स्वाभाविक है। उन्होंने मामले की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कर दोषी पुलिस अधिकारियों तथा कथित मिलीभगत में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

मामला नई दिल्ली के पहाड़गंज स्थित नबी करीम थाना क्षेत्र के आर्य नगर का है, जहां स्थानीय निवासियों द्वारा लंबे समय से शिकायत की जा रही थी कि BLUE BERRY, THE YUVAAN और BLUE BELLS BED AND BREAKFAST जैसे प्रतिष्ठानों में बेड एंड ब्रेकफास्ट की आड़ में नियमों की अनदेखी करते हुए कथित रूप से अवैध गतिविधियां और जिस्मफरोशी का कारोबार संचालित किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना था कि इन गतिविधियों के



कारण क्षेत्र का माहौल लगातार बिगड़ रहा था और कई बार शिकायतों के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही थी। इन शिकायतों को आधार बनाकर क्राइम हिलोरे न्यूज ग्रुप ने इस मुद्दे को प्रमुखता से प्रकाशित किया। खबर सामने आने के बाद प्रशासन और वरिष्ठ अधिकारियों ने मामले का संज्ञान लिया। इसके बाद आर्य नगर स्थित नियमों के विरुद्ध संचालित बताए जा रहे ब्लू बेल्स बेड एंड ब्रेकफास्ट के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे बंद करा दिया गया।

इस कार्रवाई का स्थानीय नागरिकों ने स्वागत किया और उम्मीद जताई कि क्षेत्र में संचालित अन्य अवैध गेस्ट हाउसों के विरुद्ध भी इसी प्रकार की कार्रवाई होगी।

हालांकि, इसके बाद घटनाक्रम ने नया मोड़ ले लिया। पुलिस पर बिल्ड़र के दवाब में आकर पुलिस आरोप लगाया गया है कि नबी करीम थाना पुलिस ने बंद कराए गए प्रतिष्ठान के मालिक के दबाव में आकर खबर प्रकाशित करने वाले पत्रकार के विरुद्ध ही दंड प्रक्रिया संहिता की निरोधात्मक धाराओं 107/150 के तहत कार्रवाई कर दी। इस कार्रवाई के बाद कई पत्रकार संगठनों और स्थानीय नागरिकों में भारी नाराजगी देखी जा रही है।

विश्व पत्रकार महासंघ के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष विक्रम गोस्वामी ने कहा कि यदि किसी पत्रकार ने जनहित में अवैध गतिविधियों को उजागर किया और उसके परिणामस्वरूप प्रशासन ने कार्रवाई भी की, तो उसके बाद उसी पत्रकार को कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़े, यह लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के लिए चिंताजनक स्थिति है।

# कुत्तों के आतंक से दहला संभल,आये दिन कर रहे हैं हमला

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बहजोई (मोहम्मद फिरोज)।** सम्भल में खतरनाक कुत्तों का आतंक लोग जी रहे हैं खतरे के साए में कुत्तों के डर से छोटे बच्चों को घर से निकलना दुश्वार हो गया है, खतरनाक कुत्तों के सामने जानवर हो या इंसान सभी पर कर रहे हैं हमला 3 दिन पहले सराय तरीन में एक आदमी पर कुत्तों ने हमला कर उसे घायल कर दिया आज भी मोहल्ला डेरे सराय में एक बकरी को कुत्तों ने अपना शिकार बनाया इसी तरहा मोहल्ला दीपा सराय ठंडी कोठी के पास लोहुसैन की बकरी को अपना शिकार बनाया कुत्तों के सामने जोभी आता है कुत्तों का झुंड भाग कर हमला करता है लोगों का कहना है के हर आदमी अपने अपने काम पर जाता है इस बात की फिकर लगी रहती है के घर पर बच्चे रह गए हैं कही बाहर ना निकल जायें कभी



कुत्ते अपना शिकार ना बनाले लोगों का कहना है कि नगर पालिका को लोगों की जान की फिकर होनी चाहिए और जितने भी सड़क पर खतर नाक कुत्ते फिरते दिखाई दे पकड़ ने का काम करें जिससे लोगों के दिल से कुत्तों डर दूर हो जाए।

# मिली इजाजत, बुर्के में कांवड़ लेकर आएगी तमन्ना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (सय्यद अतहर अली)।** असमोली क्षेत्र के गांव बदनपुर बसई निवासी तमन्ना मलिक पति अमन त्यागी के साथ बीते वर्ष हरिद्वार से बुर्का पहनकर कांवड़ लेकर आई थी और क्षेमनाथ तीर्थ पर जलाभिषेक किया था। तमन्ना मलिक ने इस वर्ष भी बुर्के में कांवड़ लाकर जलाभिषेक करने का ऐलान किया था। पुलिस ने दंपति को थाने बुलाकर समझाया था और शांति व्यवस्था का हवाला देकर नोटिस भी दिया था। एसडीएम विकास चंद्र की तरफ से भी दोनों को नोटिस जारी कर धारा 126/ 130/ 131के अंतर्गत कार्रवाई की गई थी और 3 अगस्त को दोनों को 20-20 हजार रुपये के मुचलका पर पाबंद किया गया था। मंगलवार को अमन त्यागी ने एसडीएम कार्यालय में पहुंचकर पुलिस व प्रशासन की इस कार्रवाई पर आपत्ति जताई थी। बुधवार को प्रशासन द्वारा तमन्ना मलिक को एसडीएम द्वारा छूट दी गई कि वह अपनी मर्जी से कांवड़ लेकर आ सकती है, प्रशासन द्वारा बुर्का पहनने पर भी किसी प्रकार की बाध्यता नहीं है।



# 35 बीघा भूमि प्रकरण में प्रशासन की बड़ी कार्रवाई: बाजार गंज में आठ संपत्तियों का हुआ चिन्हीकरण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (सय्यद अतहर अली)।** सरायतरीन के बाजार गंज स्थित नगर पालिका की कथित 35 बीघा भूमि से जुड़े बहुचर्चित प्रकरण में प्रशासन ने

## संपूर्ण जांच रिपोर्ट तैयार कर जिलाधिकारी को भेजी जाएगी

जांच प्रक्रिया तेज कर दी है। रजिस्ट्रार कार्यालय से प्राप्त वर्ष 1984 के विक्रय पत्र और संशोधन पत्र के आधार पर बुधवार को राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर संबंधित संपत्तियों की पैमाइश और सत्यापन का कार्य किया। घंटों चली इस कार्रवाई में दस्तावेजों में दर्ज नौ में से आठ संपत्तियों का चिन्हीकरण कर लिया गया, जबकि एक संपत्ति की स्थिति स्पष्ट न होने के कारण उसकी पैमाइश अब गुरुवार को की जाएगी।



बुधवार सुबह सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार सोनी के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम बाजार गंज पहुंची। टीम अपने साथ वर्ष 1984 का विक्रय पत्र और उसी वर्ष सितंबर माह का संशोधन पत्र लेकर पहुंची थी, जिनमें नौ अलग-अलग संपत्तियों का उल्लेख दर्ज है। अधिकारियों ने मौके पर दस्तावेजों का मिलान करते हुए एक-एक संपत्ति का सत्यापन शुरू किया। लंबी जांच के दौरान टीम को आठ संपत्तियां मौके पर मिल गईं, जिनका चिन्हीकरण भी कर लिया गया। हालांकि अभिलेखों में दर्ज एक संपत्ति का मिलान नहीं हो सका।

प्रशासन का कहना है कि इस संपत्ति के संबंध में गुरुवार को दोबारा मौके पर पहुंचकर पैमाइश और जांच की जाएगी। जांच के दौरान संबंधित पक्ष के सईदउद्दीन अथवा उनके प्रतिनिधि मौके पर उपस्थित नहीं हुए। इसे देखते हुए प्रशासन अब उन्हें औपचारिक रूप से नोटिस जारी करेगा, ताकि वे निर्धारित समय में अपना पक्ष और यदि कोई आपत्ति हो तो उसे प्रस्तुत कर सकें। सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार सोनी ने बताया कि जांच के दौरान जिन आठ संपत्तियों का सत्यापन किया गया, उनमें लगभग 1,250 वर्ग मीटर (अभिलेखों के अनुसार) क्षेत्रफल की विभिन्न संपत्तियां शामिल हैं। इनमें 315, 416, 338 और 224 वर्गगज क्षेत्रफल के भूखंडों पर निर्मित एक मंजिला, दो मंजिला और तीन मंजिला दुकानें भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि संबंधित पक्ष को नोटिस जारी कर आपत्तियां मांगी जाएंगी। इसके बाद संपूर्ण जांच रिपोर्ट तैयार कर जिलाधिकारी को भेजी जाएगी, जिसके आधार पर अग्रिम प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की इस कार्रवाई पर पूरे क्षेत्र की नजर बनी हुई है, क्योंकि यह मामला नगर पालिका की कथित भूमि से जुड़ा होने के कारण लंबे समय से चर्चा का विषय रहा है।

## व्यवस्थाएं परखी | कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए ज़िला अधिकारी ने गाजियाबाद जिले को चार जोन में बांटा

# डीएम और अपर पुलिस आयुक्त ने कांवड़ व्यवस्था का जायजा लेकर व्यवस्थाएं परखी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** कांवड़ यात्रा को सकुशल, सुरक्षित और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आरहा है। जिलाधिकारी सहित जिले के अन्य अधिकारी बार बार कांवड़ यात्रा व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे हैं। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड और अपर पुलिस आयुक्त राजकरण नैयर ने गंगनहर स्थित कांवड़ यात्रा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने सफाई व्यवस्था की सराहना करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ ने बताया कि कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए गाजियाबाद जिले को चार जोन में बांटा गया है। प्रत्येक जोन में सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात हैं। कांवड़ मार्ग पर बिजली के पोल प्लास्टिक से ढके गए हैं ताकि दुर्घटना न हो। जिले में चार कंट्रोल रूम स्थापित हैं, जिनमें से एक मुरादनगर में संचालित है। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण कर कांवड़ियों से बातचीत की। जिलाधिकारी ने बताया कि इस वर्ष 5 करोड़ से अधिक शिव भक्तों के आने की संभावना है, श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए प्रशासन ने सभी विभागों को हाई

अलर्ट कर रखा है और अत्यधिक संसाधनों की भी व्यवस्था की गई है गंग नहर में बड़े जलस्तर को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था और अधिक सख्त कर दी गई है किसी भी संभावित दुर्घटना से निपटने के लिए एनडीआरएफ के प्रशिक्षित गोताखोर और राहत एवं बचाव दलों को संवेदनशील स्थानों पर तैनात किया गया है इसके साथ ही चिकित्सा टीमों और एंबुलेंस को भी हर समय तैयार रहने के निर्देश दिए गए हैं। डीएम ने निरीक्षण के दौरान नगर पालिका परिषद के सफाई कर्मचारियों से भी भेंट की। अपर पुलिस आयुक्त नैयर ने बताया कि कांवड़ यात्रा की सुरक्षा के लिए जिले में 4 हजार से अधिक पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। इसके अलावा कांवड़ मित्र भी बनाए गए हैं संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। ड्रोन कैमरों के माध्यम से भी पूरे कांवड़ मार्ग पर नजर रखी जा रही है। इस दौरान उप जिलाधिकारी कोमल पंवार, सहायक पुलिस आयुक्त सुनील कुमार भारद्वाज और थाना प्रभारी केके मौर्य समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।





मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया।
अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267